सूर्योदय 7:19 सूर्यास्त 5:45

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 8 न्यू | 18.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,570.35 |
| निफ्टी | 25,694.35 |
| सोना 1,41,717 | चांदी 2,82,720 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | सोमवार, 19 जनवरी 2026 | 6 माघ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 23, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


## न्यूज शॉर्ट्स

### डिजिलॉकर से जुड़ेगा राज्य लोक सेवा आयोग

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, तेज और डिजिटल बनाने के लिए राज्य लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) में डिजिलॉकर सुविधा लागू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके तहत बार-बार प्रमाणपत्र अपलोड करने और सत्यापन की चिंता खत्म होगी। मुख्य सचिव संजय गुप्ता की ओर से सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों और उपायुक्तों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कार्मिक विभाग की ओर से जारी पत्र में कहा है कि राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिविजन, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुरोध पर राज्य लोक सेवा आयोग में डिजिलॉकर का एकीकरण किया जा रहा है। इसके तहत अब अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरते समय अपने शैक्षणिक, श्रेणी और उप श्रेणी से संबंधित प्रमाणपत्र सीधे डिजिलॉकर से प्राप्त कर अपलोड कर सकेंगे।

### दिल्ली और एनसीआर में लागू किया ग्रैप-4

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की स्थिति गंभीर होने पर ग्रैप-4 को लागू कर दिया गया है। प्रदूषण बढ़ने के साथ ही दिल्ली सरकार की तरफ से स्कूलों के लिए नया आदेश जारी हुआ है। आदेश के अनुसार, स्कूलों में नौवीं क्लास तक और 11वीं क्लास के बच्चों की क्लासेज हाइब्रिड मोड में चलेंगी। अब कमिशन ऑफ एयर क्वालिटी मैनेजमेंट की तरफ से नर्सरी से नौवीं तक और 11वीं क्लास को हाइब्रिड मोड में तुरंत प्रभाव से क्लासेज लेने का फैसला लिया गया है। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी लेटर में कहा गया कि दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप 4 लागू होने के बाद से दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त, गैर-सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के सभी हेड को निर्देश दिया जाता है कि वे अगली सूचना तक तुरंत प्रभाव निर्देशों का पालन करें। (अनंत ज्ञान)

### इंडोनेशिया में लोगों को ले जा रहा विमान लापता

**एजेंसी, जकार्ता।** इंडोनेशिया में 11 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान रविवार को रडार से गायब हो गया। विमान जावा द्वीप से सुलावेसी द्वीप की ओर जा रहा था और पहाड़ी इलाके में पहुंचते ही ग्राउंड कंट्रोल से उसका संपर्क टूट गया। अधिकारियों के मुताबिक, विमान में 8 क्रू मेंबर और 3 यात्री सवार थे। इसके बाद सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। अभी किसी के जीवित या मृत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हादसे के बाद हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंडोनेशियाई सरकार में मंत्री ने कहा कि विमान में समुद्री मामलों और मत्स्य पालन मंत्रालय के तीन कर्मचारी सवार थे। वे इलाके में संसाधनों की हवाई निगरानी के मिशन पर थे। लापता हुआ टर्बोप्रॉप एटीआर 42-500 विमान इंडोनेशिया एयर ट्रांसपोर्ट का था। यह विमान योग्याकार्ता से दक्षिण सुलावेसी की राजधानी की ओर जा रहा था। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- जोलसप्पड़ मेडिकल कॉलेज तैयार, फर्नीचर की दरकार -पेज 2
- निष्पक्ष और त्वरित जांच से बढ़ेगी अपराध मामलों में दोषसिद्धि -पेज 3
- नई सीवरेज योजना में देरी पर भड़के विधायक जम्वाल -पेज 6
- उपमुख्यमंत्री मुकेश ने सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण -पेज 10
- सिरमौर के 251 स्कूलों को मिला अफसरों का मार्गदर्शन -पेज 12


### मुख्यमंत्री सुक्खू बोले–तीन साल में प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में होंगे क्रांतिकारी बदलाव

# हेल्थ में नंबर वन बनेगा हिमाचल : सीएम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए जायका चरण–दो के तहत 1300 करोड़ रुपए व्यय करेगी। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्षों में स्वास्थ्य संस्थानों को विश्व स्तरीय उपकरणों से लैस करने के लिए लगभग 3000 करोड़ खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि तीन साल में प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव होंगे। अगले तीन साल में हिमाचल स्वास्थ्य क्षेत्र में देश का नंबर वन राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री शनिवार सायं पीटरहॉफ, शिमला में प्रदेश के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, खंड चिकित्सा अधिकारियों व चिकित्सा अधीक्षकों के साथ आयोजित राज्य स्तरीय संवाद सत्र को संबोधित कर रहे थे।

लगभग साढ़े चार घंटे तक चले इस संवाद सत्र के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विषयों पर निर्णय लेते हुए मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया तथा अधिकारियों को स्पष्ट दिशा–निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य प्रशासन को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रशासनिक ढांचे में वित्तीय शक्तियों का विकेंद्रीकरण किया जाएगा। सीएमओ, बीएमओ और एमएस को और अधिक वित्तीय अधिकार प्रदान किए जाएंगे। प्रक्रियाओं को सरल एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से वित्तीय नियमों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता व्यवस्था से संबंधित निर्णय लेने और उससे जुड़ी वित्तीय शक्तियां सीएमओ को प्रदान की जाएंगी। अस्पतालों में आवश्यक व्यय को ध्यान में रखते हुए एमएस और सीएमओ के लिए विशेष निधि का भी प्रावधान किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जॉब ट्रेनी डॉक्टरों के वेतन में बढ़ोतरी करने पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 236 चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर है तथा 150 अतिरिक्त पद भी स्वीकृत किए गए हैं। भर्ती प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार दोनों के अंकों को अंतिम परिणाम में शामिल करने का प्रावधान किया गया है।



शिमला में प्रदेश के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, खंड चिकित्सा अधिकारियों तथा चिकित्सा अधीक्षकों को संबोधित करते सीएम सुखविंद्र सुक्खू। अनंत ज्ञान

◆ **कहा-236 चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर**

### अब तक सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं 120 रोबोटिक सर्जरी

**सीएम** ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य संस्थानों के जिन भवनों का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुका है, उन्हें 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी चिकित्सा उपकरण एम्स मापदंडो के अनुरूप खरीदे जाएंगे। सीटी स्कैन मशीनें दस वर्ष की मरम्मत गारंटी के साथ क्रय की जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं में रोबोटिक सर्जरी और स्मार्ट लैब को शामिल किया जा रहा है। चमियाणा व टांडा अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी आरंभ की जा चुकी है शीघ्र ही यह सुविधा नेरचौक और हमीरपुर मेडिकल कॉलेज में भी शुरू की जाएगी।

चमियाणा अस्पताल में अब तक 120 रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। राज्य सरकार स्मार्ट लैब स्थापित करने के लिए 75 करोड़ रुपये व्यय करेगी, जहां एक ही ब्लड सैंपल से सभी आवश्यक जांच संभव होगी। हिम केयर योजना का ऑडिट करवाया जा रहा है और इसे और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

वहीं,स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल ने स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाया जा रहा है और तीन वर्षों में धन की कमी को विकास में बाधा नहीं बनने दिया गया। उन्होंने कहा कि आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में उच्च गुणवत्ता की सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशे की चपेट में आए युवाओं का पुनर्वास प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने चिकित्सकों से इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# डीजीसीए ने इंडिगो पर लगाया 22 .20 करोड़ रुपए का जुर्माना

◆ **एयरलाइन की दिसंबर में कैंसिल हुई थीं 2500 फ्लाइटें**

◆ **3 लाख से ज्यादा यात्रियों को झेलनी पड़ी थी परेशानी**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने इंडिगो पर 22.20 करोड़ का जुर्माना लगाया। यह एक्शन 3 से 5 दिसंबर, 2025 के बीच इंडिगो की 2500 फ्लाइट के कैंसिल होने और 1852 फ्लाइट में देरी होने पर लिया गया। इस कारण 3 लाख से ज्यादा यात्रियों को परेशानी हुई थी। जुर्माना एयरक्राफ्ट रूल्स, 1937 के रूल 133 के तहत लगाया गया है। इसके तहत कुल जुर्माना 1.80 करोड़ रुपए है, लेकिन FDTL नियमों का 68 दिन तक पालन नहीं करने पर प्रतिदिन 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। इसकी राशि 20.40 करोड़ है। इस तरह कुल जुर्माना 22.20 करोड़ हुआ।



इंडिगो ने कहा है कि वह DGCA के सभी आदेशों को पूरी तरह मानेंगी। जो भी जरूरी सुधार होंगे, समय पर किए जाएंगे।

कंपनी के बोर्ड और मैनेजमेंट का कहना है कि हाल की घटना के बाद काम करने के तरीकों, सिस्टम और संचालन को मजबूत बनाने के लिए अंदरुनी तौर पर पूरी जांच व समीक्षा की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

#### जांच कमेटी ने दर्ज किए अधिकारियों के बयान

**डीजीसीए** ने इस मामले की जांच के लिए 4 मेंबर वाली कमेटी बनाई है। कमेटी ने इंडिगो के नेटवर्क प्लानिंग, क्रू रोस्टरिंग और एयरलाइन के इस्तेमाल किए जा रहे सॉफ्टवेयर सिस्टम की डिटेल इंवेस्टिगेशन और स्टडी की। साथ ही बयान भी दर्ज किए। कमेटी के मुताबिक, इंडिगो मैनेजमेंट ने ऑपरेशन में देरी या आपात हालात से निपटने की पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। साथ ही बदले हुए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों को भी सही तरीके से लागू नहीं किया गया। इसी वजह से बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुई और यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। जांच में यह भी सामने आया कि एयरलाइन ने क्रू विमान और नेटवर्क संसाधनों के अधिकतम उपयोग पर जरूरत से ज्यादा जोर दिया। इससे क्रू रोस्टर में अतिरिक्त गुंजाइश बहुत कम रह गई। डेड-हेडिंग, टेल स्वैप, लंबी ड्यूटी और कम आराम समय जैसी व्यवस्थाओं ने फ्लाइट ऑपरेशन को कमजोर बना दिया।

# जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़, जैश के कई आतंकी घिरे

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू–कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के सिंहपोरा में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ शुरू हो गई है। जैश–ए–मोहम्मद के कई आतंकी घिरे हुए हैं। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी है। सैन्य अधिकारियों ने बताया कि रविवार को किश्तवाड़ जिले के सिंहपोरा इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। सर्च ऑपरेशन के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर भेज दिए गए हैं और आतंकवादियों को भागने से रोकने के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। अधिकारियों ने आगे कहा कि इलाके में गोलीबारी जारी है। खुफिया रिपोर्टों के बाद से जम्मू डिवीजन के कठुआ, पुंछ, राजौरी, किश्तवाड़, डोडा, उधमपुर और रियासी सुरक्षा बलों की निगरानी में है। इन जिलों के घने जंगलों वाले पहाड़ी इलाकों में पाकिस्तानी आतंकवादियों की मौजूदगी की खबरें मिली थीं। (अनंत ज्ञान)



### पटवारी पर हमले का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिले की उझी घाटी की राऊगी पंचायत में डिमार्केशन करने गए पटवारी व कानूनगो पर जानलेवा हमला मामले में पुलिस ने कार्रवाई अमल में लाते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस जानलेवा हमले में पटवारी भोप सिंह गंभीर रूप से घायल हुए थे। घायल पटवारी भोप सिंह और कानूनगो की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पटवारी का आरोप था कि बीडीसी नग्गर के चेयरमैन खेख राम ठाकुर ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया हुआ था और राजस्व विभाग की टीम जब डिमार्केशन करने गई तो खेख राम और उनके रिश्तेदारों ने उन पर और बाकी टीम पर जानलेवा किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने रविवार को मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

# हिमाचल में तीन दिन बारिश के आसार

### राज्य में 21 जनवरी को ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लंबे समय से जारी शुष्क मौसम का दौर अब समाप्त होने वाला है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, प्रदेश के उच्च पर्वतीय कुछ भागों में 20 जनवरी तक हल्की बारिश–बर्फबारी जारी रहेगी, जबकि 21 जनवरी को एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। इसके प्रभाव से राज्य में 22 से 24 जनवरी तक अच्छी बारिश–बर्फबारी होने की संभावना है। 22 जनवरी को मध्य व ऊंचे पहाड़ी इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश–बर्फबारी की संभावना है। 23 और 24 जनवरी को राज्य में ज्यादातर जगहों पर बारिश–बर्फबारी की संभावना है। 23 को ऊंचे पहाड़ी इलाकों में कुछ जगहों पर भारी बारिश–बर्फबारी का येलो अलर्ट है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, लाहौल–स्पीति, किन्नौर, चंबा के ऊपरी इलाकों, कुल्लू और शिमला जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। वहीं, मध्य पर्वतीय और निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज की जा सकती है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो ताबो ठंडा रहा। यहां का तापमान –2.6 दर्ज किया गया, जबकि कुकुमसेरी में –1.6 टेंपरेचर रहा। इसके अलावा धर्मशाला, बिलासपुर, सोलन और ऊना का तापमान भी काफी नीचे रहा।

#### लाहौल- मनाली की ऊंची चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** रोहतांग, बारालाचा, कुंजम व शिंकुला दर्रे सहित लाहौल व मनाली की ऊंची चोटियों पर बर्फ के फाहे गिरे। बादल छाने से लाहौल सहित मनाली घाटी में हिमपात की उम्मीद जगी है। लंबे अरसे से हिमपात न होने के कारण पर्यटकों सहित किसान बागवान परेशान है। बर्फ न पड़ने से पर्यटक सर्दियों के मौसम में भी बर्फ के दीदार को तरस गए है। रविवार को दारचा की ओर गए पर्यटक बर्फ के फाहों में खूब झूमे, लेकिन अटल टनल की ओर गए पर्यटक मायूस हुए। मनाली के पर्यटन कारोबारी रमेश, बलविंद्र व रवि व्यास ने बताया कि जनवरी महीने में पर्यटन कारोबारा बेहतर चल रहा है। उन्होंने बताया कि हिमपात होने की सूरत में पर्यटन कारोबार अधिक गति पड़ेगा।



# प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य के शिष्यों और पुलिस में झड़प

**एजेंसी, प्रयागराज**

प्रयागराज माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या के स्नान के लिए आए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की पालकी पुलिस ने रोक दी। पुलिस ने उनसे पैदल संगम जाने को कहा। शंकराचार्य के शिष्य नहीं माने और पालकी लेकर आगे बढ़ने लगे। इस पर शिष्यों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने एक साधु को चौकी में पीटा।

इससे शंकराचार्य नाराज हो गए और शिष्यों को छुड़वाने पर अड़ गए। अफसरों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, हाथ जोड़े, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने शंकराचार्य के कई और समर्थकों को हिरासत में ले लिया। शंकराचार्य की पालकी को खींचते हुए संगम से 1 किमी दूर ले जाया गया। इस दौरान पालकी का क्षत्रप भी टूट गया। इस पूरे मामले से नाराज शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद अपने शिविर में धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन ससम्मान प्रोटोकॉल के साथ नहीं ले जाएगा, तब तक गंगा स्नान नहीं करूंगा। (अनंत ज्ञान)



### उत्तराखंड के आठ सैलानियों को महंगा पड़ा झूठ बोलना

# शिंकुला गए पर्यटक बर्फ में फंसे हिमाचल पुलिस ने किया रेस्क्यू

अनंत ज्ञान

**केलांग।** अपने पास फोर बाई फोर वाहन बताकर दारचा से शिंकुला गए उत्तराखंड के आठ पर्यटक बर्फ में फंस गए। पर्यटकों के फंसने की सूचना मिलते ही लाहौल–स्पीति पुलिस शिंकुला की ओर रवाना हो गई। उत्तराखंड के यह पर्यटक बर्फ देखने के चक्कर में जांस्कर समदो से भी आगे निकल गए।

इस बीच बर्फ की रफ्तार तेज हो गई और पर्यटक वाहन बर्फ में फंस गया। लाहौल–स्पीति पुलिस ने सभी पर्यटकों को वाहन सहित सुरक्षित चेक पोस्ट जिस्पा पहुंचाया। जिस्पा चौकी प्रभारी ओम राज ने बताया कि पर्यटकों ने अपने वाहन को फोर बाई फोर बताया और वाहन में भी फोर बाई फोर लिखा हुआ था।

उन्होंने बताया कि पता चलते ही मौके हम पर पहुंचे, तब पता लगा कि वाहन फोर बाई फोर नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने स्थानीय वाहनचालक की मदद से इन पर्यटकों को वाहन सहित जिस्पा पहुंचाया।

◆ **पर्यटकों को वाहन सहित जिस्पा पहुंचाया**

# शिंदे गुट ने ढाई साल तक मेयर पद मांगा

### संजय राउत बोले- शिंदे खुद नहीं चाहते मुंबई में भाजपा का मेयर हो

**एजेंसी, मुंबई**

बीएमसी के चुनावी नतीजों से महाराष्ट्र की सियासत में नया पेंच फंस गया है। भाजपा मुंबई में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। पहली बार भाजपा का मेयर बनने के साफ संकेत हैं। हालांकि, एकनाथ शिंदे ने अपने 29 नए पार्षदों को बांद्रा के होटल ताज लैंड्स एंड में शिफ्ट कर दिया है। बाहर कड़ा पहरा है। सूत्रों के मुताबिक शिंदे गुट का कहना है कि 2026 शिवसेना संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का जन्म शताब्दी वर्ष है। इसलिए कम से कम ढाई साल शिवसेना का मेयर होना चाहिए। इस पर भाजपा–शिंदे गुट में खींचतान शुरू हो गई है। उधर, रविवार को उद्धव गुट के संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे खुद नहीं चाहते कि बीएमसी में भाजपा को मेयर बने, इसलिए वे पार्षदों को होटल में रखे हुए हैं। वहीं, मुंबई में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी उद्धव ठाकरे की शिवसेना (बीटी) ने यह कहकर अटकलों को और बढ़ा दिया कि अगर 'भगवान' चाहेंगे तो उनकी पार्टी का मेयर हो सकता है। (अनंत ज्ञान)



# प. बंगाल बदलाव के लिए तैयार: पीएम

### बोले-बिहार में जंगलराज आने से रोका, अब बंगाल से होगी विदाई

**एजेंसी, कोलकाता**

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी–एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब बंगाल टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को आप तक पहुंचने नहीं देती। इनको मोदी से दिक्कत है, ये मुझे समझ आता है, बीजेपी से दुश्मनी समझ आती है, लेकिन टीएमसी बंगाल के लोगों से अपनी दुश्मनी निकाल रही है। उन्होंने दावा किया कि इतने कम समय में जितना विकास कार्य हुआ है, शायद पिछले 100 साल में भी नहीं हुआ होगा। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूर्वी भारत का विकास सबसे जरूरी है और केंद्र सरकार इसी दिशा में लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कल वह मालदा में थे और आज हुगली के सिंगूर में जनता के बीच आने का अवसर मिला। (अनंत ज्ञान)

#### काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की रखी आधारशिला

**एजेंसी, गोवाहाटी।** पीएम रविवार सुबह असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का मतदाता आज भी सुशासन चाहता है, विकास चाहता है और विकास के साथ विरासत पर समान रूप से ध्यान देने वाली सरकार को पसंद करता है, इसलिए वह भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा कर रहा है। हालिया चुनाव परिणामों का एक स्पष्ट संदेश यह भी है कि देश कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को लगातार नकार रहा है। जिस मुंबई शहर में कांग्रेस का जन्म हुआ था, वहां आज वह चौथे या पांचवें स्थान की पार्टी बनकर रह गई है। जिस महाराष्ट्र में कांग्रेस ने वर्षों तक शासन किया, वहां वह पूरी तरह सिमट चुकी है।



### साइबर फ्रॉड खुद को सरकारी व नामी निजी कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर लोगों से कर रहे फ्रॉड

# फेक कस्टमर केयर की एक कॉल से उड़ रही जिंदगी भर की कमाई

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** दूध की तरह सफेद व मासूम दिखने वाली एक छोटी–सी गूगल सर्च आजकल लोगों की मेहनत की कमाई और निजी पहचान पर भारी पड़ रही है। मोबाइल स्क्रीन पर दिखने वाला कस्टमर केयर नंबर भरोसे का एहसास कराता है, लेकिन यही नंबर कई बार ऐसा जाल साबित हो रहा है, जिसमें फंसकर लोग मिनटों में ठगी का शिकार हो जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, साइबर दुनिया में सक्रिय गिरोह अब खुद को सरकारी दफ्तरों और नामी निजी कंपनियों का प्रतिनिधि बताकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और मदद के नाम पर उनकी सबसे कीमती जानकारी तक पहुंच बना रहे हैं। दूध की धार की तरह साफ दिखने वाला यह तरीका असल में बेहद शातिर है। स्कैमर इंटरनेट पर फेक कस्टमर केयर नंबर अपलोड करते हैं, जो गूगल सर्च में सबसे ऊपर दिखाई देते हैं। जैसे ही कोई परेशान उपभोक्ता उस नंबर पर कॉल करता है, दूसरी ओर से प्रोफेशनल अंदाज़ में बातचीत शुरू होती है।

बातों ही बातों में समस्या सुलझाने का भरोसा दिलाया जाता है और धीरे–धीरे व्यक्ति से ओटीपी, बैंक डिटेल, पिन या फिर मोबाइल में किसी ऐप को इंस्टॉल करवाने जैसी बातें करवाई जाती हैं। कई मामलों में पीड़ित को पता भी नहीं चलता और उसके खाते से पैसे निकल जाते हैं, मोबाइल डेटा तक पहुंच बना ली जाती है और उसकी कॉन्टैक्ट लिस्ट का इस्तेमाल कर नए शिकार तलाशे जाते हैं।

यह डिजिटल धोखा केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता। पहचान की चोरी, सोशल मीडिया अकाउंट का दुरुपयोग, निजी फोटो और वीडियो का गलत इस्तेमाल और मानसिक तनाव जैसी समस्याएं भी सामने आ रही हैं। कई लोग शर्म या डर के कारण शिकायत दर्ज नहीं कराते, जिससे साइबर अपराधियों के हौसले और बढ़ जाते हैं। यही वजह है कि यह ठगी अब एक व्यक्तिगत समस्या नहीं रह गई, बल्कि सामाजिक और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ा गंभीर सवाल बन चुकी है।




#### सतर्कता ही सुरक्षा, आंख बंद करके भरोसा न करें

**हिमाचल** प्रदेश पुलिस ने साफ कहा है कि लोग गूगल सर्च में दिखने वाले किसी भी कस्टमर केयर नंबर पर आंख बंद करके भरोसा न करें। किसी भी सेवा के लिए केवल संबंधित विभाग या कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट या ऐप से ही नंबर सत्यापित करें। पुलिस ने यह भी अपील की है कि साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत टोल-फ्री साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करें, क्योंकि पहले तीन घंटे बेहद अहम होते हैं। समय रहते रिपोर्ट करने से न केवल पैसे वापस मिलने की संभावना बढ़ती है, बल्कि ऐसे अपराधियों तक पहुंचने और उन्हें पकड़ने का रास्ता भी खुलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुजानपुर में दो युवकों से 4.41 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर शहर के एक निजी होटल में रह रहे दो युवकों से सुजानपुर पुलिस ने नशीला पदार्थ चिट्टा बरामद किया है। दोनों युवक संधोल जिला मंडी के बताए गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच के दौरान दोनों युवकों से 4.41 ग्राम नशीला पदार्थ चिट्टा बरामद किया है। इसके साथ-साथ करीब 10600 नगदी भी बरामद की है। सुजानपुर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश धीमान ने जिला पुलिस अधीक्षक बलबीर ठाकुर के हवाले से जानकारी देते हुए बताया कि नशे का कारोबार करने वालों के साथ-साथ इस नशीले पदार्थ का सेवन करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। इसी कड़ी में कार्रवाई की गई है।

### पूर्व विधायक ने किया अमरोह गांव का दौरा

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र के अमरोह गांव में पूर्व प्रधान रहे विद्या प्रकाश की पशुशाला में लगी अचानक आग से सब कुछ तबाह हो गया था। इस अग्निकांड में लगभग 3 लाख रुपए के करीब का नुकसान बताया गया है। रविवार को नादौन विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री ने इस गांव का दौरा किया व पूर्व प्रधान और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कर्मठ कार्यकर्ता विद्या प्रकाश से मिले व उन्हें ढांढस बंधाया। विजय अग्निहोत्री ने कहा कि परिवार को हर संभव मदद की जाएगी। विदित रहे की एक सप्ताह पूर्व ही उनके छोटे भाई की लंबी बीमारी के बाद मृत्यु हो गई थी। पूरा परिवार सदमे में था और दो दिन पहले ही अचानक उनकी पशु शाला भी जलकर राख हो गई थी। गांववासियों ने कड़ी मशक्कत के बाद दो मवेशियों को बचाया था। इस मौके पर सरेड़ी पंचायत के प्रधान राजेश कुमार शर्मा समाजसेवी व अधिवक्ता ताराचंद राजेश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### धूमल ने डॉ. अक्षित राणा को दिया आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर जिले के राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय से वर्ष 2025 में एमबीबीएस उत्तीर्ण करने वाले डॉ. अक्षित राणा का



चयन भारतीय सेना में कैप्टन पद पर हुआ है। उन्होंने, ससस्र की कठिन चयन प्रक्रिया, साक्षात्कार और चिकित्सीय परीक्षण सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर यह उपलब्धि हासिल की है। डॉ. अक्षित राणा सैन्य चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं देंगे और उनकी प्रथम तैनाती सैन्य अस्पताल, जालंधर में होगी। रविवार को डॉ. राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया। प्रो. धूमल ने उन्हें बधाई दी और कहा कि सेना में चिकित्सक के रूप में सेवा करना देश के प्रति सर्वोच्च कर्तव्य निभाने का अवसर है। डॉ. अक्षित राणा की सफलता से परिवार, शिक्षकों और क्षेत्र में उत्साह और गर्व का वातावरण है।

### जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान की

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बिझड़ी की नारायण सेवा समिति ने प्यार चंद गांव के एक व्यक्ति और जमली के मलकियत सिंह को आर्थिक सहायता प्रदान की। प्यार चंद को सड़क दुर्घटना में दोनों टांगों में फ्रैक्चर हुआ था, जबकि मलकियत सिंह के दोनों गुर्दे खराब हो चुके हैं। समिति ने दोनों को पांच-पांच हजार रुपये के चेक दिए। सेवानिवृत्त कमांडर प्रेम सिंह चौधरी ने बताया कि पिछले छह वर्षों से समिति गरीब, मरीज और जरूरतमंदों की मदद करती आ रही है। समिति अब आगे गरीब विद्यार्थियों को गोद लेने और सीएचसी बिझड़ी में मरीजों के लिए व्यवस्था करने के साथ रक्तदान शिविर भी आयोजित करेगी। इस अवसर पर कैप्टन अजमेर सिंह, फोरमैन हाकम सिंह, करतार सिंह ढिल्लों और भाग सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### महाजन सभा ने मेधावी छात्र किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में आयोजित महाजन सभा के वार्षिक उत्सव में मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। महाजन सभा अध्यक्ष सुभाष महाजन ने सभी लोगों को कार्यक्रम आयोजित करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि सुजानपुर के विकास में महाजन बिरादरी का बहुत बड़ा योगदान है। तथा आगे भी रहेगा। महाजन बिरादरी द्वारा क्षेत्र में विभिन्न सामाजिक कार्य करवाए गए हैं। इस अवसर पर विभिन्न खेल कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सभा सचिव ओम गुप्ता ने बताया कि विभिन्न सामाजिक सरोकारों में महाजन बिरादरी सबसे आगे रहती है। उन्होंने इस अवसर पर युवा वर्ग को संदेश देते हुए कहा कि उन्हें भी आगे आना चाहिए तथा सामाजिक कार्यक्रमों में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर कुशल पवारी, रिटायर्ड कर्नल आरसी गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, विपिन गुप्ता, पार्षद सविता महाजन सहित भारी संख्या में महाजन बिरादरी के लोग इकट्ठा हुए।

### मोहन लाल शर्मा के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम-आंचल पेंशनर्स संघ, नादौन खंड इकाई आजीवन सदस्य सेवानिवृत्त प्रवक्ता मोहन लाल शर्मा निवासी गौना करौर डाकघर करौर तहसील नादौन के निधन पर संघ संस्थापक बीडी शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम, मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा, वित्त सचिव शंभू राम जसवाल, ज़िला प्रधान देव राज पटियाल, महासचिव तोता राम जंजुआ, नादौन खण्ड प्रधान जगदीश शर्मा (कारगू), महासचिव जगदीश चन्द शर्मा (सासन), अवनीश कुमार, प्रशोत्तम दास शर्मा, जुल्फी राम वर्मा, उपप्रधान बलदेव पटियाल, सलाहकार अमर नाथ शर्मा, सुखदेव शर्मा द्वारा गहरा दुःख प्रकट किया गया व शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की गई।

### जसाई व खग्गल में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ क्षेत्र के जसाई और खग्गल में रविवार को हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना, संस्कार और राष्ट्रभक्ति को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किए गए। जसाई सम्मेलन में मुख्य वक्ता किशोर और मुख्य अतिथि समाजसेवी जोली राम शर्मा रहे। वहीं खग्गल सम्मेलन में मुख्य वक्ता जसमेर सिंह, मुख्य अतिथि सोहनलाल शर्मा और पी. जी. परमार उपस्थित रहे। खग्गल सम्मेलन में हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा ने भी भाग लिया और इसकी प्रशंसा की। दोनों आयोजनों में सभी वर्गों के लोग बिना भेदभाव और राजनीति से ऊपर उठकर शामिल हुए। कार्यक्रमों में धाम का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, गलोड़ खंड के कार्यवाहक अश्विनी कुमार ने बताया कि भविष्य में क्षेत्र में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि सामाजिक एकता और राष्ट्रभक्ति को और मजबूती मिले।

### भोरंज की कक्कड़ सोसायटी का किया अध्ययन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** बिलासपुर जिले की लगभग 30 सहकारी सभाओं के कर्मचारियों ने उपमंडल भोरंज में स्थित कक्कड़ सहकारी सभा की कार्यप्रणाली का अध्ययन किया। यह अध्ययन भ्रमण एचपी स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निर्देशक डॉ. जगदीश शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता डोला सिंह ठाकुर और प्रवक्ता मेघना ठाकुर (सहकारी प्रशिक्षण संस्थान शिमला) के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अध्ययन के दौरान प्रतिभागियों को कक्कड़ सहकारी सभा की लेखा व्यवस्था, ऋण वितरण प्रणाली, वसूली प्रक्रिया, डिजिटल लेनदेन, अभिलेख संधारण, सदस्य सेवाएं और प्रशासनिक संचालन की विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. जगदीश शर्मा ने कहा कि कर्मचारियों का व्यवहारिक प्रशिक्षण सहकारी सभाओं को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है। वरिष्ठ प्रवक्ता डोला सिंह ठाकुर और मेघना ठाकुर ने पारदर्शिता व अनुशासन पर भी विस्तार से जानकारी दी। प्रतिभागियों ने कक्कड़ सहकारी सभा की कार्यप्रणाली की सराहना की।

### नादौन में सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 24 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 70 पदों पर भर्ती के लिए 24 जनवरी को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय नादौन में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर और वजन 52 से 95 किलोग्राम के बीच हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17,500 रुपए से लेकर 23 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

# जोलसप्पड़ मेडिकल कॉलेज तैयार, फर्नीचर की दरकार

## अस्पताल व एकेडमिक ब्लॉक तैयार, सर्जरी, ऑर्थो, नेत्र जांच और ईएनटी विभाग होंगे शिफ्ट, एमआरआई मशीन इंस्टॉलेशन जारी

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, जोलसप्पड़ (हमीरपुर)।** सूबे के मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र में शुरू होने वाले मेडिकल कॉलेज के जोलसप्पड़ स्थित नए परिसर की इंतजार भले ही अब ज्यादा दूर न हो, लेकिन इसमें फर्नीचर खरीद की लंबी प्रक्रिया निश्चित रूप में ऊहापोह की स्थिति बनाए हुए है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

कारण यह है कि अस्पताल व एकेडमिक ब्लॉक लंबे समय से तैयार हो चुके हैं। जिन विभागों को यहां शिफ्ट करके व्यवस्था को शुरू किया जाना था, उसमें देरी हुई है, लेकिन 'थ्री टेस्ला' एमआरआई मशीन की इंस्टॉलेशन का काम इन दिनों शुरू है। फरवरी माह के अंत तक इसके मुकम्मल होने की संभावना बनी हुई है। इस मशीन पर तकरीबन 23 करोड़ खर्च हो रहे हैं और यह प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों में लगाई गई मशीनों के मुकाबले में सबसे बढ़िया है, हाई क्वालिटी की है। इसके अलावा रोबोटिक सर्जरी के इक्विपमेंट लगाने की स्वीकृति भी हो चुकी है और इसका ऑर्डर भी प्लेस कर दिया गया है। यह सिस्टम भी तकरीबन 30 करोड़ की लागत से इंस्टॉल होगा।

दरअसल मेडिकल कॉलेज का यह नया परिसर मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। इसमें अब नई-नई जो चीजें शामिल हो रही हैं, विभाग जुड़ रहे हैं, वह स्वास्थ्य के क्षेत्र में निश्चित रूप में मील का पत्थर साबित होंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यही है कि शिफ्टिंग में अब देरी कितनी लगेगी?



### पहले चरण में चार विभाग किए जाएंगे शिफ्ट

**नए** परिसर में पहले चरण में चार विभागों को शिफ्ट किया जाएगा। इनमें सर्जरी, ऑर्थो, आइज और ईएनटी शामिल हैं। बाकी के तमाम डिपार्टमेंट हमीरपुर अस्पताल के परिसर में ही जारी रहेंगे। मतलब साफ है कि मुकम्मल तौर पर सभी विभागों को शिफ्ट करने में अभी लंबा वक्त लगेगा।

### नए परिसर में 1200 बिस्तरों के वार्ड होंगे तैयार

**कुल** मिलाकर नए परिसर में मुकम्मल तौर पर तकरीबन 1200 बिस्तरों के वार्ड तैयार होंगे। प्रारंभिक तौर पर तकरीबन ढाई सौ बेड का सिस्टम यहां चालू होगा, लेकिन इसके अलावा 300 बिस्तरों वाला एक अलग से अस्पताल का ब्लॉक भी यहां अभी बनाया जाएगा। इसकी ड्राइंग बनाई जा रही है। इसके अलावा मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का भी निर्माण होगा। जिसमें तकरीबन 200 बिस्तरों की व्यवस्था होगी।

### कैंसर हॉस्पिटल का भी किया जाएगा निर्माण

**ढाई** सौ बिस्तरों वाला कैंसर हॉस्पिटल का भी यहां पर निर्माण होगा। इसके लिए भी औपचारिकताएं मुकम्मल हो चुकी हैं और बाकी का काम प्रोसेस में है। बरसात में नए परिसर के भीतर जो डंगे गिरे थे उनकी भी अभी मरम्मत होनी है। उसका काम शुरू नहीं हुआ है।

### क्या कहते हैं मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल

**मेडिकल** कॉलेज हमीरपुर के प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती का कहना है कि तैयारियां जारी हैं। एमआरआई मशीन की इंस्टॉलेशन फरवरी माह के अंत तक मुकम्मल हो जानी चाहिए। इसके अलावा 300 बिस्तरों वाले अस्पताल के नए ब्लॉक की ड्राइंग भी तैयार हो रही है। चार डिपार्टमेंट को नए परिसर में पहले चरण में शिफ्ट किया जाना है। बाकी के डिपार्टमेंट फिलहाल यही रहेंगे, लेकिन फर्नीचर की खरीद का प्रोसेस सरकार स्तर पर जारी है। उसमें मेडिकल कॉलेज का कोई रोल नहीं है फर्नीचर जैसे ही इंस्टॉल होगा उसके बाद व्यवस्थाएं बन जाएगी। फर्नीचर के बाद ढाई सौ बेडेड अस्पताल शुरू हो सकेगा, ऐसी उम्मीद है। इसके अलावा सीटीवीएस, एनडोकिनोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी पीनेटिक सर्जरी नेफ्रोलॉजी और कुछ अन्य डिपार्टमेंट भी मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था में जुड़े हैं। कार्डियोलॉजी में दो न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी में एक-एक विशेषज्ञ डॉक्टर के पद सृजित हो चुके हैं। रोबोटिक सर्जरी इक्विपमेंट लगाने की स्वीकृति मिल चुकी है और इसका ऑर्डर भी प्लेस हो चुका है। तकरीबन 30 करोड़ की लागत से यह इंस्टॉलेशन होगी। जैसे ही नए परिसर में शिफ्टिंग होगी, यह तत्काल इंस्टॉल हो जाएगी।



# भरेड़ी-जाहू मार्ग पर पुली बंद होने से वाहन चालक परेशान

अनंत ज्ञान



**भोरंज।** भरेड़ी से जाहू वाया भौर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित पुली के बंद होने से क्षेत्र के वाहन चालकों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह पुली बरसात में अचानक स्लैब गिरने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसका दोबारा निर्माण किया जा रहा जिसके तहत 29 दिसंबर को पूली का स्लैब पड़ा था। जिसके कारण वर्तमान में यह मार्ग केवल दोपहिया वाहनों के लिए अस्थायी रूप से खुला रखा गया है, जबकि कार, टैक्सी, पिकअप और अन्य चार पहिया वाहनों को लंबा वैकल्पिक मार्ग वाया बडैहर होकर जाना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों को रोजमर्रा के कार्यों, अस्पताल, स्कूल, बाजार तथा कृषि कार्यों में काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग कई पंचायतों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क रास्ता है। पुली बंद होने से आपातकालीन सेवाओं पर भी असर पड़ रहा है। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुली के मरम्मत कार्य में तेजी लाकर इसे शीघ्र यातायात के लिए खोला जाए। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग, कनिष्ठ अभियंता अनुभाग जाहू के मनोज कुमार ने बताया कि 'पुली को पूरी तरह खोलने में लगभग 40 दिन का समय लग सकता है। स्लैब की गुणवत्ता और मजबूती की जांच की जाएगी। यदि जांच में स्लैब सुरक्षित पाया गया तो 30 जनवरी तक पुली को यातायात के लिए खोलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जा रहा है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।

ग्रामीणों ने विभाग से अनुरोध किया है कि क्षेत्रवासियों की समस्या को देखते हुए कार्य में तेजी लाई जाए और जल्द से जल्द पुली को चार पहिया वाहनों के लिए खोला जाए।

### सिद्ध बाबा बालकनाथ चनवाल की कमेटी गठित करतार सिंह बने प्रधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सिद्ध बाबा बालकनाथ चनवाल, गांव बस्सी झनियारा की प्रबंधन कमेटी के गठन के लिए रविवार को सभी गांव बस्सी झनियारा पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव चनवाल, छल उपरला, छल बूहला, अधवानी, कोहलड़ी, डिब्ब, बस्सी, रक्ड़याल, खैंडा लकूही, दुगनेहड़ा, मौहण, घरड़ाहट, घरड़ाहट चांदलयां, रियालड़ी, नडियाना-सडियाना, नडियाना रांगड़ियां के सभी ग्रामवासियों को आमंत्रित किया गया था। मंदिर के प्रांगण में बैठक आयोजित हुई जिसमें कुछ एक गांवों के लोग इस बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में सर्व सहमति से दो माह पहले गठित की कमेटी को फिर से चुन लिया है। कमेटी में करतार सिंह को प्रधान, उप प्रधान सरदूल सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, सचिन सरवन राणा, संजीव कुमार, कैशियर शक्ति चंद, प्रीतम चंद, सलाहकार धर्म सिंह, बलवंत सिंह होशियार सिंह रूपचंद को बनाया गया है। इस बैठक में अनिल ठाकुर, राजेश कुमार, पवन कुमार करतार सिंह होशियार सिंह ओम प्रकाश दिलेराम बलवंत सिंह मनीष ठाकुर संजय कुमार अजीत सिंह और रतन चंद उपस्थित रहे। कमेटी के नवनिर्वाचित प्रधान ने बताया कि आने वाले दिनों में इस कमेटी को एसडीएम के पास पंजीकृत करवाया जाएगा उसके बाद बैठक कर मंदिर के विकास कार्य को अंजाम दिया जाएगा।

# चिट्टे के खिलाफ जनांदोलन बनाने की आवश्यकता: नवीन




सुपर मैग्नेट स्कूल के छात्र नशे के खिलाफ रैली निकालते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर में 'चिट्टे पर चोट' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा ने सुपर मैग्नेट स्कूल के विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक अभिशाप है, जो केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं बल्कि पूरे समाज को खोखला कर देता है। चिट्टा और अन्य नशे की कुरीतियां युवाओं और समाज के लिए गंभीर चुनौती हैं।

नवीन शर्मा ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान केवल संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति, अभिभावक, महिला और युवाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। संस्था के सदस्य विभिन्न स्कूलों और पंचायत स्तर पर जाकर जागरूकता अभियान चलाएंगे।

उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का मूल मंत्र है 'आलस को अलविदा कहो और आज ही शुरुआत करो।' प्रधानाचार्य वाटिका सूद ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया और चिट्टे के खिलाफ अभियान की सराहना की।

# हमीरपुर शहर में पानी की समस्या दूर करेंगे 12 बोर

अनंत ज्ञान

◆ **जल शक्ति विभाग ने नगर परिषद में करवाए बोर**

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** शहर में गर्मियों के दौरान लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए जल शक्ति विभाग ने इस समस्या से निपटने के नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में बोर किए हैं। जिसमें मोटरों से पानी लिफ्ट कर टैंक में डाला जाएगा। गर्मी के मौसम में लोगों को पानी की आवश्यकता अधिक होती है। ऐसे में लोगों को जरूरत के अनुसार पानी उपलब्ध करवाना जल शक्ति विभाग के चुनौती से कम नहीं है। वैसे तो शहर के ब्यास नदी से पेयजल योजना चलाई गई हैं, लेकिन फिर कई वार्डों में पानी नहीं पहुंच पाता। इस लिए जल शक्ति विभाग ने पानी की समस्या को दूर करने के लिए विभिन्न वार्डों में 12 बोर करवाए हैं। इनमें से दो हथली खड्ड में लगाए गए बोर में मोटरें फिट कर उन्हें शुरू कर दिया है। इसके अलावा वार्ड नंबर 5 में लगाए गए बोर में मोटर लगाकर शुरू कर दिया है। गौर रहे कि जल शक्ति विभाग को कुछ एक वार्डों में पानी न आने की शिकायतें मिल रही थी। वार्ड नंबर 11 में सबसे अधिक समस्या थी। वार्ड के लोग पानी की समस्या को लेकर बार बार विभाग से इस समस्या को दूर करने का आग्रह कर रहे थे। इसी समस्या को मद्देनजर रखते हुए विभाग ने पेयजल योजना के साथ साथ बोर करवाने का निर्णय लिया।

इस बारे में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता रोहित दुबे ने बताया कि शहर के कुछ एक वार्डों में पानी की सप्लाई की समस्या आ रही थी। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर 11 के पेयजल योजना भी शुरू कर है साथ ही बोर किए हैं। जिसमें मोटरों से पानी लिफ्ट कर के टैंकों में डाला जाएगा और फिर से सप्लाई किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह बोर इसलिए लगाए गए हैं कि बरसात में पेयजल योजना में गाद भरने से पानी की आपूर्ति करना मुश्किल हो जाता है। वहीं गर्मियों में कई बार पानी कम लिफ्ट होता है तो इन बोर भी पानी की आपूर्ति कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि गर्मियों से पहले सभी बोर संचालित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी तीन बोर में मोटरें फिट की गई हैं। बाकियों में शीघ्र मोटरें लगा दी जाएगी।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में सौटा की टीम बनी विजेता

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत नगरोटा गाजियां में विशाल उर्फ अंकु क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इसमें क्षेत्र की कुल 42 टीमों ने भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला टीम सौटा और खुथड़ी के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए खुथड़ी ने 10 ओवर में 65 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौटा ने 9 ओवर में 5 विकेट खोकर 66 रन बनाकर टूर्नामेंट जीत लिया। समापन समारोह में उपप्रधान शशिकांत मुख्य अतिथि रहे। विजेता टीम सौटा को 15 हजार रुपये और ट्रॉफी, उपविजेता खुथड़ी को 10 हजार रुपये और ट्रॉफी प्रदान की गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनिरुद्ध शर्मा और मैन ऑफ द सीरीज व बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट का पुरस्कार स्पर्श शर्मा को मिला। मुख्य अतिथि ने युवाओं को खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

# विधायक आशीष ने नवाजे कबड्डी खिलाड़ी

## 72वीं सीनियर महिला राज्य कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो हमीरपुर।** यहां टाउन हॉल में एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन ऑफ हमीरपुर द्वारा आयोजित 72वीं सीनियर महिला राज्य कबड्डी चैंपियनशिप 2026 में विधायक आशीष शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रतियोगिता में विश्व, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर कबड्डी में बेहतरीन प्रदर्शन वाली महिला कबड्डी खिलाड़ियों सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कबड्डी खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि विधायक आशीष शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए कबड्डी एसोसिएशन को बधाई दी एवं सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक ने कहा कि युवा किसी न किसी खेल में जरूर भाग लें एवं नशे से दूर रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन जारी रखें और राज्य का नाम रोशन करें। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया और सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुकाबले देर शाम तक चलते रहे। साई हॉस्टल धर्मशाला की खिलाड़ियों ने लाहौल-स्पीति की टीम को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।



प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में विधायक आशीष। अनंत ज्ञान

**कार्यक्रम** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल नेरी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

# लक्ष्य जो भी हो पर ईमानदार बनना अनिवार्य: वर्मा

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल नेरी में वार्षिक पारितोषिक समारोह अत्यंत धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा रहे। डॉ. वर्मा के आगमन पर स्कूल की चेयरपर्सन एचडी सुषमा डडवाल, अनिल परमार तथा प्रिंसिपल मृदुला परमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्थानीय निवासियों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके उपरांत छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

इस आयोजन में विशेष अतिथि रिटायर्ड आईएएस केआर भारतीय भी उपस्थित रहे। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि 'जीवन में लक्ष्य चाहे जो भी हो, सबसे महत्वपूर्ण है ईमानदार इंसान बनना। हर पेशा और हर व्यक्ति भारत निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने राजनीति का उदाहरण देते हुए कहा कि आज भ्रष्टाचार की छवि से राजनीति और नेता शब्द को नकारात्मक नजर से देखा जाता है। इसलिए जनता को ऐसे लोगों को पहचानने की जरूरत है जो धर्म और भावनाओं की आड़ में समाज को नुकसान पहुंचाते हैं।

डॉ. वर्मा ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि भगवान भोलेनाथ के भक्त बनो, लेकिन अपने जीवन में चरित्र श्रीराम जैसा रखो—रावण जैसा नहीं। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही डॉ. वर्मा ने प्रदेश के सबसे गंभीर मुद्दे नशे और चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का स्वप्न है कि आने वाली पीढ़ी नशा मुक्त हो। सुख आश्रय योजना इसका उदाहरण है कि सरकार पहले दिन से युवाओं और बच्चों के भविष्य के प्रति गंभीर है। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में सरकार अकेली सफल नहीं हो सकती, इसके लिए समाज, अभिभावकों और युवाओं को एकजुट होकर आगे आना होगा। कार्यक्रम में पूर्व प्रिंसिपल हंसराज शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, रतनलाल शर्मा, पूर्व प्रधान अमरचंद, गिरधारी लाल शर्मा, सीताराम कौशल, रिटायर्ड प्रिंसिपल राजेश ठाकुर सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल नेरी में वार्षिक समारोह के दौरान मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

# मन्वी सड़क पर ठारा के पास खोदा गया गड्ढा बना वाहन चालकों के लिए खतरा

अनंत ज्ञान



**जाहू।** सुलगवान से वाया मन्वी सड़क पर ठारा के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा खोदा गया गड्ढा वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। गड्ढा लगभग दो फुट गहरा है और सड़क के बीच होने के कारण कई बार बड़ी दुर्घटना होने से बची है। सड़क की दूसरी तरफ लोग बड़े-बड़े पत्थर रख चुके हैं, जिससे सड़क और भी जोखिम भरी हो गई है।

स्थानीय लोगों मुकेश कुमार, कुलदीप कुमार, ललित कुमार, राकेश कुमार, डॉक्टर जगवीर शर्मा, सन्त राम, अशोक कुमार, कुलदीप कुमार, प्रदीप कुमार, अमर सिंह, अमन शर्मा, सरोज कुमारी, कमलेश कुमारी, कमल शर्मा, संजय कुमार, उमेश कुमार ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण हादसा कभी भी हो सकता है। सड़क पर तीखा मोड़ होने की वजह से वाहन चालकों को अतिरिक्त सतर्क रहना पड़ता है। लोगों ने विभाग को चेतावनी दी है कि अगर गड्ढे को समय पर नहीं भरा गया, तो किसी भी दुर्घटना के लिए विभाग जिम्मेदार होगा।

लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता विजय शर्मा ने बताया कि गड्ढा रैम्प बनाने के लिए खोदा गया था, लेकिन स्थानीय लोगों ने अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि गड्ढे को मिट्टी से भर दिया जाएगा। ग्रामीणों का सुझाव है कि यदि रैम्प का निर्माण किया जाना है, तो इसे सड़क से चार मीटर की दूरी पर बनाया जाए ताकि पानी की निकासी और सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## न्यूज ब्रीफ

### लोअर बाजार में अतिक्रमण पर नगर निगम सख्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के सबसे व्यस्त इलाकों में शुमार लोअर बाजार में रविवार को नगर निगम शिमला की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगाए गए ठेले, अस्थायी दुकानों और सामान को हटाकर जब्त कर लिया। इस कार्रवाई से बाजार में आवाजाही सुचारु हुई और पैदल चलने वालों को राहत मिली। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लोअर बाजार जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि शहर की व्यवस्था, खूबसूरती और आम लोगों की सहूलियत कायम रह सके।

### गेयटी में सांस्कृतिक रंग, गजलों व नृत्य ने बांधा समां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थिएटर के गॉथिक हॉल में रविवार को पंजाब नेशनल बैंक की ओर से आयोजित ताल तरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में गजलों, गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खासी वाहवाही लूटी। पीएनबी शिमला मंडल द्वारा शिमला और किन्नौर के कर्मचारियों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में गायन, नृत्य और हास्य नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन कर माहौल को सुरों और ताल की मिठास से भर दिया।

### एबीवीपी की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** गोवा के जांबावली स्थित दामोदर संस्थान में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की दो दिवसीय केंद्रीय कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई, जिसमें देशभर से आए 106 दायित्ववान कार्यकर्ताओं ने शिक्षा, समाज, संगठन और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श कर आगामी कार्ययोजना तय की। बैठक में शैक्षणिक परिसरों की समस्याओं, छात्रहित के मुद्दों और संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ फरवरी से शुरू होने वाले राष्ट्रव्यापी हॉस्टल सर्वे अभियान तथा राष्ट्रीय युवा दिवस पर प्रारंभ 'स्क्रीन टाइम से एक्टिविटी टाइम' अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने पर सहमति बनी, वहीं संघ के शताब्दी वर्ष सहित भगवान बिरसा मुंडा, गुरु तेग बहादुर, महारानी अब्बक्का, सरदार पटेल, भूपेन हजारिका और अटल बिहारी वाजपेयी जैसी ऐतिहासिक विभूतियों से जुड़े स्मृति वर्ष कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक गौरव को मजबूत करने का संकल्प दोहराया गया।

# महिलाओं व बच्चों के सशक्तिकरण की नई इबारत लिख रही सरकार : सीएम सुक्खू

## व्यवस्था परिवर्तन से बदली तस्वीर, बेटियों के सम्मान व सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में सामाजिक बदलाव अब केवल नीतियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके सकारात्मक परिणाम जमीन पर साफ दिखने लगे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के तहत जो साहसिक कदम उठाए हैं, उन्होंने महिलाओं और बच्चों के जीवन में भरोसे और सुरक्षा की नई भावना पैदा की है। राज्य का शिशु लिंग अनुपात 947 से बढ़कर 964 तक पहुंचना इसी सोच का प्रमाण है, जिसने बेटियों को बोझ नहीं बल्कि भविष्य की ताकत के रूप में स्थापित किया है।

◆ **शिशु लिंग अनुपात 947 से बढ़कर 964 तक पहुंचा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदिरा गांधी सुख सुरक्षा योजना के जरिए सरकार ने बेटियों के भविष्य को जन्म से ही सुरक्षित करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों में जन्म लेने वाली बच्चियों के नाम पर 25 हजार रुपए की राशि जमा की जाती है, साथ ही माता-पिता दोनों का जीवन बीमा भी सुनिश्चित किया गया है। यह व्यवस्था बेटी के वयस्क होने तक आर्थिक संबल देती है और परिवारों में बेटियों के प्रति सोच को सकारात्मक रूप से बदल रही है।

प्रदेश सरकार ने कामकाजी महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सोलन, पालमपुर, बद्दी, गगरेट और नागरोटा-बगवां जैसे औद्योगिक व शैक्षणिक क्षेत्रों में 13 नए महिला छात्रावास बनाने का निर्णय लिया है। लगभग 132 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ये छात्रावास महिलाओं को सुरक्षित, सस्ती और सम्मानजनक आवास सुविधा उपलब्ध कराएंगे।

### 18,925 आंगनबाड़ी केंद्रों का हो रहा विकास

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी 18,925 आंगनबाड़ी केंद्रों को आंगनवाड़ी सह प्री-स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को खेल आधारित प्रारंभिक शिक्षा दी जाएगी, जिससे उनकी सीखने की क्षमता और आत्मविश्वास मजबूत होगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण देकर शिक्षा की बुनियाद को और सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि बच्चों का भविष्य शुरुआत से ही सही दिशा में आकार ले।

### सुख आश्रय से संवेदनशील शासन की बनी मिसाल

**सरकार** की सुख आश्रय योजना को मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सामाजिक इतिहास का अहम अध्याय बताया। इस योजना के तहत अनाथ बच्चों और बेसहारा महिलाओं की परवरिश, शिक्षा और आजीविका की पूरी जिम्मेदारी राज्य स्वयं उठा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दूरदर्शी पहलों के जरिए प्रदेश सरकार एक ऐसा हिमाचल गढ़ रही है, जहां महिलाएं और बच्चे केवल संरक्षित नहीं, बल्कि सशक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन के साथ आगे बढ़ें।

# निष्पक्ष और त्वरित जांच से बढ़ेगी अपराध मामलों में दोषसिद्धि




कार्यशाला में बोलते अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

◆ **शिमला में एनडीपीएस, पोक्सो और एससी/एसटी एक्ट पर पहली समावेशी कार्यशाला**

**ब्यूरो, शिमला।** जिला प्रशासन शिमला ने एनडीपीएस एक्ट 1985, एससी, एसटी एक्ट 1989 और पोक्सो एक्ट 2012 को लेकर होटल होलीडे होम में एक दिवसीय समावेशी कार्यशाला आयोजित की। पहली बार जिले में इतने व्यापक स्तर पर हुए इस मंथन में एसडीएम, डीएसपी, अभियोजन अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग और सभी एसएचओ शामिल हुए। उद्देश्य साफ रहा कि चिट्टा तस्करों और गंभीर अपराधों में त्वरित, पुख्ता जांच कर दोषसिद्धि सुनिश्चित करना।

उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा कि देवभूमि में न्याय दिलाना सर्वोपरि है और इसके लिए सभी हितधारकों को ईमानदारी से काम करना होगा। एसएसपी संजीव कुमार गांधी ने निष्पक्ष, तथ्यपरक और त्वरित जांच पर जोर देते हुए कहा कि पूर्वाग्रह जांच को कमजोर करता है, आरोपों की नहीं, सच्चाई की पड़ताल से ही चार्जशीट मजबूत बनती है। जिला न्यायवादी ने बताया कि 2021-25 के बीच एनडीपीएस मामलों में दोषसिद्धि दर 26 प्रतिशत रही, जबकि पॉक्सो मामलों में कुल औसत 35 प्रतिशत रहा।

# मनाली में राजस्व अधिकारी पर हमला कांग्रेस राज की सच्चाई : रणधीर शर्मा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा कि राज्य में कांग्रेस शासन के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। जिसका ताजा उदाहरण मनाली विधानसभा क्षेत्र की राउगी पंचायत में देखने को मिला, जहां सरकारी आदेश के तहत जमीन की निशानदेही करने पहुंचे पटवारी भोप सिंह सहित राजस्व विभाग की टीम पर कथित तौर पर बीडीसी नग्गर के अध्यक्ष खेख राम द्वारा हमला किया गया, जिसमें पटवारी गंभीर रूप से घायल होकर ढालपुर अस्पताल में भर्ती हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रदेश के गृहमंत्री स्वयं मुख्यमंत्री हैं तो ऐसी अराजकता की जिम्मेदारी किसकी है, और मांग की कि आरोपी के खिलाफ अभिलंब सख्त धाराओं के तहत मामला दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी हो।

# कुसुम्पटी को नई तहसील बनाने का प्रस्ताव सरकार को भेजा : उपायुक्त

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** जिला प्रशासन शिमला ने कुसुम्पटी को अलग तहसील बनाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया है। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि वर्तमान में कुसुम्पटी क्षेत्र शिमला ग्रामीण तहसील के अंतर्गत आता है, जहां 32 पटवार सर्कलों के माध्यम से व्यापक भौगोलिक क्षेत्र और तीन विधानसभा क्षेत्रों का काम देखा जा रहा है।

शिमला शहर के आसपास तेजी से बढ़ती आबादी, राजस्व मामलों, न्यायालयीन प्रकरणों और फील्ड वेरिफिकेशन की संख्या के चलते प्रशासनिक कार्यों में लगातार चुनौतियां सामने आ रही हैं, जिसे देखते हुए नई तहसील की आवश्यकता महसूस की गई है। इस संबंध में प्रस्ताव हिमाचल प्रदेश सरकार को भेजा जा चुका है। उपायुक्त के अनुसार नए प्रस्ताव में कसुम्पटी तहसील के तहत 17 पटवार सर्कल और 4 फील्ड कानूनगो सर्कल प्रस्तावित किए गए हैं। इस तहसील के अंतर्गत कुल 17,032.29 हेक्टेयर भूमि, 86,983 खसरा नंबर और 12,080 खतौनी नंबर शामिल होंगे, जबकि करीब 91,924 की आबादी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। चार नए पटवार सर्कल चमियाना, रझाना, डूम्मी और जनोल में बनाए जाने का प्रस्ताव है, वहीं कुसुम्पटी, चमियाना और शोघी में दो फील्ड कानूनगो सर्कल स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही इस तहसील के दायरे में 83 सरकारी स्कूल, 21 पोस्ट ऑफिस, 27 बैंक शाखाएं और अनेक सरकारी कार्यालय शामिल होंगे, जिससे प्रशासनिक सेवाएं आम लोगों तक अधिक सुगमता से पहुंच सकेंगी।

# कशमल की जड़ों के बेतहाशा दोहन पर उठे सवाल

अनंत ज्ञान



ढूंड में कशमल की जड़ों से भरी जीप। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जिला शिमला के मशोबरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सतलाई के वार्ड ठूंड में इन दिनों कशमल की जड़ों का बड़े पैमाने पर दोहन हो रहा है। ठेकेदार की लेबर ने टेंट लगाकर डेरा जमा रखा है और मजदूरों को एक क्विंटल जड़ें उखाड़ने के बदले एक हजार रुपए दिए जा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि सैकड़ों टन के हिसाब से यह जंगली वनस्पति अन्य राज्यों तक पहुंच रही है, जिससे इलाके के जंगलों पर सीधा दबाव बढ़ा है।

◆ **सैकड़ों टन बाहर भेजे जाने की आशंका, भूमि पर बढ़ा खतरा**

स्थानीय लोगों का कहना है कि निजी मलकीयत की बजाय सरकारी भूमि से कशमल उखाड़ी जा रही है। जिस रफ्तार से जड़ें निकाली जा रही हैं, उससे यह पौधा भविष्य में हमेशा के लिए नष्ट हो सकता है। बुद्धिजीवी वर्ग मानता है कि जंगली फलदार पौधों के खत्म होने से वन्य जीव रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ रहे हैं, जबकि पेड़-पौधों के उखड़ने से पर्यावरणीय संतुलन भी बिगड़ रहा है।

कशमल एक झाड़ीदार जंगली पौधा है, जो जंगलों में स्वयं उगता है और चार-पांच मीटर तक ऊंचा होता है। इसके नीले रंग के छोटे फल आयरन से भरपूर होते हैं, जिन्हें इंसान के साथ बंदर और अन्य जानवर भी खाते हैं। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. विश्वबंधु जोशी के अनुसार कशमल, जिसे वनस्पति विज्ञान में बरबेरीज कहा जाता है, से आंखों की दवा रसौंत बनती है। इसकी जड़ें मधुमेह, पीलिया और बवासीर में उपयोगी मानी जाती हैं, इसी कारण खुले बाजार में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है।

संबंधित बीट के फॉरेस्ट गार्ड लब्बूराम के मुताबिक विभाग ने आगामी 31 मार्च तक निजी भूमि से कशमल की जड़ें निकालने की अनुमति दी है। सिरमौर का ठेकेदार संजीव कंवर खरीद कर रहा है और यदि सरकारी भूमि से दोहन पाया गया तो कार्रवाई होगी। सवाल यह है कि निगरानी के बिना जारी यह सिलसिला जंगलों को कितना नुकसान पहुंचा चुका है और क्या समय रहते सख्ती हो पाएगी।

# आयरलैंड के गिटार वादक ग्राहम डियूंस ने गुरुकुल धरेच में सीखा भारतीय संगीत

अनंत ज्ञान



गिटार वादक ग्राहम डयून्स, साथ में तबला गुरु विक्रम गंधर्व। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** संगीत की तलाश सीमाओं को पार करने से जरा भी नहीं हिचकचाती। ऐसा ही नजारा राज्य के जिला शिमला के धरेच में देखने को मिल रही है, जहां आयरलैंड के प्रसिद्ध गिटार वादक ग्राहम डियूंस भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई को समझने के लिए गुरुकुल परंपरा में तबला सीख रहे हैं। धरेच स्थित गुरुकुल में वे देश के जाने-माने तबला वादक विक्रम गंधर्व से प्रत्यक्ष रूप से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। ग्राहम इससे पहले कई वर्षों तक ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से जुड़े रहे, लेकिन अब भारत आकर गुरु-शिष्य परंपरा के सान्निध्य में संगीत का जीवंत अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

गुरुकुल धरेच में अपने प्रवास के दौरान ग्राहम डियून्स ने न केवल हिंदुस्तानी ताल-लय को नजदीक से समझा, बल्कि हिमाचल की शांत वादियों और प्रकृति के सुकून का भी भरपूर आनंद लिया। विक्रम गंधर्व के अनुसार ग्राहम डियूंस की पत्नी आयरलैंड की जानी-मानी गायिका हैं और वर्तमान में आई विश म्यूजिक आर्टिस्ट्स एसोसिएशन-1 की अध्यक्ष भी हैं। यह दंपती आयरलैंड में नियमित रूप से आयरिश संगीत कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सक्रिय भूमिका निभाता आया है।

अपने भारत प्रवास के दौरान ग्राहम डियून्स विक्रम गंधर्व म्यूजिक स्कूल में गिटार का विशेष प्रशिक्षण भी देंगे, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी भाग लेंगे। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए पश्चिमी वाद्य गिटार और भारतीय ताल-लय की समझ को एक साथ जोड़ने का अनजा अवसर होगी। उल्लेखनीय है कि गुरुकुल धरेच की स्थापना विक्रम गंधर्व द्वारा की गई है। यहां प्रतिवर्ष तबला ग्रीष्म शिविर और तबला शीत शिविर का आयोजन होता है, जिनमें देश-विदेश से अनेक तबला एवं संगीत विद्यार्थी भाग लेते हैं। यह गुरुकुल आज भारतीय ताल परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय केंद्र बनता जा रहा है, जहां भारत और विश्व के संगीतकार एक-दूसरे से सीखकर सांस्कृतिक सेतु को और अधिक सशक्त कर रहे हैं।

# गुम्मा में स्प्रे ऑयल के लिए मचा हाहाकार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई क्षेत्र के गुम्मा में इन दिनों हालात चिंताजनक हैं। एचपीएमसी केंद्रों के बाहर स्प्रे ऑयल के लिए बागवानों की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन सीमित आपूर्ति के कारण कई बागवान घंटों इंतजार के बाद भी निराश लौटने को मजबूर हैं। सेब बागवानी के अहम मौसम में इस तरह की किल्लत ने पूरे क्षेत्र में बेचैनी और रोष पैदा कर दिया है।



◆ **एचपीएमसी केंद्रों पर बागवानों की लंबी कतारें नहीं हो रही कम**

बागवानों का कहना है कि समय पर स्प्रे न होने से फसल पर सीधा असर पड़ सकता है, लेकिन व्यवस्था उनकी मजबूरी नहीं समझ पा रही।

इस मुद्दे पर जिला परिषद सदस्य अनिल काल्टा ने मौजूदा व्यवस्था पर तीखे सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि पहले एचपीएमसी केंद्रों पर स्प्रे ऑयल के साथ खाद, चपाटिया पेस्ट, ब्लाइटॉक्स, कीटनाशक, बोर्डो मिक्सचर और स्प्रे मशीनें आसानी से मिल जाती थीं, जबकि अब बागवानों को बुनियादी जरूरतों के लिए भी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर बागवानों को परेशान किया जा रहा है और शिक्षा मंत्री इस गंभीर मसले पर खामोशी साधे हुए हैं।

अनिल काल्टा ने कहा कि बागवानों की सुध अक्सर चुनाव के समय ही ली जाती है, जबकि जमीनी समस्याएं अनसुनी रह जाती हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप कर स्प्रे ऑयल सहित बागवानी से जुड़ी आवश्यक सामग्री की नियमित और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि बागवानों को राहत मिले और खेती-बागवानी का काम समय पर पूरा हो सके।

# चनोग को मिली 3 .50 करोड़ की विकास की सौगात

## लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सड़कों, रेस्ट हाउस और खेल मैदानों का किया लोकार्पण

अनंत ज्ञान




चनोग में उपस्थिति को संबोधित करते हुए मंत्री विक्रमादित्य सिंह। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चनोग में लगभग 3.50 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है और शिमला ग्रामीण की अंतिम पंचायत होने के कारण चनोग को विकास की दृष्टि से विशेष महत्व दिया जा रहा है। इस दौरान कफलेड, पोआबो-सुजाना और शाल-चनोग संपर्क सड़कों को चौड़ा व पक्का करने के लिए करोड़ों रुपए की स्वीकृति दी गई, जिससे ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी होगी।

मंत्री ने बताया कि पोआबो में नए रेस्ट हाउस के निर्माण, प्राथमिक पाठशाला चनोग में अतिरिक्त कमरों और कफलेड, सुजाना व बरोग में खेल मैदानों पर भी निवेश किया गया है। उन्होंने कहा कि पोआबो रेस्ट हाउस को ईको टूरिज्म के तहत विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें और क्षेत्र में पर्यटन को नई दिशा मिले। उन्होंने शिमला ग्रामीण में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के विकास कार्यों को याद करते हुए कहा कि उन्हीं से प्रेरणा लेकर क्षेत्र के समग्र विकास को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### पीएमजीएसवाई, फोरलेन व पेयजल योजनाओं पर फोकस

**विक्रमादित्य** सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में शिमला ग्रामीण की चार सड़कों को शामिल किया गया है, जिससे दूर-दराज की बस्तियों को सड़क सुविधा मिलेगी। शालाघाट-शिमला फोरलेन के सर्वे में आंशिक बदलाव की जानकारी देते हुए उन्होंने लोगों से संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया। साथ ही पेयजल से वंचित घरों के लिए जल शक्ति विभाग के माध्यम से सर्वे कर डीपीआर तैयार की जा रही है, जिस पर 20 से 25 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अंत में उन्होंने पंचायत की अन्य मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

**हलचल** | जातीय, क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन के साथ पार्टी की जड़ें मजबूत करने की तैयारी

# कांग्रेस में संगठन सृजन की तेजी, नई कार्यकारिणी पर जोर

अनंत ज्ञान




राजीव भवन शिमला में कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की राज्य स्तरीय बैठक का दृश्य। अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी के गठन को लेकर हलचल तेज हो गई है। संगठन के भीतर नए सिरे से संतुलन साधने की कवायद चल रही है और जातीय, क्षेत्रीय व सामाजिक प्रतिनिधित्व को लेकर गहन मंथन किया जा रहा है। पार्टी नेतृत्व चाहता है कि नई कार्यकारिणी न केवल समावेशी हो, बल्कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती देने में भी सक्षम साबित हो।

इसी क्रम में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में अनुसूचित जाति विभाग की राज्य स्तरीय बैठक को संगठनात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है। बैठक और उससे जुड़े राजनीतिक संदेशों ने साफ किया कि पार्टी अब संगठन सृजन की प्रक्रिया को तेज करने के मूड में है। अखिल भारतीय कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने भी बातचीत में यह संकेत दिया कि पूरे देश में संगठन सृजन के तहत पदाधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है, ताकि पार्टी की जड़ें और मजबूत हों।

### संगठन में सभी वर्गों की भागीदारी होगी सुनिश्चित : विनय

**बैठक** के आखिरी चरण में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में पीसीसी, जिला और ब्लॉक स्तर पर कार्यकारिणी के गठन को लेकर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में पार्टी गंभीर है और बैठक में आए सुझावों को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नई कार्यकारिणी संगठन को नई ऊर्जा देने का काम करेगी।

बैठक के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों, लोकतांत्रिक संस्थाओं और जनहित योजनाओं को लेकर भी सवाल उठे। वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा हालात में सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास जरूरी हैं। इस चर्चा को पीसीसी कार्यकारिणी के गठन से जोड़कर देखा जा रहा है, जहां अलग-अलग वर्गों को साथ लेकर चलने की रणनीति पर काम हो रहा है।

# कोटखाई में दीवार ढहने से नेपाली दंपती की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के कोटखाई उपमंडल के पुडग गांव में डंगे की दीवार ढहने से एक बेहद हृदयविदारक हादसा सामने आया, जिसमें मलबे की चपेट में आने से नेपाली दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रेम और अनिता के रूप में हुई है, जो यहां मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पाल रहे थे। बताया जा रहा है कि देर रात अचानक डंगे की दीवार भरभराकर ढह गई और साथ ही भारी मलबा नीचे बने कमरे पर आ गिरा, जिससे दोनों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची, मलबा हटाकर शवों को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है, वहीं स्थानीय लोगों ने कमजोर डंगों को लेकर प्रशासन से पहले भी चेतावनी दिए जाने की बात कही है।

# 133 ईकोलॉजिकल टास्क फोर्स ने स्कूली छात्रों को कराया व्यावहारिक प्रशिक्षण

अनंत ज्ञान

◆ **पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**



133 इकोलॉजिकल टास्क फोर्स के साथ पौधरोपण करते विद्यार्थी। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए 133 इकोलॉजिकल टास्क फोर्स की ओर से एसीवी स्थित स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विशेष पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रकृति संरक्षण के महत्व से अवगत कराया गया और उन्हें पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान उन्हें पेड़ों के महत्व, जैव विविधता की सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में सरल और व्यवहारिक जानकारी दी गई। टास्क फोर्स के अधिकारियों ने बताया कि पेड़ न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए स्वच्छ जीवन की बुनियाद भी हैं।

### छात्रों में जागरूकता व जिम्मेदारी की भावना हुई मजबूत

**इस** पहल का उद्देश्य छात्रों को किताबों की सीमित जानकारी से आगे ले जाकर प्रकृति से सीधा जुड़ाव कराना था। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना विकसित हुई। शिक्षकों ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं।

# पितपापड़ा

## कड़वाहट में छिपा प्रकृति का अमृत



**जब हम पारंपरिक औषधीय पौधों की बात करते हैं, तो कुछ ऐसे वनौषधीय रत्न हैं, जो साधारण दिखते हुए भी असाधारण गुणों से भरपूर होते हैं। पितपापड़ा ऐसा ही एक बहुमूल्य औषधीय पौधा है, जिसे आयुर्वेद में विशेष स्थान प्राप्त है। इसकी हल्की कड़वाहट ही इसकी पहचान है और यही कड़वाहट इसे रोगनाशक बनाती है, लेकिन यह सचमुच आश्चर्यजनक है कि अज्ञानता के कारण हम पितपापड़ा जैसे अनेक औषधीय गुणों से भरपूर पौधों को बेकार समझ कर उखाड़ फेंकते हैं।**

**पितपापड़ा** एक कोमल, शाखायुक्त, वार्षिक औषधीय पौधा है, जो भारत के मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में सर्दियों से लेकर वसंत ऋतु तक प्राकृतिक रूप से उगता है। हैं। इसका वानस्पतिक नाम फ्यूमैरिया इंडिका है और यह पैपावेरेसी (पोस्त) कुल से आता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इसे पितपापड़ा, शहतराह, पर्पटा, शाहतरा आदि नामों से जाना जाता है। यह पौधा खेतों की मेड़, बंजर भूमि, बगीचों और हल्की नमी वाली जगहों पर सहज ही उग आता है। प्राय यह गेहूं के खेतों में एक खरपतवार के रूप में उगा हुआ मिलता है। पितपापड़ा की पत्तियां बारीक, कटी-फटी और हल्के हरे रंग की होती हैं। इसके छोटे-छोटे गुलाबी या बैंगनी रंग के फूल इसकी सुंदरता बढ़ाते है। आयुर्वेदिक ग्रंथों में इसे रस प्रधान माना गया है, जो पित्त दोष को संतुलित करने में अत्यंत उपयोगी माने गए हैं। शायद यही कारण है कि इसको स्थानीय नाम पितपापड़ दिया गया है।

### वानस्पतिक नाम फ्यूमैरिया इंडिका



## साग के अलावा पारंपरिक उपयोग विधियां

*पितपापड़ा स्वाद में कड़वा होता है, हालांकि इसके फूल पत्तियों के मुकाबले कम कड़वे होते हैं, इसलिए उनको कुछ कोमल पत्तों के साथ खाने में निम्न प्रकार से उपयोग किया जा सकता है।*

**टॉनिक चाय**
अदरक, गुड और सूखे या ताजे पौधे से बनी चाय।

**स्वरस (रस)**
ताजे पौधे के रस में थोडा नींबू का रस और शहद सीमित मात्रा में लें।

**चूर्ण**
सुखाकर बनाया गया चूर्ण अन्य औषधियों के साथ।

*__कुछ__ फूल व पत्तियां अनय खाने योग्य पत्तों के साथ आमलेट, चिल्ला, परांठा या फिर किसी भी मनचाहे पारंपरिक व्यंजन में औषधी की तरह उपयोग की जा सकती है। इसके कुछ ऊपर वाले भागों को पानी में भिगोकर, उसमें शहद या गुड़ मिला कर गर्मियों में शरबत के रूप में पी सकते हैं।*



डॉ. तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान, वल्लभ राजकीय महाविद्यालय, मंडी





## लोक और पारंपरिक चिकित्सा में महत्व

**पारंपरिक** चिकित्सा प्रणाली में पितपापड़ा का पूरा पौधा औषधीय रूप से उपयोगी माना जाता है। आयुष पद्धति में इसे टॉनिक, मूत्रक एवं स्वेदजनक औषधि के रूप में प्रयोग किया जाता है। लोक ज्ञान के अनुसार, इसकी औषधीय शक्ति को बनाए रखने के लिए स्थानीय लोग इसके भूमि के ऊपर वाले भागों को सीमित मात्रा में एकत्र कर अन्य उपलब्ध सागों के साथ 'साग' के रूप में पकाकर सेवन करते हैं। पितपापड़ा से एक शीतल पेय भी तैयार किया जाता है, जिसमें पौधे के ऊपर वाले भागों के जल-संसाध को शहद या किसी अन्य प्राकृतिक मधुर पदार्थ के साथ मिलाया जाता है। यह पेय शरीर को ठंडक प्रदान करता है और विशेष रूप से गर्मी व बुखार में लाभकारी माना जाता है। पितपापड़ा के ताजे अथवा सूखे भागों का उपयोग खट्टे वनस्पति दूध को तैयार करने में भी किया जाता है। प्रत्येक लीटर द्रव में इसकी कुछ टहनियां डालकर उसे खट्टा होने दिया जाता है, बाद में टहनियां निकाल दी जाती हैं। इससे दूध में हल्का खट्टापन, बेहतर स्वाद आता है तथा यह प्राकृतिक संरक्षक की तरह कार्य कर दुर्गंध और खराब स्वाद से बचाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पितपापड़ा का काढ़ा आधा कप सुबह, 3 से 5 दिन तक बुखार में बहुत प्रभावी होता है। आयुर्वेद में इसेउ अकेले या गिलोय, आंवला, चंदन और सोंठ के साथ मिलाकर ज्वर निवारण के लिए दिया जाता है। पितपापड़ा शरीर के दूसरे रोगों दर्द, दस्त, फ्लू, अपच, यकृत की समस्या, मुंह के छाले और त्वचा रोगों में भी उपयोगी माना जाता है। यह कृमिनाशक, भूख बढ़ाने वाला, हल्का रेचक और रक्त को शुद्ध करने वाला पौधा है। आयुर्वेदिक बाजारों में यह 'पितपापड़ा' नाम से मिलता है और यूनानी चिकित्सा पद्धति में भी इसका उपयोग किया जाता है, जहां बच्चों में कमजोरी, बुखार के दौरान शरीर को ठंडक देने, कब्ज और अपच में इसका ठंडा जल-घोल दिया जाता है। त्वचा रोगों में इसे रक्तशोधक के रूप में तथा सूजे हुए जोड़ों पर बाहरी लेप के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। सोचिए इतने काम का पौधा हमारे आस-पास उगता है और हम इसे खरपतवार समझकर उखाड फेंकते हैं।

## औषधीय गुण

| उपयोग | लाभ |
|---|---|
| पित्तनाशक | पित्त विकार, जलन शरीर की गर्मी व अम्लता कम करता है |
| रक्तशोधक | त्वचा रोग, फोड़े-फुंसी रक्त को शुद्ध करता है |
| यकृत टॉनिक | पीलिया, फैटी लिवर लिवर की कार्यक्षमता बढ़ाता है |
| ज्वरनाशक | हल्का बुखार, ताप व सूजन कम करता है |
| पाचनवर्धक | अपच, अरुचि भूख बढ़ाता है |
| शोथहर | सूजन, जलन शरीर में सूजन कम करता है |
| त्वचा रोगनाशक | खुजली, एक्जिमा, मुंहासे त्वचा को भीतर से शुद्ध करता है |
| मूत्रवर्धक | शरीर में विषाक्तताटॉक्सिन्स बाहर निकालने में सहायक |
| किडनी की पत्थरी | मूत्र प्रवाह बढ़ाने के कारण छोटे क्रिस्टल बाहर निकलने में मदद मिलती है। किडनी की कार्यक्षमता को सहारा |
| कृमिनाशक | आंतों के कीड़े पारंपरिक रूप से उपयोगी |
| शीतल प्रकृति | गर्मी में उपयोग शरीर को ठंडक देता है |



**खाद्य मूल्य (प्रति 100 ग्राम ताजा भाग)**

| पोषक तत्व | मात्रा (प्रति 100 g) |
|---|---|
| ऊर्जा | 25-30 kcal |
| नमी | 80-85 g |
| कार्बोहाइड्रेट | 4.5-6.0 g |
| प्रोटीन | 1.2-1.8 g |
| वसा | 0.2-0.4 g |
| आहार रेशा | 2.0-3.0 g |
| कुल खनिज | 1.5-2.0 g |
| कैल्शियम | 80-120 mg |
| आयरन | 2.0-3.5 mg |
| फॉस्फोरस | 30-45 mg |
| पोटैशियम | 180-250 mg |
| विटामिन सी | 18-30 mg |
| कड़वे तत्व | अल्प-मध्यम मात्रा |

### रासायनिक घटक

*पितपापड़ा की पत्तियों व तनों में प्रोटोपीन, नोनाकोसानोल, सिटोस्टेरॉल, एल्केन्स एवं स्टेरॉल्स पाए गए हैं। बीजों में प्रोटोपीन, टेट्राहाइड्रोकॉप्टिसी, डाइहाइड्रोसैंग्विनेरिन, फ्यूमारिलिन एवं ऑक्सीसैंग्विनेरिन जैसे यौगिक उपस्थित हैं। आधुनिक शोधों के अनुसार, पूरे पौधे से सैंग्विनेरिन, क्रिप्टोपीन, फ्यूमारिडीन, फ्यूमारामीन, बाइ-क्यूकुलीन, नार्सीमीन आदि अनेक क्षारक पृथक किए गए हैं, जो इसके औषधीय गुणों का वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हैं।*

### पितपापड़ा का महत्व

**आज जब** जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां, त्वचा रोग व लिवर संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं, तब पितपापड़ा जैसी पारंपरिक औषधियों को पुनः दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है।

# पहाड़ी क्षेत्रों में तेजी से पैर पसार रही पाइल्स की समस्या

**नियमित रूप से पानी पीना, हरी सब्जियां खाना और रेशेदार भोजन लेना जरूरी**
**सुबह टहलना और नियमित व्यायाम फायदेमंद**

**भागदौड़** भरी जिंदगी, असंतुलित खानपान और बदलती जीवनशैली कई बीमारियों को जन्म दे रही है। इन्हीं में से एक बवासीर की बीमारी है, जो अब सिर्फ मैदानी इलाकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि पहाड़ी क्षेत्रों में भी तेजी से अपने पैर पसार रही है। हिमाचल में पाइल्स के मरीजों की संख्या बढ़ रही है, जिससे जिला अस्पताल में इस बीमारी से ग्रसित लोगों में पाइल्स के लक्षण देखने को मिल रहे हैं। इसका कारण है तीखा भोजन, कम पानी पीना, खाने में फाइबर की मात्रा कम होना, ज्यादा नमक खाना और नॉनवेज का सेवन। 25 से 50 साल की उम्र के लोगों में इसके लक्षण अधिक देखने को मिलते हैं और जिला अस्पताल में करीब 30 से 40 फीसदी मरीज इसी बीमारी से जुड़े आ रहे हैं। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता ने अनंत ज्ञान को बताया कि पाइल्स को बवासीर भी कहा जाता है और इसके कुछ सामान्य लक्षण होते हैं। शौच के समय खून आना, शौच वाली जगह में सूजन होना और शौच करते वक्त अधिक दर्द होना, इसके मुख्य लक्षणों में शामिल हैं। इसका मुख्य कारण कम पानी पीना, कम फाइबर वाला भोजन, ज्यादा तेल और मसालेदार खाना, नॉनवेज और फास्ट फूड का अधिक सेवन है। इन दिनों अस्पतालों में आने वाले रोगियों में 25 से 30 प्रतिशत मरीज पाइल्स से संबंधित ही होते हैं।




## इलाज संभव

**पाइल्स** दो प्रकार के होते हैं। एक इंटरनल और दूसरा एक्सटर्नल। इंटरनल पाइल्स में गुदा के अंदर मस्से होते हैं, जो कभी-कभी खून गिराने का कारण बनते हैं। एक्सटर्नल पाइल्स में गुदा के बाहर मस्से बन जाते हैं, जिससे काफी दर्द और जलन होती है। समय पर इलाज न करने पर यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। अगर पाइल्स की समस्या ज्यादा बढ़ जाती है, तो डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं। तकनीक से बिना ज्यादा दर्द के इलाज संभव है। डॉक्टरों का कहना है कि अगर शुरुआती लक्षणों को पहचानकर सही समय पर इलाज लिया जाए, तो सर्जरी की नौबत नहीं आती है।

## खानपान का रखें विशेष ध्यान

**डॉ.** गुप्ता बताया कि इससे बचने के लिए अधिक पानी पीना चाहिए, हरी सब्जियां, सलाद और फल ज्यादा खाने चाहिए और खानपान व पाचन का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पाइल्स के लक्षण आमतौर पर 25 से 50 साल की उम्र के लोगों में अधिक देखने को मिलते हैं। इसके साथ ही हल्की-फुल्की एक्सरसाइज करनी चाहिए, जो लोग बैठे रहते हैं या बिलकुल नहीं हिलते-डुलते उन्हें कब्ज ज्यादा होता है। यही कब्ज आगे चलकर सख्त स्टूल का रूप लेता है, जिससे पाइल्स होता है। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता कम होती है, जिसके कारण लोग पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पी पाते। इसके अलावा, खाने में फाइबर की मात्रा कम होना और ज्यादा मसालेदार भोजन करने की आदत भी एक बड़ी वजह है। पहाड़ी इलाकों में नॉनवेज का सेवन भी अधिक होता है, जिससे कब्ज की समस्या बढ़ती है। यही कारण है कि शहरों सहित अन्य पहाड़ी क्षेत्रों में पाइल्स के मरीजों की संख्या बढ़ रही है।



डॉ. एनके गुप्ता।

## ऐसे करें बचाव

**पाइल्स** से बचने के लिए नियमित रूप से पानी पीना, हरी सब्जियां खाना और रेशेदार भोजन लेना जरूरी है। इसके अलावा, सुबह टहलना और नियमित व्यायाम करने से पाचन तंत्र सही रहता है और कब्ज की समस्या दूर होती है। अगर खानपान सही रखा जाए और जीवनशैली में सुधार किया जाए, तो पाइल्स से बचाव संभव है।

प्रस्तुति : मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन




# ठंड से हर उम्र में हृदय रोग का बढ़ सकता खतरा




## बुजुर्गों पर भी ठंड का प्रभाव व्यस्कों की तुलना में ज्यादा

**गर्भवती** महिलाओं में भी ठंड का प्रभाव सामान्य व्यस्क की तरह है और बचाव भी उसी तरह का है। इनमें प्रीइक्लैमप्शिया, कम वजन का बच्चा, उच्च रक्तचाप, आदि की ज्यादा समस्या रहती है। बुजुर्गों पर ठंड का प्रभाव व्यस्कों की तुलना में ज्यादा होता है। हृदय पर प्रभाव उसी तरह होता है। तीस साल से ऊपर अचानक हृदय मौत की ज्यादा संभावना होती है। निष्कर्ष यह है कि सभी उम्र के लोगों को अत्यधिक ठंड से बचना चाहिए।

**नवजात** शिशु खासकर समय पूर्व जन्मा या जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों में भी ठंड से हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। इसके लिए रेस्पिरेटरी वायरस मुख्य रूप से जिम्मेदार है। ठंड से बचाव के लिए नवजात शिशु को एक से दो तह वाली कपड़े में लपेटकर गरम रखना चाहिए। घर का तापमान 70 डिग्री फारेनहाइट के आसपास, ज्यादा नहीं, होना चाहिए। तापमान का अनुमान कमरे का थर्मामीटर को उपयोग में लाकर या बच्चे के छाती के आगे या पीछे के भाग को छूकर किया जा सकता है। शिशु को ठंड से बचाव के लिए लोगों से दूर रखना, कम से कम बाहर ले जाना, स्तनपान, आदि जरूरी है। एक साल या उससे उपर के बच्चों में भी रेस्पिरेटरी सीनसाइटियल वायरस, इन्फ्लूएंजा एवं पारा इन्फ्लूएंजा वायरसों का खतरा ज्यादा होता है। नवजात शिशु की तरह बचने का उपाय है।



डॉ. अभय कुमार अशोक (एमबीबीएस, एमडी) फुटहिलर्स हेल्थ क्लीनिक कंडी (धर्मशाला)

व्यस्क में भी ठंड के कारण इन्फ्लूएंजा, रेस्पिरेटरी सीनसाइटियल वायरस, राइनो वायरस एवं कोरोना वायरस का प्रकोप बढ़ जाता है जो कि हृदय रोग बढ़ने का कारण होता है। ठंड के कारण दिल का दौरा, स्ट्रोक,एरिदमिया आदि बढ़ जाता है। इसका कारण यह है कि ठंड के कारण खून जम जाता है और हृदय द्वारा ऑक्सीजन का खपत बढ़ जाता है। हृदय रोग बढ़ने से बचने के लिए गर्म कपड़े, अधिक पेय पदार्थ, फ्लू/आर एसवी वायरस वैक्सीन का प्रयोग करें, बाहर बिना मतलब के कम निकलें। अगर छाती में दर्द महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं, अपने मन से कोई दवाई का सेवन नहीं करें।

प्रस्तुतिः राजेश कुमार अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

# सर्दियों में सामान्य कोलेस्ट्रॉल वाले लोगों को भी क्यों रहता है हार्ट अटैक का खतरा?

**आमतौर** पर जब भी हार्ट अटैक की बात होती है, तो सबसे पहले हाई कोलेस्ट्रॉल को इसका सबसे बड़ा कारण माना जाता है। लोगों के मन में यह धारणा गहराई से बैठी हुई है कि जिनका कोलेस्ट्रॉल स्तर सामान्य है, उन्हें दिल के दौरे का खतरा नहीं होता, लेकिन चिकित्सा विशेषज्ञों और हालिया शोध इस सोच को पूरी तरह खारिज करते हैं। खासतौर पर सर्दियों के मौसम में ऐसे कई मामले सामने आते हैं, जहां सामान्य कोलेस्ट्रॉल वाले लोगों को भी हार्ट अटैक का सामना करना पड़ा है। भारत जैसे देश में जहां मौसम, खानपान और जीवनशैली तेजी से बदल रही है, दिल से जुड़ी बीमारियां गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं। पहले जहां हार्ट अटैक को उम्रदराज लोगों की बीमारी माना जाता था। वहीं, अब यह युवाओं को भी अपनी चपेट में ले रहा है। सर्दियों में यह खतरा और बढ़ जाता है। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी हो जाता है कि आखिर सर्दियों में हार्ट अटैक का जोखिम क्यों बढ़ता है और इससे बचाव कैसे किया जा सकता है।




## केवल कोलेस्ट्रॉल नहीं, कई कारण हैं जिम्मेदार

**चिकित्सा** विज्ञान के अनुसार, शरीर में एलडीएल यानी 'बैड कोलेस्ट्रॉल' का बढ़ना दिल की धमनियों में रुकावट पैदा कर सकता है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ता है। लेकिन शोध बताते हैं कि करीब 40 से 50 प्रतिशत हार्ट अटैक ऐसे लोगों में होते हैं, जिनका कोलेस्ट्रॉल स्तर सामान्य सीमा में होता है। इसका मतलब साफ है कि हार्ट अटैक के पीछे केवल कोलेस्ट्रॉल ही जिम्मेदार नहीं होता। कई अन्य कारक भी हैं, जो दिल की सेहत को प्रभावित करते हैं। इनमें स्मोकिंग, डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा, तनाव, शारीरिक गतिविधि की कमी और अनियमित जीवनशैली प्रमुख हैं।

## सर्दियों में क्यों बढ़ता ज्यादा खतरा?

**नसों का सिकुड़ना और बढ़ता ब्लड प्रेशर :** ठंड के मौसम में शरीर खुद को गर्म रखने की कोशिश करता है। इस प्रक्रिया में रक्त वाहिकाएं और नसें सिकुड़ जाती हैं। जब नसें सिकुड़ती हैं, तो दिल को खून पंप करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इसका सीधा असर ब्लड प्रेशर पर पड़ता है, जो बढ़ सकता है। हाई ब्लड प्रेशर हार्ट अटैक का एक बड़ा जोखिम कारक माना जाता है।



-डॉ. बीडी ठाकुर, आयुर्वेदाचार्य सेवानिवृत्त ब्लॉक आयुर्वेद अधिकारी, बिलासपुर।

**खून का गाढ़ा होना और थक्के बनने का खतराः** सर्दियों में शरीर में कुछ हार्मोनल बदलाव होते हैं, जिनकी वजह से खून गाढ़ा होने लगता है। गाढ़ा खून आसानी से थक्का बना सकता है। यदि यह थक्का दिल की किसी धमनी में फंस जाए, तो हार्ट अटैक की स्थिति बन सकती है।

**शारीरिक गतिविधि में कमीः** ठंड के कारण लोग अकसर आलस और सुस्ती महसूस करते हैं। सुबह की सैर, योग या एक्सरसाइज जैसी गतिविधियां कम हो जाती हैं। लंबे समय तक बैठे रहना और शारीरिक गतिविधि की कमी दिल की सेहत के लिए नुकसानदायक होती है।

**सर्दियों का भारी और तला-भुना खानपान :** सर्दियों में गाजर का हलवा, पराठे, पकौड़े, मिठाइयां और तले हुए खाद्य पदार्थों का सेवन बढ़ जाता है। अगर इके साथ एक्सरसाइज न की जाए, तो वजन बढ़ना, मेटाबॉलिज्म धीमा होना और नसों में फैट जमा होना स्वाभाविक है।

## रिसर्चः गिरता तापमान देता दिल से जुड़ी समस्याओं को बढ़ावा

**साल** 2024 में अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी की एक प्रमुख मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध के अनुसार, ठंड के संपर्क में आने के तुरंत बाद नहीं, बल्कि 2 से 6 दिनों के भीतर हार्ट अटैक का खतरा सबसे ज्यादा होता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, ठंडी हवाएं और गिरता तापमान दिल से जुड़ी समस्याओं को बढ़ावा देता है। ऐसे कई लोग होते हैं, जिनका कोलेस्ट्रॉल स्तर नियंत्रित रहता है, लेकिन फिर भी उन्हें हार्ट अटैक हो जाता है। इसके पीछे कुछ अहम कारण हो सकते हैं।

- लंबे समय से तनाव
- नींद की कमी
- धूम्रपान और शराब का सेवन
- डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर
- वायु प्रदूषण का असर

# वजन और दिल की सेहत

**लोग मानते हैं कि अगर वे हेल्दी चीजें खा रहे हैं, तो वजन और दिल दोनों सुरक्षित रहेंगे, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि सिर्फ क्या खा रहे हैं, यह नहीं बल्कि कैसे बना रहे हैं और कितना खा रहे हैं, यह ज्यादा मायने रखता है।**

### चिकन का कौन सा हिस्सा है सही?

**चिकन ब्रेस्टः** कम कैलोरी और कम फैट, वजन घटाने वालों के लिए बेहतर
**चिकन थाई और विंग्सः** ज्यादा फैट, वजन या मसल्स बढ़ाने वालों के लिए उपयुक्त

### आलूः उबला फायदेमंद तला नुकसानदायक

**उबले** आलू पेट भरा रखते हैं और कम कैलोरी देते हैं, लेकिन जैसे ही आलू को तेल में तला जाता है, उसकी कैलोरी कई गुना बढ़ जाती है। फ्रेंच फ्राइज या एयर फ्राइड आलू भी वजन बढ़ा सकते हैं।

### अंडाः सफेद या पूरा?

अंडे का सफेद हिस्साः प्रोटीन से भरपूर, कम कैलोरी
**पूरा अंडाः** फैट और प्रोटीन दोनों, मसल्स बढ़ाने वालों के लिए बेहतर

### कॉफीः ब्लैक बेहतर या मीठी?

ब्लैक कॉफी लगभग जीरो कैलोरी होती है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देती है। लेकिन चीनी, क्रीम या सिरप मिलाने से यह कैलोरी बम बन जाती है।

### ग्रीक योगर्टः सादा या फ्लेवर वाला?

प्लेन ग्रीक योगर्ट प्रोटीन से भरपूर और कम कैलोरी वाला होता है। वहीं, फ्लेवर योगर्ट में शुगर और स्वीटनर अधिक होते हैं, जो वजन बढ़ा सकते हैं।

### हार्ट अटैक से बचाव के जरूरी उपाय

- सर्दियों में भी नियमित एक्सरसाइज करें
- ब्लड प्रेशर, शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच कराएं
- तला-भुना और ज्यादा नमक वाला भोजन सीमित करें
- धूम्रपान और शराब से दूरी बनाएं
- तनाव कम करने के लिए योग और ध्यान अपनाएं
- ठंड में खुद को गर्म रखें, खासकर सुबह और रात के समय

प्रस्तुतिः अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।

## न्यूज ब्रीफ

### लोगों ने जताया विधायक परमार का आभार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** बड़घवार पंचायत के लोगों ने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर सहयोग देने पर सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार का आभार जताया है। पंचायत में जिम व बच्चों के पार्क के लिए 5 लाख, खेल मैदान के लिए 19 लाख और बैडमिंटन कोर्ट के लिए 1 लाख रुपए की लागत से कार्य पूरे किए गए हैं। इन योजनाओं से युवाओं को खेल व फिटनेस के बेहतर अवसर मिले हैं और बच्चों के लिए सुरक्षित मनोरंजन स्थल विकसित हुआ है, जिससे गांव के समग्र विकास को गति मिली है।

### लोगों को दी सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक सीमित शाखा महाकाल के तत्वावधीन में नाबार्ड के सौजन्य से डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजन किया गया। इसमें शाखा प्रबंधक पूनम कुमारी व सह प्रबंधक सुमित शर्मा ने बैंक की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सेल्फ हेल्प ग्रुप ऋण योजना साइबर क्राइम, फेक फोन काल से बचाव आदि के लिए जाकरूक किया गया।

### एनसीसी 'ए' प्रमाणपत्र परीक्षा का आयोजन

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** एनसीसी 'ए' प्रमाणपत्र परीक्षा का सफल आयोजन रविवार को श्री साईं ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स पठानकोट में किया गया। इस परीक्षा में 500 से अधिक एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। संस्थान, जो इंजीनियर एसके पुंज के अध्यक्षत्व में संचालित है, ने परीक्षा के सुचारु और व्यवस्थित संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 7 पंजाब एनसीसी बटालियन, गुरदासपुर के कमांडिंग ऑफिसर ने एनसीसी गतिविधियों के लिए संस्थान प्रबंधन के निरंतर और निस्वार्थ सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सहयोग से कैडेटों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय भावना का विकास होता है।

### कोटला में हिंदू सम्मेलन, भजनों से गूंजा परिसर

**अनंत ज्ञान, कोटला।** सामुदायिक भवन कोटला में रविवार को स्वामी वेद प्रकाश की अध्यक्षता में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल के प्रख्यात लोक गायक राज गैरी ने भजनों की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। नन्हे बालक हार्दिक शर्मा ने गणपति भजन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जबकि अराध्य एवं कृष तथा एकल विद्यालय की छात्राओं ने धार्मिक प्रस्तुतियां दीं। स्वामी वेद प्रकाश महाराज ने सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ध्यान व ओम उच्चारण की विधि बताई। समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

**अनंत ज्ञान, गरली।** 25 जनवरी को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के परागपुर दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। पूरे क्षेत्र को हाई अलर्ट पर रखा गया है और सुरक्षा व कानून-व्यवस्था की पुख्ता तैयारियां की जा रही हैं। 19-20 जनवरी से विभिन्न जिलों से पुलिस कर्मियों के पहुंचने की संभावना है, जिनके ठहराव के लिए आईटीआई नैहरनपुखर, ढलियारा कॉलेज सहित कई स्थान चिन्हित किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सफाई अभियान भी चलाया।

### सहारा योजना की राशि जल्द हो जारी: नीलम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व प्रधान एवं भाजपा मंडल धर्मशाला शहरी की सचिव नीलम कुमारी ने सरकार से सहारा योजना की लंबित राशि शीघ्र लाभार्थियों के खातों में डालने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले छह माह से राशि न मिलने के कारण गंभीर बीमारियों से ग्रसित लाभार्थियों को दवाइयों तक के लिए परेशानी झेलनी पड़ रही है। उधर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डा. विवेक करोल ने बताया कि सभी मामले सरकार को भेज दिए गए हैं और लाभार्थियों को जीवन प्रमाणपत्र व असमर्थता प्रमाणपत्र समय पर जमा करवाना आवश्यक है।

### भडियाड़ा में बांटी पानी की टंकियां व गद्दे

**अनंत ज्ञान, गगल।** भडियाड़ा पंचायत में रविवार को समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला परिषद सदस्य कुलभाष चौधरी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने 18 महिला मंडलों और सात आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सात कम्युनिटी हेल्थ केंद्रों को पानी की तीस टंकियां और 100 गद्दे वितरित किए। वहीं, युवाओं को खेल सामग्री जैसे जैकेट और शूज बांटे गए। समारोह में लोक संपर्क विभाग की ओर से चिट्टे के ऊपर नुक्कड़ नाटक किया गया, जिसमें युवाओं को चिट्टे के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के सदस्य जोगिंद्र सिंह उर्फ पंकु कांगड़िया, पूर्व पंचायत प्रधान कुशला देवी, बैदी पंचायत की पूर्व प्रधान पिंकी देवी, निशा देवी, जसपाल सिंह, अभय सिंह, रिंकू चौधरी, पंचायत प्रधान रवि कुमार, विशाल, पवन आदि मौजूद थे।

# सीयू कैंपस देहरा को दिसंबर में मिलेगी अपनी पेयजल योजना

## साढ़े 13 करोड़ रुपए की योजना के निर्माण में जुटा जल शक्ति विभाग

◆ **योजना निर्माण से पहले किसी अन्य योजना से लिंक होगा कैंपस**

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी के देहरा में बन रहे कैंपस के लिए अपनी अलग से पेयजल योजना दिसंबर तक तैयार होगी। साढ़े 13 करोड़ रुपए लागत की इस योजना के निर्माण में जल शक्ति विभाग जुट गया है। योजना को दिसंबर में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। ऐसे में यदि देहरा कैंपस में सीयू की कक्षाएं जुलाई या अगस्त में शुरू हो जाती हैं तो उसके लिए किसी अन्य योजना से सीयू कैंपस को लिंक करके


देहरा में निर्माणाधीन सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस। अनंत ज्ञान

पानी मुहैया करवाने की बात जल शक्ति विभाग कह रहा है। साढ़े तेरह करोड़ रुपए लागत की इस योजना के तहत विभाग को दस करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हो चुकी है तथा कार्य शुरू हो चुका है।

**12 लाख लीटर प्रतिदिन की है जरूरत:** सीयू प्रशासन द्वारा देहरा कैंपस के लिए 12 लाख लीटर पानी प्रतिदिन की रिक्वायरमेंट जल शक्ति विभाग से की गई थी, उसी हिसाब से विभाग की ओर से योजना का प्रारूप तैयार किया गया है। उसी अनुरूप विभाग द्वारा ब्यास नदी से पानी उठाया जाएगा तथा पानी को ट्रीट करने के लिए मॉर्डन ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाएगा। साथ ही देहरा कैंपस में चार विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग टैंक भी निर्मित किए जाएंगे।



" **सीयू** के देहरा कैंपस के लिए ब्यास नदी से योजना स्वीकृत हुई है, जिसका टेंडर अवॉर्ड हो चुका है। जुलाई या अगस्त माह तक वहां पर कक्षाएं शुरू होने की संभावना है, तब विभाग की ओर से सीयू कैंपस देहरा को अन्य किसी योजना से जोड़कर पानी मुहैया करवाया जाएगा, जबकि दिसंबर 2026 तक सीयू की पेयजल योजना को तैयार करके सौंप दिया जाएगा।

**-दीपक गर्ग, चीफ इंजीनियर, जल शक्ति विभाग, जोन धर्मशाला**

## 8 दिन से लापता व्यक्ति का पौंग झील में मिला शव

अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** पुलिस थाना डाडासीबा के तहत आने वाली लंडियाडा पंचायत में लापता व्यक्ति का शव रविवार को पौंग झील लंडियाडा क्षेत्र में मिला है।

मृतक की पहचान बुधी सिंह 45 वर्ष पुत्र साहिब सिंह, निवासी गांव लंडियाडा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बुधी सिंह कुछ दिनों पहले घर से निकला था और वापस नहीं लौटा।

काफी तलाश के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने पुलिस थाना डाडासीबा में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रविवार को स्थानीय लोगों ने पौंग झील में शव तैरता देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी मदन मोहन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से शव को झील से बाहर निकलवाया और पहचान की प्रक्रिया पूरी की।

मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों- एक बेटा व एक बेटी को छोड़ गया है। डीएसपी डाडासीबा राजकुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देहरा अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### आम आदमी पार्टी करेगी जनसंपर्क अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** उपमंडल जयसिंहपुर के अंतर्गत रविवार को आम आदमी पार्टी की बैठक बालकरूपी में मंडल अध्यक्ष कैप्टन विनोद कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और प्रत्येक बूथ पर जनसंपर्क अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कालीदास, शेर सिंह, प्रभात कौंडल, संजय राणा, राज कुमार, वेद प्रकाश के साथ आप के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजयुमो की प्रदेश व जिलास्तरीय सोशल मीडिया एवं आईटी कार्यशाला आयोजित

## आज की राजनीति, डिजिटल माध्यमों से हो रही संचालित : डॉ. सन्नी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से संगठन को डिजिटल रूप से और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश एवं जिला स्तरीय सोशल मीडिया एवं आईटी कार्यशाला का आयोजन धर्मशाला में हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला की अध्यक्षता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला ने की। कार्यशाला में सोशल मीडिया विशेषज्ञ वक्ता के रूप में करण विजय शर्मा (अमरावती, महाराष्ट्र) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, सकारात्मक नैरेटिव निर्माण, डिजिटल कैंपेन की रणनीति तथा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के आधुनिक एवं व्यावहारिक तरीकों पर युवाओं को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला में युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री सुशील करशोली एवं प्रदेश महामंत्री शाश्वत कपूर की विशेष गरिमामयी उपस्थिति रही।

दोनों नेताओं ने संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर जोर देते हुए युवाओं का उत्साहवर्धन किया। भाजपा आईटी विभाग के प्रदेश संयोजक एवं मुख्य वक्ता अनिल डडवाल ने युवाओं को आईटी के माध्यम से संगठन को सशक्त बनाने, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के सुरक्षित व प्रभावी उपयोग तथा आने वाले समय की राजनीतिक चुनौतियों के लिए तकनीकी रूप से तैयार रहने का मार्गदर्शन दिया।

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सन्नी शुक्ला ने कहा कि आज की राजनीति डिजिटल माध्यमों से संचालित हो रही है। यदि युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता सोशल मीडिया और आईटी में दक्ष होगा, तभी संगठन की विचारधारा तथा केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां मजबूती से जनता तक पहुंच सकेंगी।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवा कार्यकर्ताओं की डिजिटल क्षमता को सुदृढ़ करना, संगठनात्मक समन्वय को और मजबूत करना तथा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को तकनीक के माध्यम से अधिक प्रभावी बनाना रहा है। कार्यशाला यह स्पष्ट संदेश देती है कि भारतीय जनता युवा मोर्चा आने वाले समय में डिजिटल राजनीति के क्षेत्र में पूरी रणनीति, आत्मविश्वास और मजबूती के साथ कार्य करने के लिए पूर्णत: तैयार है।


धर्मशाला में प्रदेश एवं जिलास्तरीय सोशल मीडिया एवं आईटी कार्यशाला आयोजित। अनंत ज्ञान

## छात्रा मौत मामले की आज आ सकती है मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला की छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, रैंगिंग और कथित यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में छात्रा के इलाज व मेडिकल हिस्ट्री की जांच को लेकर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट सोमवार को आने की संभावना है। मामले में अहम मानी जा रही मेडिकल बोर्ड रिपोर्ट से इस घटना से रहस्य का पर्दा उठ सकता है।

जानकारी के अनुसार, इस मामले में छात्रा की मेडिकल हिस्ट्री व इलाज की पद्धति को जानने के लिए फोरेंसिक विज्ञान विभाग के एक्सपर्ट और स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित मेडिकल बोर्ड में टांडा मेडिकल कॉलेज के साथ ही एम्स बिलासपुर के विशेषज्ञ को शामिल किया गया है, जिनके द्वारा छात्रा के तबीयत बिगड़ने से लेकर विभिन्न अस्पतालों में हुए छात्रा के इलाज से संबंधित रिपोर्टों का बारीकी से अध्ययन करने के बाद बोर्ड में गठित डाक्टरों द्वारा तैयार की जाने वाली मेडिकल रिपोर्ट में अपनी राय लिखी जाएगी। इससे यह पता चल जाएगा कि यह सारा मामला आने के बाद छात्रा को अस्पतालों में क्या इलाज दिया गया और वास्तव में मौत के क्या कारण रहे। जबकि इस मामले में आरएफएसएल से भी बाकी बची डिजिटल रिपोर्ट आने के बाद भी इस मामले के काफी हद तक हल होने की उम्मीद है। छात्रा मौत मामले को सुलझाने के लिए पुलिस द्वारा मामले को लेकर गहन पहलू एकत्रित करने के साथ पूछताछ का दौर जारी है। गौरतलब है कि धर्मशाला की 19 वर्षीय छात्रा की 26 दिसंबर को संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के बाद इस मामले ने 31 दिसंबर व एक जनवरी को वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा था। इसके पश्चात एक जनवरी को धर्मशाला कॉलेज की चार छात्राओं के खिलाफ रैंगिंग व मारपीट करने के आरोपों में तथा एक प्रोफेसर पर शारीरिक उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया, जिसके बाद यूजीसी, महिला आयोग व राज्य शिक्षा निदेशालय ने इस प्रकरण का संज्ञान लिया था। उधर, डीआईजी नॉर्थ जोन धर्मशाला सौम्या सांबशिवन ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले के हर पहलू को लेकर गहन जांच की जा रही है, जबकि मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होना अभी बाकी है।

## सन्हूं में की 55 रोगियों की जांच, बांटी दवाएं


सन्हूं में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अरला (पालमपुर)।** भारद्वाज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला की ओर से सन्हूं में रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें शुगर की जांच की गई और नि:शुल्क दवाएं वितरित की। शिविर में डॉ. प्रेम भारद्वाज निदेशक भारद्वाज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला और सीईओ राधिका शर्मा के दिशा-निर्देश के साथ विशेष टीम ने भाग लिया। शिविर में 55 रोगियों की जांच की गई। अस्पताल प्रबंधन का मानना है कि समय-समय पर इस तरह के शिविरों से जागरुकता के साथ-साथ स्वास्थ्य की भी जांच होती है।

### डाडासीबा में एसडीएम कार्यालय खोलने की मांग ने पकड़ा जोर

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा में एसडीएम कार्यालय खोलने की मांग अब निर्णायक चरण में पहुंच गई है। रविवार को आयोजित बैठक में व्यापार मंडल ने सरकार से प्रशासनिक सशक्तिकरण और जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एसडीएम कार्यालय डाडासीबा में ही स्थापित करने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा ने की। व्यापार मंडल ने कहा कि डाडासीबा विधानसभा का भौगोलिक व वास्तविक केंद्र है, जबकि संसारपुर टैरेस और शांतला की दूरी क्रमश: 40 और 45 किलोमीटर है, जिससे जनता को भारी परेशानी होती है। डाडा सीबा देहरा के बाद क्षेत्र का सबसे विकसित नगर है, जहां महाविद्यालय, सिविल अस्पताल, डीएसपी कार्यालय, पुलिस थाना सहित सभी प्रमुख विभाग पहले से कार्यरत हैं। व्यापार मंडल ने बताया कि भव्य सचिवालय भवन तैयार है, जिससे सरकार पर अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा।

### मनरेगा कर्मियों और ग्राम रोजगार सेवकों से ग्रामीण विकास विभाग की अधिसूचना का जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, धर्मशाला।** ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 16 जनवरी को जारी अधिसूचना, जिसमें मनरेगा कर्मियों को राज्य सरकार का कर्मी न मानने और भविष्य में किसी भी प्रकार की वेतन वृद्धि से मना किया गया है। विभाग की उपरोक्त अधिसूचना पर समस्त मनरेगा कमर्चारियों के साथ ग्राम रोजगार सेवक संघ ने विरोध जताया है। ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष जसविंद्र अंगारिया ने बताया कि अधिसूचना में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि 2025-26 के बजट में मनरेगा के लिए कार्य दिवसों की कटौती की गई है, जिस कारण प्रसाशनिक बजट के लिए 55.60 करोड़ ही मिल पाएंगे, जबकि मौजूदा वेतन के लिए 66.00 करोड़ रुपए की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर बजट में कमी है, तो यह कमी राज्य सरकार को पूरी करनी चाहिए । पिछले 18 साल से ग्राम रोजगार सेवक अपनी निरंतर सेवाएं से रहे है। मनरेगा के अलावा अन्य विभागों के कार्य भी ग्राम रोजगार सेवकों द्वारा किए जा रहे है, लेकिन जब वेतन की बारी आती है तो तीन से चार महीनों बाद वेतन का भुगतान होता है। ग्राम रोजगार सेवक संघ लगातार अपनी मांग खाली पड़े पदों पर समायोजन की मांग को सरकार व विभाग के समक्ष रखता आया है और ऊपर से विभाग द्वारा हर बार ऐसे तुगलकी फरमान जारी करके संघ की मांगों को दबाया गया है, ताकि यह कर्मी अपनी समायोजन की मांग को कर ही न पाएं। ग्राम रोजगार सेवकों के लिए नीति बनाए जाने की बजाय इस प्रकार की अधिसूचना जारी करके पता नहीं विभाग क्या साबित करना चाहता है, ताकि भविष्य में यह कर्मी अपनी किसी भी प्रकार की मांग न रखे सके। संघ ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई कि मनरेगा कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए शीघ्र विभाग के निर्देश जारी किए जाएं।

## इंद्रुनाग देवता के दरबार पहुंची होटल एसोसिएशन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व के वर्षों में जहां जनवरी माह में धौलाधार की पहाड़ियां बर्फ से लकदक होती थी। वहीं, इस बार बारिश व बर्फबारी से क्षेत्र वंचित है। ऐसे में होटल कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। इसके चलते रविवार को होटल एसोसिएशन के सदस्य खनियारा स्थित प्राचीन इंद्रुनाग मंदिर पहुंची।

एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मंदिर में पूजा पाठ के साथ विशेष प्रार्थना करते हुए क्षेत्र में समय पर वर्षा और हिमपात, समृद्धि और क्षेत्र के समग्र कल्याण के लिए आशीर्वाद मांगा। इस बारे में होटल एसोसिएशन धर्मशाला के अध्यक्ष अश्वनी बांवा, नगर निगम धर्मशाला के पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी और नगर निगम धर्मशाला के पूर्व मेयर रहे ओंकार नेहरिया ने कहा कि हिमपात शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने, स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करने और पर्यटन पर निर्भर हजारों परिवारों के लिए आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रदेश के लोगों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए शांति, सद्भाव और समृद्धि के लिए भी प्रार्थना की।


बारिश न होने पर इंद्रुनाग मंदिर पहुंचे होटल एसोसिएशन के सदस्य। अनंत ज्ञान

### होटल में ठहरे लोगों से मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस थाना गगल के तहत होटल में आए मेहमानों से एक अन्य मेहमान के मारपीट करने का मामला सामने आया है। होटल प्रबंधन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज करवाई गई शिकायत में होटल कर्मचारी ने बताया कि रविवार सुबह जब गग्गल थाना क्षेत्र स्थित निजी होटल में वह अपनी ड्यूटी दे रहा था तो होटल में ठहरी तीन महिलाएं रेस्टोरेंट के टेबल पर नाश्ता कर रही थीं। इसी दौरान होटल के कमरा में ठहरने के लिए एक व्यक्ति निवासी लुधियाना पहुंचा। उसने ऑनलाइन बुकिंग करवाई थी तथा उसी समय अभी होटल में पहुंचा था। इसी दौरान मोहाली निवासी युवती अपनी साथियों के साथ नाश्ता कर बाहर निकलने लगी तो लुधियाना के व्यक्ति ने उसका रास्ता रोक कर उसे थप्पड़ जड़ दिए। शिकायत तथा होटल की सीसीटीवी फुटेज के आधार पुलिस थाना गगल में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### मुख्यमंत्री का स्वागत तो करेगी जनता, अपने हक और लंबित मांगों पर चुप नहीं बैठेगी : बिक्रम

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** हिमाचल प्रदेश के पूर्ण राज्यत्व दिवस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रस्तावित जसवां-परागपुर दौरे से पहले ही कांगड़ा की राजनीति गरमा गई है। पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने रविवार को ढलियारा में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए साफ कर दिया कि क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री का स्वागत तो करेगी, लेकिन अपने हक और लंबित मांगों पर चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने सरकार को विकास-विरोधी करार देते हुए भाजपा शासन में खोले गए संस्थानों को डिनोटिफाई करने के फैसले को जनविरोधी बताया। उन्होंने कहा कि 103 किलोमीटर में फैले विधानसभा क्षेत्र की सुविधा के लिए खोले गए रक्कड़ और कोटला बेहड़ के एसडीएम कार्यालय तथा परागपुर व डाडासीबा के बीडीओ कार्यालय बंद कर दिए गए, जिससे लोगों को छोटे कामों के लिए 50-70 किमी दूर देहरा के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। युवाओं के भविष्य पर सवाल उठाते हुए उन्होंने स्यूल स्किल सेंटर और नलसूहा आयुर्वेदिक केंद्र बंद होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। साथ ही सलेटी में प्रस्तावित 'अटल आदर्श विद्यालय' को जमीन उपलब्ध होने के बावजूद शुरू न करने पर सरकार की नीयत पर सवाल खड़े किए। अवैध खनन को लेकर ठाकुर ने रीड़ी-कुठेड़ा क्षेत्र में खनन माफिया के संरक्षण का आरोप लगाया और पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए। चेतावनी दी कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा स्पेशल टास्क फोर्स बनाकर मोर्चा खोलेगी।

**स्पर्धा** विपिन परमार ने विजेता को 11000, उपविजेता टीम को 7100 रुपए देकर नवाजा

## वाइन कंडक्टर टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

◆ **बोले- युवा ही सबसे बड़ी ताकत और असंभव को संभव बनाने की क्षमता**

अनंत ज्ञान

**राकेश डोगरा, डरोह।** माता सुन्यारी खैरा में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि युवा ही सबसे बड़ी ताकत हैं और असंभव को संभव बनाने की क्षमता उन्हीं में है।

उन्होंने आयोजन समिति को 25,000 की राशि देकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में वाइन कंडक्टर टीम विनर रही, जबकि राइजिंग स्टार पुन्नर उपविजेता रही। विजेता को 11000, उपविजेता टीम को 7100 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया गया।


सुन्यारी खैरा में आयोजित क्रिकेट स्पर्धा की विजेता टीम को सम्मानित करते विपिन परमार। अनंत ज्ञान

### बोले- कैबिनेट फेरबदल से नहीं बचेगी कांग्रेस, जनता नहीं भूलेगी धोखा

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से मंत्रिमंडल में फेरबदल की योजना के बयान पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विपिन सिंह परमार ने कहा कि तीन साल की नाकामी के बाद फेरबदल की बात करना कांग्रेस की घबराहट और विफलता का खुला स्वीकार है। जनता को काम चाहिए, लेकिन सरकार कुर्सियों की अदला-बदली में लगी है। परमार ने कहा कि सूक्खू सरकार कैबिनेट फेरबदल नहीं बल्कि अब बोरिया बिस्तर समेटने की तैयारी करे। उन्होंने कहा कि महिलाओं व युवाओं से कांग्रेस द्वारा किए गए धोखे को जनता भूलेगी नहीं। परमार ने कहा कि युवा प्रदेश की रीढ़ है, लेकिन कांग्रेस ने उसी रीढ़ को तोड़ दिया। यदि सरकार काम कर रही होती तो आज फेरबदल की नहीं, उपलब्धियों की बात होती। प्रशासन पूरी तरह दिशाहीन है, कानून-व्यवस्था चरमराई हुई है और सरकार केवल बयानबाज़ी में व्यस्त है।

### प्रीपेड स्मार्ट मीटर किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** हिमाचल प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि सत्ता बनाम जनता का मुद्दा बनते जा रहे हैं। इंडियन वेलफेयर एंड एंटी करप्शन ट्रस्ट की स्टेट उपाध्यक्ष अजना डोगरा ने स्मार्ट मीटर नीति पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बिजली उत्पादक देवभूमि हिमाचल में प्रीपेड स्मार्ट मीटर किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अजना डोगरा ने कहा कि हिमाचल की नदियों और पहाड़ों से पैदा होने वाली बिजली से देश रोशन होता है, लेकिन उसी प्रदेश के लोगों को मोबाइल रिचार्ज जैसी बिजली व्यवस्था में धकेलना सरासर अन्याय है। उन्होंने चेतावनी दी कि 'पैसे खत्म, बिजली बंद' की नीति गरीब, बुजुर्ग और ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए सामाजिक संकट खड़ा कर देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर योजना को बिना जनसंवाद और पारदर्शिता के लागू किया जा रहा है। जनता को न इसके लाभ बताए गए हैं और न ही भविष्य में बढ़ने वाले खर्चों की सच्चाई। डोगरा ने आशंका जताई कि स्मार्ट मीटर के पीछे ठेकों और संभावित कमीशनखोरी का खेल भी हो सकता है, जिसकी निष्पक्ष जांच जरूरी है।

### सुक्खू सरकार में शासन नहीं, सत्ता की कुर्सी के लिए खुला युद्ध : विश्व चक्षु

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु ने कहा कि प्रदेश में आज शासन नहीं, बल्कि सरकार के भीतर सत्ता संघर्ष, तनाव और अव्यवस्था का खुला खेल चल रहा है। चक्षु ने कहा कि इतना बिखरा हुआ कुनबा आज तक किसी भी सरकार में नहीं देखा गया, जहां मंत्री अपने ही प्रशासन पर सवाल उठा रहे हों, विधायक असंतुष्ट हों और सरकार के भीतर हर स्तर पर अविश्वास का माहौल हो। चक्षु ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को लेकर मंत्री विक्रमादित्य सिंह का बयान कांग्रेस सरकार की अंदरूनी विफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। एक बयान पर चार मंत्रियों, एक विधायक, विपक्ष के नेता और एक पूर्व आईपीएस अधिकारी की प्रतिक्रियाएं सामने आना यह साबित करता है कि कांग्रेस सरकार पूरी तरह नियंत्रण खो चुकी है। जहां सरकार को एकजुट होकर प्रदेश की समस्याओं से लड़ना चाहिए था, वहां कांग्रेस नेता एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इसके कामकाज पर सबसे तीखे सवाल विपक्ष नहीं, बल्कि सरकार के अपने मंत्री और नेता ही उठा रहे हैं। विश्व चक्षु ने चेतावनी देते हुए कहा कि हिमाचल की जनता कांग्रेस सरकार की इस अराजकता, अहंकार और विफलता को सब देख रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### झील किनारे गिरा टिप्पर, ड्राइवर की मौत

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिले के बागछाल क्षेत्र में शनिवार देर रात एक टिप्पर झील किनारे जा गिरा। इस हादसे में टिप्पर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 49 वर्षीय कुलदीप निवासी धनीपखर के रूप में हुई है। हादसे का पता सुबह उस समय चला जब मार्ग से गुजर रहे एक अन्य चालक ने झील किनारे गिरे टिप्पर को देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि यह टिप्पर एक रेलवे कंपनी के कार्य में लगा हुआ था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बागछाल के पास सड़क की हालत बेहद खराब है। अंधेरा और सड़क की खस्ताहाल स्थिति के कारण टिप्पर अनियंत्रित होकर सीधे झील में जा गिरा। रात होने के कारण दुर्घटना का तुरंत पता नहीं चल सका, जिससे चालक को समय पर सहायता नहीं मिल पाई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले में आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

### समाज को कुरीतियों से मुक्त करने पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत अवारी खलीन के अवारी गांव में एक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता हरि चंद (सेवानिवृत्त कमांडेंट) ने की। सम्मेलन में लगभग 600 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, महिला मंडलों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने समाज को सकारात्मक दिशा देने से जुड़े अपने विचार और कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वक्ताओं ने अपने संबोधन में इस बात पर विशेष जोर दिया कि समाज को आगे बढ़ाने और सशक्त बनाने में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, साथ ही समाज में व्याप्त छुआछूत, नशाखोरी, लिंग भेदभाव जैसी कुरीतियों से समाज को मुक्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया।

### भराड़ी व्यापार मंडल ऑनलाइन व्यापार से चिंतित

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** भराड़ी व्यापार मंडल का साधारण अधिवेशन व्यापार मंडल के प्रधान राजेश कुमार की अध्यक्षता में भराड़ी विश्राम गृह में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर आजाद कुमार, श्याम लाल शर्मा तथा हिमाचल किसान एवं जन कल्याण सभा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बृज लाल शर्मा मुख्यातिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिवेशन में भराड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए व्यापार मंडल के प्रधान राजेश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में ऑनलाइन माध्यम से हो रहा कारोबार स्थानीय व्यापारियों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना किसी प्रभावी नियंत्रण के बिक रहा सस्ता सामान स्थानीय दुकानदारों की रोजी-रोटी पर सीधा असर डाल रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि ऑनलाइन कारोबार के लिए स्पष्ट, सख्त और समान नियम लागू किए जाएं ताकि स्थानीय व्यापार को संरक्षण मिल सके।

### महिला सप्तशक्ति संगम में रचना को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सावित्री गोयल सरस्वती विद्या मंदिर कन्या उच्च विद्यालय द्वारा महिला सप्तशक्ति संगम में जिले में समाज के लिए अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसमें अंतरराष्ट्रीय पैरा सिटिंग वॉलीबॉल खिलाड़ी अध्यक्ष एवं फाउंडेशन डिसेबल्ड स्पोर्ट्स व पैरा क्रिकेट एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश व सचिव दिव्यांग कल्याण संघ बिलासपुर रचना कुमारी को खेल क्षेत्र में भाग लेने दिव्यांगजनों को खेलों के प्रति जागरूक दिव्यांग हित व सामाजिक कार्य करने पर और क्रिकेट प्लेयर रंजना ठाकुर को विशिष्ट अतिथि के रूप में जाने का मौका मिला इसके लिए सावित्री गोयल सरस्वती विद्या मंदिर कन्या उच्च विद्यालय के संपूर्ण स्टाफ ने उन्हें सम्मानित किया।

### गंगूराम मुसाफिर ने किया था उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहा बिलासपुर का पंचायत भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। 31 वर्ष पूर्व इस पंचायत भवन का उद्घाटन तत्कालीन पंचायती राज मंत्री गंगूराम मुसाफिर ने किया था। इस संदर्भ में प्रकाशित समाचार में गंगूराम मुसाफिर के नाम के साथ भूलवश स्वर्गीय शब्द लिखा गया, जबकि वे जीवित हैं। यह त्रुटि अनजाने में हुई है। अतः पाठक स्वर्गीय गंगूराम मुसाफिर के स्थान पर केवल गंगूराम मुसाफिर ही पढ़ें। इस तथ्यात्मक त्रुटि के लिए अनंत ज्ञान समाचार पत्र गंगूराम मुसाफिर तथा समस्त पाठकों से खेद प्रकट करता है और भविष्य में ऐसी भूल की पुनरावृत्ति न होने का आश्वासन देता है।

# नप बिलासपुर में चल रहे 5.5 करोड़ के विकास कार्य : कमल

## नप अध्यक्ष बोले-पंचायत चुनाव न होने से रुक सकती है केंद्रीय ग्रांट

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर के अध्यक्ष कमल कुमार गौतम ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के सभी 11 वार्डों में लगभग 5 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से विकास एवं कल्याणकारी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के लिए बिलासपुर की जनता बधाई की पात्र है। कमल गौतम ने बताया कि बीते पांच वर्षों से नगर परिषद भाजपा समर्थित रही है और विकास कार्यों के लिए वर्तमान विधायक तथा लोकसभा सांसद के माध्यम से पर्याप्त वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है। इसके अतिरिक्त माइनिंग फंड और एसडीपी के अंतर्गत भी विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वे बेवजह बयानबाजी कर रहे हैं। चुने हुए जनप्रतिनिधियों का यह अधिकार होता है कि वे अपने क्षेत्र के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस पार्टी के पास कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान कांग्रेस सरकार पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के चुनाव नहीं करवा रही, जिससे केंद्र सरकार से मिलने वाली ग्रांट रुकने की आशंका बनी हुई है। सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए नगर परिषद अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान सरकार ने पानी के बिलों में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि कर दी है। वहीं केंद्र सरकार द्वारा रेलवे के लिए 572 करोड़ रुपये दिए गए, लेकिन राज्य सरकार ने वह राशि जारी नहीं की। इसके बावजूद केंद्र सरकार की ओर से ही बिलासपुर के सीवरेज सिस्टम के लिए 100 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत की गई है। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में नगर परिषद की उपाध्यक्ष सोनिया तथा भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष मदन राणा भी उपस्थित रहे।



पत्रकार वार्ता करते नगर परिषद अध्यक्ष कमल कुमार गौतम। अनंत ज्ञान

### नगर में 2 करोड़ से लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरे

**कमल** कुमार गौतम ने बताया कि शहर की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से नगर क्षेत्र में 2 करोड़ रुपए की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, ताकि असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। कमल कुमार गौतम ने आरोप लगाया कि पिछले दो वर्षों में कांग्रेस शासन के दौरान बिलासपुर नगर परिषद में 6 से 7 कार्यकारी अधिकारियों के तबादले किए गए, जिससे विकास कार्य प्रभावित हुए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में बिलासपुर की कानून व्यवस्था चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिलासपुर में 578 परिवारों को 1 लाख 65 हजार रुपए से लेकर 1 लाख 85 हजार रुपए तक की राशि स्वीकृत करवाई गई है। वहीं, मोदी आवास योजना के अंतर्गत 14 लाभार्थियों को 2.50 लाख रुपए प्रति मकान की सहायता प्रदान की गई है।

# भल्लू रयाणा सिंचाई योजना शुरू होने से किसान गदगद

अनंत ज्ञान

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के बरठीं क्षेत्र में लंबे समय से बन रही भल्लू रयाणा सिंचाई योजना अब बनकर पूरी तरह तैयार हो गई है। इस योजना पर कुल 2 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत आई है, जो क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी।

जल शक्ति विभाग झंडूता के अधिशाषी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि नाबार्ड योजना के तहत भल्लू रयाणा नाम से स्वीकृत यह परियोजना 2 करोड़ 92 लाख रुपए की थी। पिछले वर्ष काफी काम पूरा कर लिया गया था, लेकिन कुछ कमियां रह गई थीं, जिन्हें विभाग ने हाल ही में दूर कर लिया है।

उन्होंने आगे कहा कि 29 दिसंबर को योजना को किसानों की डिमांड पर चालू कर दिया गया है। फिलहाल इसके 25 प्रतिशत हिस्से से सिंचाई शुरू हो गई है। जल्द ही योजना को पूर्ण क्षमता से संचालित किया जाएगा और इसका औपचारिक उद्घाटन भी करवाया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह योजना क्षेत्र के किसानों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, क्योंकि इससे खेती योग्य भूमि को नियमित सिंचाई सुविधा मिलेगी और फसल उत्पादन में वृद्धि होगी।

### धार-टटोह सराईघाटी सड़क 20 फरवरी तक बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों के आवागमन को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए धार टटोह, द्रोबड़, सराईघाटी संपर्क सड़क के उन्नयन कार्य किया जा रहा है। निर्माण कार्य को सुरक्षित और सुचारु रूप से पूर्ण करने के उद्देश्य से उक्त सड़क को16 जनवरी से 20 फरवरी तक अस्थायी रूप से बंद रखने हेतु उपायुक्त बिलासपुर से अनुमति मांगी गई है। इस संबंध में ग्राम पंचायत धार टटोह के प्रधान से आग्रह किया गया है कि वे अपनी पंचायत के लोगों को इस विषय में जागरूक करें, ताकि निर्माण कार्य के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। विभाग ने आम जनता से यह भी अपील की है कि प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक सड़क पर आवाजाही कम रखें, जिससे कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके। लोक निर्माण विभाग ने स्पष्ट किया है कि वह इस सड़क निर्माण कार्य को 20 फरवरी तक पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## राज्य कैनो स्प्रिंट में जसवीर इशिता, सचिन व राकेश अव्वल

अनंत ज्ञान

**बरमाणा।** हिमाचल प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन द्वारा सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग की राज्य स्तरीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता का आयोजन साई कोलडैम वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कसोल (बिलासपुर) में सफलतापूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लगभग 50 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की टीम का चयन किया गया, जो भारतीय कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 36वीं राष्ट्रीय कैनो स्प्रिंट प्रतियोगिता में भाग लेगी। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2 से 5 फरवरी तक मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित छोटे तालाब में आयोजित की जाएगी। के-1 पुरुष वर्ग में जसवीर सिंह ने 0:56.97 सेकेंड का समय लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अजय ने 0:58.58 सेकेंड के साथ द्वितीय तथा अमित ने 0:59.89 सेकेंड का समय लेकर तृतीय स्थान हासिल किया।

वहीं, के-1 महिला वर्ग में इशिता ने 00:56.03 सेकेंड का समय लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मीनाक्षी 00:59.18 सेकेंड के साथ द्वितीय और मुस्कान 1:05.56 सेकेंड के समय के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। सी-2 पुरुष वर्ग में सचिन एवं राकेश की जोड़ी ने 1:05.15 समय के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया।

लक्ष्मण एवं राकेश की जोड़ी द्वितीय तथा सौरव एवं अजय की जोड़ी तृतीय स्थान पर रही। एसोसिएशन के उप प्रधान डॉ. प्रकाश चंद ठाकुर ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं प्रदेश के युवाओं को जल क्रीड़ा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं।

# नई सीवरेज योजना में देरी पर भड़के विधायक जम्वाल

## बोले- केंद्र सरकार से 2022 में मिल गई थी मंजूरी, कांग्रेस सरकार तीन साल से अटका रही रोड़े

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने बिलासपुर शहर में नई सीवरेज योजना को लेकर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस योजना की डीपीआर वर्ष 2020 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में तैयार कर केंद्र सरकार को भेजी गई थी, जिसे जुलाई 2022 में केंद्र ने मंजूरी देते हुए 100 करोड़ रुपए का बजट भी स्वीकृत किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि इसके कुछ समय बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी, लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस महत्वपूर्ण योजना का कार्य शुरू करने में सरकार ने साढ़े तीन वर्ष लगा दिए। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि वित्तीय संकट का बहाना बनाकर वर्तमान सरकार न केवल स्वयं कोई ठोस कदम नहीं उठा रही, बल्कि केंद्र से स्वीकृत योजनाओं में भी जानबूझकर बाधाएं खड़ी की जा रही हैं। रविवार को विधायक त्रिलोक जमवाल ने शहर के लखनपुर वार्ड में कई विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें सड़कों और रास्तों का निर्माण व मरम्मत, रिटेनिंग वॉल का निर्माण तथा बावड़ी का सौंदर्यीकरण शामिल है।

उन्होंने कहा कि गोबिंदसागर में पुराने बिलासपुर के जलमग्न होने के बाद 1960 के दशक में नया बिलासपुर शहर बसाया गया, लेकिन तब से लेकर आज तक शहर में पुरानी सीवरेज व्यवस्था से ही काम चलाया जाता रहा। इस बीच शहर की आबादी कई गुना बढ़ गई, जिससे सेप्टिक टैंक और चेंबरों का ओवरफ्लो होना आम समस्या बन गई थी। सड़कों व गलियों में बहने वाली गंदगी से जहां पर्यावरण दूषित होता रहा, वहीं संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना रहा।



लखनपुर वार्ड में विकास कार्यों का लोकार्पण करते जम्वाल। अनंत ज्ञान

### ◆ लखनपुर वार्ड में विकास कार्यों का किया लोकार्पण

इन्हीं समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नई सीवरेज योजना को मंजूरी दिलाई गई, लेकिन कांग्रेस सरकार की लेटलतीफी के कारण इसका कार्य अब जाकर शुरू हो पाया है। इस योजना के तहत नई सीवरेज पाइपलाइन बिछाने के साथ-साथ ट्रीटमेंट प्लांटों का निर्माण भी किया जाएगा। विधायक ने बताया कि शहर के अधिकांश वार्डों में पहले ही रास्तों और सड़कों पर टाइलें बिछाई जा चुकी थीं, जिन्हें अब सीवरेज कार्य के लिए हटाना पड़ रहा है।

उन्होंने संबंधित कंपनी को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि कार्य पूर्ण होने के बाद टाइलयुक्त सड़कें और नालियां पूर्ववत स्थिति में बहाल की जाएं। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम, उपाध्यक्ष सोनिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पेंशनर्स का हक मारकर चहेतों पर लुटाया जा रहा सरकारी खजाना: सुरेश

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश की राज्य कार्यकारिणी बैठक जिला भाषा कार्यालय, बिलासपुर में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश सरकार की पेंशनर व कर्मचारी विरोधी, जनविरोधी और पक्षपातपूर्ण नीतियों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की गई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान एवं हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति के चेयरमैन सुरेश ठाकुर ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक ओर लाखों पेंशनरों की ग्रेच्युटी, लीव एनकैशमेंट, कम्यूटेशन, डीए एरियर जैसी वैधानिक देनदारियां वर्षों से रोके हुए है, जबकि दूसरी ओर अपने चहेते पदाधिकारियों पर सरकारी खजाना खुलेआम लुटाया जा रहा है। सुरेश ने लोक सेवा आयोग के चेयरमैन व सदस्यों की पेंशन में भारी वृद्धि, सेवानिवृत्त अधिकारियों की पुनर्नियुक्ति तथा महंगी गाड़ियों की खरीद को वित्तीय संकट के दावों के विपरीत बताते हुए सरकार की दोहरी नीति करार दिया। उन्होंने कहा कि 28 नवंबर 2025 को धर्मशाला में हुए ऐतिहासिक पेंशनर आंदोलन के बाद मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन आज तक पूरे नहीं किए गए। राज्य कार्यकारिणी ने चेतावनी दी कि यदि 20 दिनों के भीतर ठोस निर्णय नहीं लिए गए, तो शिमला में विधानसभा व सचिवालय के समक्ष बड़ा और निर्णायक आंदोलन शुरू किया जाएगा। एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री से मांग की कि 25 जनवरी 2026 हिमाचल दिवस पर कम से कम दो लंबित डीए किस्तों तथा 15 करोड़ रुपए की राशि चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए जारी की जाए। बैठक में पेंशनरों की लंबित देनदारियों के शीघ्र भुगतान, डीए एरियर, एचआरटीसी व शहरी निकाय पेंशनरों की पेंशन, ओपीएस बहाली और चिकित्सा बिलों के भुगतान सहित प्रमुख मांगें दोहराई गईं।

## पूर्व सैनिक राजेश ने 2 घंटे 2 मिनट में पूरी की हाफ मैराथन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की सरयून चलैहली पंचायत के पूर्व सैनिक कमांडो राजेश ठाकुर ने एक बार फिर खेल के माध्यम से समाज को जागरूक करने का कार्य किया है। मुंबई में आयोजित टाटा मुंबई मैराथन 2026 की हाफ मैराथन (21 किलोमीटर) दौड़ को उन्होंने 2 घंटे 2 मिनट पूरा किया। इस दौरान उन्होंने अपने पिछले वर्ष के समय में उल्लेखनीय सुधार किया जो 2 घंटे 13 मिनट था। सेवानिवृत्ति के बाद भी कमांडो राजेश ठाकुर युवाओं को सही मार्ग पर लाने और उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के उद्देश्य से निरंतर प्रयासरत हैं।

खेलों से जुड़े रहकर वे न केवल स्वयं को फिट रख रहे हैं, बल्कि युवाओं को भी अनुशासन, मेहनत और स्वस्थ जीवन का संदेश दे रहे हैं। मुंबई हाफ मैराथन के दौरान कमांडो राजेश ने चिट्टा मुक्त, नशा मुक्त हिमाचल, का संदेश देते हुए कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। प्रदेश




### ◆ चिट्टा मुक्त व नशा मुक्त हिमाचल का दिया संदेश

सरकार द्वारा शुरू किए गए चिट्टा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक जिम्मेदार नागरिक को आगे आना चाहिए। कमांडो राजेश ठाकुर का मानना है कि यदि युवा खेल और शारीरिक गतिविधियों से जुड़ते हैं तो वे नशे जैसी बुराइयों से स्वत: ही दूर रहेंगे।

## भाखड़ा विस्थापित अब निर्णायक जंग के लिए रहें तैयार: देशराज शर्मा

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, बिलासपुर।** भाखड़ा बांध परियोजना से विस्थापित व प्रभावित ग्रामीणों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर 23 फरवरी को चलो बिलासपुर का आह्वान किया है। जिला ग्रामीण भाखड़ा विस्थापित सुधार समिति ने इस अभियान के सफल आयोजन को लेकर जड्डू व पियूंगली में बैठकें आयोजित कीं। इन बैठकों की अध्यक्षता मलरांओं पंचायत के प्रधान ओंकार सिंह ने की, जबकि इन बैठकों में समिति के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। देश राज शर्मा ने बताया कि भाखड़ा परियोजना के कारण विस्थापित हुए परिवार पिछले कई दशकों से न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।

अब सभी ग्रामीण भाखड़ा विस्थापितों ने 23 फरवरी को बिलासपुर पहुंचकर जिलाधीश के माध्यम से मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को अपनी समस्याओं का ज्ञापन प्रेषित करने का निर्णय लिया है। यदि इसके बाद भी केंद्र व प्रदेश सरकार ने उनकी मांगों के हल के लिए उचित कदम नहीं उठाए तो आगामी आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने मांग की है कि भाखड़ा विस्थापितों की भूमि का बंदोबस्त करवाया जाए तथा जिन विस्थापितों को प्लाट नहीं मिले हैं, उन्हें प्लाट दिए जाएंए विस्थापितों के बिजली व पानी के काटे गए कनेक्शन बहाल करने के साथ ही विस्थापितों को बिजली व पानी मुफ्त में मुहैया करवाई जाए।

# बैहना जट्टा में फोरलेन पर बने फ्लाईओवर

## सामाजिक संस्था अखंड समाज सेवा समिति ने प्रशासन से उठाई मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** बेहना जट्टा क्षेत्र की सामाजिक संस्था अखंड समाज सेवा समिति का एक शिष्टमंडल समिति के प्रधान संतोष सिंह धीमान एवं पूर्व पंचायत उपनिदेशक सीता राम शर्मा के नेतृत्व में उपायुक्त राहुल कुमार से मिला और उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। संतोष सिंह धीमान ने बताया कि कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन एक्सप्रेस हाईवे के निर्माण के बाद क्षेत्र की अनेक पुरानी सुविधाएं समाप्त हो गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि फोरलेन सड़क के उस पार स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बेहना जट्टा में बैरी-दड़ोला, सनेड़, सोपता, लधेड़ा, बड़ी-रा-हार और बेहना जट्टा सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों विद्यार्थी अध्ययन करने आते-जाते हैं। इसके अतिरिक्त सीरू, जार्ड, बड़ोल और गेहड़वीं क्षेत्रों को जोड़ने वाला शताब्दियों पुराना मार्ग भी इसी स्थान से होकर गुजरता था, जिसे फोरलेन निर्माण के चलते बंद कर दिया गया है। समिति का कहना है कि वर्तमान में स्कूल के सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन तेज रफ्तार वाहनों से भरी फोरलेन सड़क को पैदल पार करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी जान हर समय जोखिम में रहती है।

### सीएम राहत कोष में दिया 51 हजार रुपए का अंशदान



**शिष्टमंडल** ने प्रदेश सरकार तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर राहत प्रदान करने का आग्रह किया। सेवा और सहयोग की भावना का परिचय देते हुए शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 51,000 रुपए का चेक उपायुक्त राहुल कुमार को सौंपा, जिसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आग्रह किया गया।

## धार्मिक आस्था | विश्वविख्यात शक्तिपीठ में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भक्तों ने लगाए मां के जयकारे

# रविवार को मां के दर 15 हजार श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

अनंत ज्ञान

**नयना देवी।** हिमाचल प्रदेश के विश्वविख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में रविवार की छुट्टी के चलते लगभग 15 हजार श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में हाजिरी लगाई। हालांकि श्रद्धालुओं की संख्या पूर्व दिनों की अपेक्षा कुछ कम रही, फिर भी दिनभर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा।

मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए सुबह 4 बजे ही खोल दिए गए थे। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला दिनभर जारी रहा। दोपहर की आरती तक श्रद्धालुओं की कतारें फ्लाईओवर तक पहुंच गई थीं। भीड़ प्रबंधन के लिए मंदिर परिसर के भीतर एक्स-सर्विसमैन फौजियों तथा बाहर होमगार्ड के जवानों द्वारा व्यवस्था संभाली गई। श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित ढंग से लाइनों में ही माता के दर्शन करवाए गए। मंदिर के मुख्य द्वार और निकासी मार्ग पर पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं द्वारा चाय-पानी की व्यवस्था की गई थी, जिसकी श्रद्धालुओं ने सराहना की।

श्रद्धालुओं ने बताया कि रविवार होने के बावजूद दर्शन व्यवस्था सुचारु रही और मंदिर न्यास द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। समाजसेवी संस्थाओं की ओर से खान-पान की सुविधा मिलने से यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।



श्री नयना देवी मंदिर में लाइनों में खड़े होकर दर्शन करने का इंतजार करते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

## विवेक दिल्ली दंगल वॉरियर्स टीम के कोच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ठाकुर कुश्ती अकादमी चांदपुर के संचालक एवं अंतरराष्ट्रीय कुश्ती कोच विवेक ठाकुर को प्रो- रेसलिंग लीग में दिल्ली दंगल वॉरियर्स टीम का कोच नियुक्त किया गया है। विवेक ठाकुर ने बताया कि यह प्रो- कुश्ती लीग प्रतियोगिता 15 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र टीम को हराकर जीत दर्ज की है। जिला बिलासपुर के इस होनहार कुश्ती कोच के प्रो- कुश्ती लीग में दिल्ली टीम का कोच नियुक्त होने पर हिमाचल प्रदेश कुश्ती संघ सहित जिले के कुश्ती प्रेमियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



## दी कृष्णा कृषि सेवा सहकारी सभा समिति बेहरन में निर्विरोध चुने गए पांच उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता दी कृष्णा कृषि सेवा सहकारी सभा समिति बेहरन तहसील झंडूता के चुनाव में 5 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। वार्ड नंबर 1 मुकढाना से कृष्णु राम, वार्ड नंबर 3भदोल से धनदेव सिंह, वार्ड नंबर 5 बाला चंगर से श्यामलाल, वार्ड नंबर 6 खतेड़ से हरबंस लाल भबोरिया, वार्ड नंबर 11 बेहरन टिकरी से संजय कुमार को निर्विरोध चुना गया। वार्ड नंबर 2 रोहल से रामपाल 14 वोट से विजयी हुए, वहीं वार्ड नंबर 4 बाला से प्रेम सिंह 12 वोट से विजयी, वार्ड नंबर 7 बेहना ब्राह्मण से धर्मेंद्र सिंह 51 वोट से विजयी, वार्ड नंबर 8 कोटलू से विनोद कुमार 9 वोट से जीते व वार्ड नंबर 9 बेहरन झरेडी से राजेंद्र सिंह 34 वोट से विजय वार्ड नंबर 10 बेहरन यशपाल 1 वोट से विजयी हुए। यह जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी निरीक्षक सहकारी सभाएं बिलासपुर अखिलेश वशिष्ठ व पंजीयन अधिकारी सुरेश कुमार दी।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
बिलासपुर जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को बिलासपुर, बरठी, शाहतलाई, बरमाना, नयनादेवी, नम्होल व भराड़ी में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अरुण डोगरा रीतू, जिला प्रभारी, बिलासपुर
मो. 7018200490, 9015909310

## न्यूज ब्रीफ

### बिना पंजीकरण योजनाओं का लाभ मुश्किल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के अंतर्गत किसानों के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। यह जानकारी कृषि उपनिदेशक चंबा भूपेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है, ताकि किसानों को सरकारी योजनाओं, अनुदानों, फसल बीमा, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम तथा आधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से मिल सके। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के माध्यम से किसानों का एकीकृत डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाएगा, जिससे भविष्य में किसी भी योजना का लाभ लेने में परेशानी नहीं होगी। कृषि उपनिदेशक ने सभी किसानों से आग्रह किया कि वे समय रहते अपने नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय, कृषि विस्तार अधिकारी या निर्धारित पंजीकरण केंद्रों पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण करवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण के किसानों को आगामी सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ मिलने में कठिनाई आ सकती है।

### सेवक बनकर करता रहूंगा संघर्ष: ललित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र में जनता के प्रति गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए एपीएमसी चंबा के अध्यक्ष एवं हिमाचल प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के उपाध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र की देवतुल्य जनता का विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने बुजुर्गों, साथियों और युवाओं का आभार जताते हुए कहा कि प्रतिनिधिमंडलों और युवा साथियों द्वारा रखी गई समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं का संज्ञान लेना उनका सौभाग्य है। ललित ठाकुर ने स्पष्ट किया कि वे न विधायक हैं और न ही मंत्री, बल्कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सहयोग से एक सेवक के रूप में जनता की आवाज संबंधित विभागों तक पहुंचाते हैं। उन्होंने युवाओं को क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए सभी से राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की हर जायज और जनहितकारी मांग के लिए वे निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ प्रयास करते रहेंगे। जनता का विश्वास, सहयोग और स्नेह ही उन्हें पांगी-भरमौर क्षेत्र को विकास के नए शिखरों तक पहुंचाने की प्रेरणा देता है।

### स्वामी राजेश्वरानंद भारती की पुण्यतिथि मनाई

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के भटियात क्षेत्र की जरई पंचायत अंतर्गत ककीरा गांव में स्वामी राजेश्वरानंद भारती की 19वीं पुण्यतिथि श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाई गई। इसी दिन स्वामी ने राजस्थान के सिरोही स्थित आश्रम में देह त्याग की थी। हर वर्ष 18 जनवरी को देश-विदेश के सभी आश्रमों में उनकी पुण्यतिथि मनाई जाती है। ककीरा स्थित सन्यास आश्रम में पंडित रेवाधर के नेतृत्व में विशेष पूजा-अर्चना की गई और स्वामी की प्रतिमा का विधिवत जलाभिषेक किया गया। मंत्रोच्चारण के बीच प्रतिमा को नूतन वस्त्र अर्पित किए गए। स्थानीय महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया और आरती उतारकर भोग अर्पित किया गया। पुण्यतिथि पर आश्रम परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में कटारिया परिवार, दीपक महाजन, कार्तिक महाजन, विकास महाजन, नारायण सिंह, अरुण मल्होत्रा सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने कहा कि स्वामी के आदर्श आज भी जीवन को प्रेरित कर रहे हैं।

### मंडी में टीजीटी शिक्षकों ने दिखाई अपनी एकता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) में हिमाचल प्रदेश सर्व टीजीटी महासंघ का जिला स्तरीय अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिले भर से सैकड़ों शिक्षकों ने इसमें भाग लेकर अपनी एकता और संकल्प का परिचय दिया। सम्मेलन में प्रमुख मांगों में पंजाब तर्ज पर टीजीटी को 45,400 का पे स्केल, सभी कर्मचारियों को साल में दो बार नियमित करने की सुविधा, तथा सभी विभागों में 4-9-14 का लाभ सुनिश्चित करने की बात शामिल थी। अधिवेशन में राज्य कार्यकारिणी के अध्यक्ष सुनील ठाकुर, महासचिव सुनील शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, वित्त सचिव संजय ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। मंडी जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया गया, जिसमें अध्यक्ष जगदीश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेज सिंह, उपाध्यक्ष वनिता शर्मा और चारु लता, महासचिव स्मृति ठाकुर सहित अन्य सदस्य शामिल हैं। शिक्षकों ने संदेश दिया कि वे अपने हक की लड़ाई सरकार के समक्ष मजबूती से जारी रखेंगे।

# चूड़ी-लिल्ह सड़क के लिए 30 लाख मंजूर चौड़ीकरण-ड्रेनेज निर्माण की प्रक्रिया शुरू

## ललित ठाकुर मौके पर पहुंचे, लोक निर्माण विभाग व युवाओं संग फील्ड डेटा किया एकत्रित

अनंत ज्ञान



एपीएमसी के चेयरमैन ललित ठाकुर मौके पर निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

- 4 किलोमीटर सड़क के लिए विस्तृत प्राक्कलन और टेंडर जल्द होगा जारी
- क्षेत्रवासियों ने सक्रिय कार्यशैली की सराहना की

**लिल्ह (भरमौर)।** चंबा जिला की लिल्ह वैली में आपदा के बाद जर्जर हो चुकी चूड़ी-लिल्ह सड़क को लेकर एपीएमसी चंबा के चेयरमैन एवं आदिवासी कांग्रेस हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष ललित ठाकुर पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। युवाओं की मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सहयोग से सड़क सुधार के लिए 30 लाख रुपये की स्वीकृति करवाई।

बीते दिनों लिल्ह वैली से युवाओं का एक प्रतिनिधिमंडल ललित ठाकुर से मिला था और सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर अपनी समस्या रखी थी। शिकायत मिलते ही ललित ठाकुर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत संबंधित विभागों से समन्वय किया और सरकार से बजट मंजूर करवाया।

राशि स्वीकृत होते ही ललित ठाकुर स्वयं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय युवाओं के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर सड़क चौड़ीकरण, ड्रेनेज निर्माण और जलभराव वाले स्थानों पर कलवर्ट (भूमिगत पुलिया) निर्माण के लिए फील्ड डेटा एकत्र किया गया। यह प्रक्रिया 0/0 से 4/0 तक कुल 4 किलोमीटर सड़क खंड के लिए पूरी की गई।

ललित ठाकुर ने बताया कि शीघ्र ही विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर अतिरिक्त बजट के साथ इस कार्य का टेंडर किया जाएगा, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि यह सड़क जल्द ही आधुनिक और सुरक्षित रूप में क्षेत्रवासियों को समर्पित की जाएगी।

क्षेत्रवासियों ने ललित ठाकुर की सक्रिय कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि जनसमस्याओं को लेकर उनका एक्शन मोड जनता के लिए भरोसे की नई उम्मीद बन रहा है।

# स्मार्ट बिजली मीटर लगाने को लेकर लोगों में भारी नाराजगी

अनंत ज्ञान

- कहा- स्मार्ट शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान दे सरकार

**धरवाला।** देशभर में सरकार द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की मुहिम के खिलाफ विरोध तेज होता जा रहा है। इसका असर अब हिमाचल प्रदेश में भी साफ दिखाई देने लगा है। चंबा, कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और सिरमौर सहित कई जिलों में लोग स्मार्ट मीटर के खिलाफ खुलकर नाराजगी जता रहे हैं। जनता का कहना है कि सरकार पुराने मीटर हटाकर जबरन स्मार्ट मीटर थोप रही है, जिससे आम और गरीब वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।

जानकारी के अनुसार देशभर में लगभग 25 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश में करीब 20 लाख स्मार्ट मीटर लगाने की योजना है। लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है, जबकि इसका सीधा असर गरीब उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि हिमाचल प्रदेश में उत्पादित बिजली पहले ही दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों को सप्लाई की जाती है, बावजूद इसके प्रदेश की जनता को महंगी बिजली और नई व्यवस्था क्यों झेलनी पड़ रही है।

लोगों को आशंका है कि स्मार्ट मीटर के साथ प्रीपेड या रिचार्ज सिस्टम, ऑटोमेटिक बिजली कटौती और 250 रुपये तक का रिकनेक्शन चार्ज लागू किया जाएगा। इससे दिहाड़ी मजदूरों और बेरोजगारों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। साथ ही मीटर रीडिंग और बिलिंग से जुड़े हजारों कर्मचारियों की नौकरियां भी खतरे में पड़ सकती हैं।

हालिया प्राकृतिक आपदाओं से उबर रहे हिमाचल के लोगों का कहना है कि सरकार को स्मार्ट मीटर की बजाय स्मार्ट शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि यह योजना वापस नहीं ली गई, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# प्राचीन मंदिरों पर सूचना पट्ट लगाने और ऐतिहासिक महत्व को दिखाने का निर्णय

अनंत ज्ञान

- सनातन धर्म सभा चंबा की बैठक में लिए कई निर्णय
- लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में अतिक्रमण हटाने को सराहा

**चंबा।** सनातन धर्म सभा चंबा की एक विशेष बैठक रविवार को सभा के पारंपरिक भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान सुरेश कश्मीरी ने की। बैठक के प्रारंभ में चंबा शहर के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध शिल्पकार एवं मूर्तिकार स्वर्गीय प्रकाश आनंद के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में सभा के उत्थान, संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण तथा सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चंबा जनपद के प्राचीन एवं ऐतिहासिक मंदिरों, जिन्हें पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित घोषित किया गया है, उनके इतिहास, निर्माण काल, निर्माता तथा धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व की जानकारी मंदिरों के मुख्य द्वार पर सूचना पट्ट के रूप में प्रदर्शित की जानी चाहिए। इस कार्य के लिए जिला प्रशासन, मंदिर प्रबंधन, भाषा एवं संस्कृति विभाग, संग्रहालय अधिकारियों एवं वरिष्ठ इतिहासकारों से सहयोग का आग्रह किया गया।

बैठक में लक्ष्मीनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा मंदिर की दुकानों से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की सराहना की गई। साथ ही दुकानों के लंबित किराए से संबंधित समस्या के शीघ्र समाधान के लिए प्रशासन, ट्रस्ट और दुकानदारों के बीच सौहार्दपूर्ण बैठक आयोजित करने पर बल दिया गया। धाम परिसरों में प्लास्टिक टोकरियों के बढ़ते उपयोग पर भी सभा ने चिंता जताई। सभा का कहना था कि गर्म भोजन को प्लास्टिक में रखने से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक रासायनिक तत्व उत्पन्न हो सकते हैं। सभी धाम संचालकों से पारंपरिक बांस या बेंत की टोकरियों के प्रयोग की अपील की गई तथा जिला स्वास्थ्य विभाग से इस विषय में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया।

इसके अतिरिक्त लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर के मुख्य द्वार से बाहर की सड़क को नो-पार्किंग जोन घोषित करने, नगर परिषद व प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के प्रयासों की सराहना करने तथा इन कार्रवाइयों को भविष्य में भी जारी रखने का आग्रह किया गया। बैठक में मंदिर प्रबंधक के रिक्त पद को शीघ्र किसी योग्य व्यक्ति से भरने की भी सर्वसम्मति से मांग की गई।

बैठक में प्रधान सुरेश कश्मीरी सहित नरेश महाजन, मंगलेश शर्मा, देवेंद्र बगलवान, सत्यप्रकाश वैद, योगेंद्र शर्मा, पार्षद धीरज बड़याल, डॉ. डी. के. सोनी समेत लगभग 25 सदस्यों ने भाग लिया। अंत में सभा के प्रधान ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद किया।

# करियां-जुखराड़ी रोड पर चलाया स्वच्छता अभियान

## 'प्रयास द जरिया' एनजीओ ने की साफ-सफाई, दीक्षा मेहरा ने जताई चिंता

अनंत ज्ञान



स्वच्छता अभियान के दौरान 'प्रयास द जरिया' एनजीओ के सदस्या। अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** करियां-जुखराड़ी रोड पर रविवार को 'प्रयास द ज़रिया' एनजीओ द्वारा एक अत्यंत प्रभावशाली और जागरूकता से भरपूर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व संस्था की अध्यक्ष दीक्षा मेहरा ने किया। अभियान ने न केवल क्षेत्र की सफाई की, बल्कि समाज की लापरवाही को भी उजागर किया। अभियान की शुरुआत सुबह 9:30 बजे से हुई और यह शाम 4 बजे तक चला। इस दौरान सड़क किनारे, बाजार क्षेत्र और सार्वजनिक स्थानों पर वर्षों से जमा कूड़े-कचरे को हटाया गया। भारी मात्रा में गंदगी होने के कारण सफाई कार्य बेहद कठिन रहा, फिर भी टीम ने निरंतर परिश्रम करते हुए पूरे क्षेत्र को स्वच्छ किया।

इस अभियान में दीक्षा, मोविन, पूरव, देवेंद्र, आस्था, हर्ष, हर्ष आर्यन, आयुष, जावेद, अरबाज और तुषार ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी सदस्यों ने बिना रुके घंटों तक सफाई कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।

अभियान के दौरान एनजीओ अध्यक्ष दीक्षा मेहरा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 'इस स्थान पर इतनी अधिक गंदगी फैली हुई है और इसे साफ करने या इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। आम जनता भी लापरवाह होती जा रही है, जिससे स्वच्छता अभियान केवल कुछ जागरूक लोगों तक सीमित रह गया है। उन्होंने प्रशासन और आम नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता को केवल अभियान न समझें, बल्कि इसे अपनी आदत बनाएं। स्थानीय लोगों ने भी युवाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से समाज को आईना दिखाने का काम होता है। 'प्रयास द ज़रिया' एनजीओ का यह अभियान क्षेत्र के लिए एक सशक्त संदेश बनकर सामने आया है कि यदि आज भी लोग नहीं जागे, तो गंदगी और बीमारियों की समस्या और गंभीर रूप ले सकती है।

# पांगी के धनवास सोलर पावर प्लांट से बदलेगा ऊर्जा परिदृश्य: डॉ. जनक राज



अनंत ज्ञान

पांगी घाटी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में धनवास सोलर पावर प्लांट का कार्य अंतिम चरण में पहुंच चुका है और इसे शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। विधायक डॉ. जनक राज ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए पांगी घाटी के लोगों को बधाई दी है। विधायक डॉ. जनक राज ने कहा कि दुर्गम और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद विद्युत विभाग पांगी मंडल की पूरी टीम और पांगी प्रशासन ने जिस प्रतिबद्धता और मेहनत से इस परियोजना को आगे बढ़ाया है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

गौरतलब है कि एचपी पावर सेक्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत 2066 करोड़ रुपये के बजट में से पांगी घाटी के लिए भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा सुनिश्चित किया गया है। इस परियोजना के पूरा होने से पांगी क्षेत्र ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाएगा और वर्षों से चली आ रही बिजली समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। डॉ. जनक राज ने कहा कि पांगी घाटी की बिजली समस्या को लेकर उन्होंने लगातार मीडिया, विधानसभा सत्रों और जनजातीय सलाहकार परिषद में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। आज वह प्रयास धरातल पर साकार होते दिखाई दे रहे हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों को स्थायी और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी।

विधायक ने इस जनहितकारी परियोजना के लिए राज्य सरकार और यथार्थवादी भाजपा नेतृत्व का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से पांगी घाटी को यह महत्वपूर्ण सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सोलर पावर प्लांट पांगी के विकास, रोजगार और जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# चंबा-चांजु बस सेवा की बहाली पर जताया संतोष

## चुराह घाटी कल्याण संघ की वर्ष 2026 की पहली बैठक संपन्न



चुराह घाटी कल्याण संघ की बैठक के दौरान मौजूद सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चुराह।** रविवार को चुराह घाटी कल्याण संघ की महत्वपूर्ण बैठक ठाकुर होम स्टे, तडोली में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष वेदव्यास ठाकुर ने की। यह बैठक वर्ष 2026 की पहली बैठक रही, जिसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की शुरुआत में उपस्थित सदस्यों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और सभी के उज्ज्वल व मंगलमय भविष्य की कामना की गई। इसके बाद पिछली बैठक में उठाए गए मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में विशेष रूप से चंबा से चांजु के लिए बस सेवा का विषय प्रमुख रहा। संघ के प्रयासों और संबंधित विभाग के समक्ष मांग उठाए जाने के बाद लंबे समय से बंद पड़ी यह बस सेवा अब पुनः सुचारू रूप से संचालित होने पर सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त, बैठक में चुराह क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए देहरोग में एक उप-तहसील खोलने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस उप-तहसील के खुलने से क्षेत्र की लगभग 12 से 15 पंचायतों के लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए दूर-दराज के कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। बैठक में अध्यक्ष वेदव्यास ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेम सिंह खन्ना, उपाध्यक्ष प्रेम ठाकुर, सचिव राजन कुमार, सह-सचिव सनी कुमार सहित सदस्य धीरज सिंह, नीरज सिंह, धर्म सिंह, कौशल शर्मा और कुआर सिंह उपस्थित रहे।

# पार्टी से लौट रहे युवकों पर जानलेवा हमला, 8-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा में कानून-व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक गंभीर घटना सामने आई है। 17 जनवरी की देर रात जन्मदिन पार्टी से लौट रहे युवकों पर अज्ञात लोगों द्वारा लोहे की रॉड व लाठियों से हमला किए जाने का मामला दर्ज किया गया है। इस संबंध में जिला पुलिस चम्बा ने विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है और मामले की जांच जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सदर चम्बा में दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता प्रथम, निवासी पक्काटाला ने बताया कि वह 17 जनवरी की रात लगभग 11:30 बजे अपने मित्र तरुण गिल की जन्मदिन पार्टी में होटल फ्लोरेंस, बालू में शामिल होकर अपने दोस्तों के साथ घर लौट रहा था। शिकायत के अनुसार, जब सभी युवक होटल के बाहर खड़े थे, तभी अचानक 8 से 10 अज्ञात व्यक्ति मौके पर पहुंचे और एकजुट होकर लोहे की रॉड व लाठियों से शिकायतकर्ता व उसके दोस्तों पर हमला कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया। पुलिस अधीक्षक, जिला चम्बा ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आरोपियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# विधायक डीएस ठाकुर ने आपदा प्रभावित स्कूल व सड़क कार्यों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान



**डलहौजी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डीएस ठाकुर ने अपने प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत सेरी में जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजकीय प्राथमिक पाठशाला अन्द्राल का दौरा कर आपदा के समय हुई भारी बारिश से क्षतिग्रस्त स्कूल भवन की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक डीएस ठाकुर ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि स्कूल भवन की शीघ्र मरम्मत और भविष्य में किसी भी प्रकार की आपदा से बचाव के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य किए जाएं। साथ ही उन्होंने मरम्मत कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया। इसके बाद विधायक ने लचोड़ी-तेलका सड़क मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों और ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने तथा निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता न करने के सख्त निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्य समयबद्ध और तय मानकों के अनुसार पूरे होने चाहिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक डीएस ठाकुर ने स्थानीय लोगों से भी भेंट की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने जनता को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र से जुड़ी हर जायज समस्या के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विधायक के इस दौरे से यह स्पष्ट संकेत मिला कि डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में आपदा के बाद पुनर्निर्माण, शिक्षा व्यवस्था की सुरक्षा और सड़क बुनियादी ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।

**जानकारी** मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना व इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के अंतर्गत पहुंचाया जाएगा लाभ

# कल्याणकारी योजनाओं के 257 नए लाभार्थी चिन्हित

अनंत ज्ञान

- लाभार्थियों को मिलेंगे वित्तीय सहायता, शिक्षा व सामाजिक सुरक्षा के लाभ

**चंबा।** जिला चंबा में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना सहित समस्त कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिला के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में आम जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन चंबा निरंतर प्रयासरत है इस कड़ी में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चंबा द्वारा जिला में 17 दिसंबर 2025 से 16 जनवरी 2026 तक एक विशेष मुहिम के तहत मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना तथा इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के पात्र लाभार्थियों को चिन्हित करने के लिए अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत कुल 257 नए लाभार्थियों को चिन्हित किया गया, जिसमें इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना से संबंधित 200 तथा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से संबंधित 57 लाभार्थी शामिल है। एक माह तक चले इस विशेष अभियान के दौरान जिला के आईसीडीएस परियोजना चुवाड़ी के अंतर्गत 57, भरमौर के अंतर्गत 8, मैहला के अंतर्गत 12, तीसा के अंतर्गत 23, पांगी के अंतर्गत 37, सलूनी के अंतर्गत 84 तथा चंबा के अंतर्गत 36 लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी कमल किशोर ने बताया कि हाल ही में गत एक माह के दौरान मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना तथा इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के अंतर्गत चिन्हित नए 257 व्यक्तियों की दस्तावेज संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत उन्हें शीघ्र ही स्वीकृति प्रदान करते हुए योजना में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत जिला चंबा में वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 1,61,35,430 रुपए खर्च किए गए हैं जिसके तहत 522 पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया गया है जबकि इस अवधि में 150 लोगों को त्योहारी भता तथा वस्त्र एवं पोषण अनुदान तथा 30 व्यक्तियों को व्यवसायिक/उच्च शिक्षा के लिए अनुदान दिया गया। योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 25-26 के दौरान अब तक 3,10,75,393 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं जिसके अंतर्गत 474 पात्र लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ दिया जा रहा है इस अवधि में 151 लाभार्थियों को त्यौहारी भत्ता, 35 को शादी के लिए अनुदान तथा 57 को गृह निर्माण के लिए सहायता राशि प्रदान की गई है।

उल्लेखनीय है कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना का शुभारंभ वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा 3 सितंबर 2024 को किया गया था इस योजना का उद्देश्य विधवाओं, निराश्रित तथा तलाकशुदा महिलाओं और दिव्यांग अभिभावकों के बच्चों को शिक्षा देने के आर्थिक मदद प्रदान करना है। योजना के तहत पात्र बच्चों को 18 साल तक शिक्षा स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों की पूर्ति के लिए हर महीने ₹1000 का अनुदान प्रदान किया जाता है इसके अतिरिक्त 18 से 27 वर्ष की आयु के वे विद्यार्थी जो कि हिमाचल प्रदेश में स्थित सरकारी संस्थान से डिग्री डिप्लोमा या अन्य व्यवसायों में कोर्स कर रहे हैं उनको डिग्री, डिप्लोमा व अन्य व्यवसाय कोर्स के लिए अनुदान दिया जाता है, जिसमें कोर्स की फीस, हॉस्टल की फीस और मैस का शुल्क शामिल है। यदि किसी विद्यार्थी को सरकारी हॉस्टल नहीं मिलता है तो उसे 3000 रुपए की राशि प्रतिमाह दी जाती है। इस योजना के अंतर्गत केवल वही विद्यार्थी पात्र हैं जिनकी पारिवारिक आय एक लाख रुपए से अधिक न हो।

### 0-27 साल के अनाथ बच्चों को किया शामिल

**इसी** प्रकार मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के अंतर्गत 0-27 साल के अनाथ बच्चों को शामिल किया गया है (दोनों माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र) जबकि खास स्थिति में अगर बच्चे सेमी अनाथ हैं तो बाल कल्याण समिति की रिपोर्ट पर बच्चों को त्यागा हुआ और सरेंडर किया हुआ घोषित किया जाता है, तथा उन्हें भी 27 साल की उम्र तक इस योजना के तहत शामिल किया जा सकता है। योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थी की सामाजिक सुरक्षा के लिए 0 से 27 वर्ष की आयु तक 4000 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि दी जाती है। लाभार्थी को शादी के समय 2 लाख रुपये का विवाह अनुदान भी दिया जाता है। यही नहीं उसे घर बनाने के लिए भी 3 लाख रुपये का अनुदान चार किस्तों में दिया जाता है। यदि लाभार्थी हिमाचल प्रदेश राज्य के किसी सरकारी या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से उच्च/व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर रहा है वास्तविक आधार पर पढ़ाई पर होने वाला खर्चा भी राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है।

# सुक्खू सरकार की मेहरबानी सिर्फ रिटायर्ड मित्रों पर, पटवारी भर्ती के नाम पर 12 करोड़ वसूलना धोखा: जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सुक्खू पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि यह सरकार पूरी तरह से 'मित्रों की सरकार' बनकर रह गई है, जिसे प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं के भविष्य की कोई रत्ती भर भी चिंता नहीं है।

मंडी से जारी प्रेस बयान में जयराम ठाकुर ने कहा कि सत्ता में आने से पहले कांग्रेस ने प्रदेश के युवाओं को हर साल एक लाख सरकारी नौकरियां देने का लुभावना चुनावी वादा किया था, लेकिन आज कार्यकाल के दो वर्ष बीत जाने के बाद स्थिति इसके बिल्कुल उलट दिखाई दे रही है। आज प्रदेश का पढ़ा-लिखा युवा सड़कों पर धक्के खाने को मजबूर है और मुख्यमंत्री अपनी तमाम मेहरबानियां केवल अपने सेवानिवृत्त मित्रों और चहेतों पर बरसा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि सुक्खू सरकार में योग्यता और वरिष्ठता को दरकिनार कर केवल चाटुकारिता को पुरस्कृत किया जा रहा है। इसका सबसे ज्वलंत उदाहरण यह है कि मुख्यमंत्री ने अपने एक तहसीलदार मित्र को तमाम प्रशासनिक मर्यादाओं और नियमों को ताक पर रखकर एचएएस अधिकारी बना दिया, जबकि इस विवादास्पद पदोन्नति के विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय में याचिका अभी भी लंबित है। न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद अपने मित्र को उपकृत करना न केवल उन अधिकारियों के साथ अन्याय है जो ईमानदारी से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं, बल्कि यह न्यायपालिका की गरिमा का भी अपमान है।



नेता प्रतिपक्ष ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार ने एक भी बेरोजगार युवा को राजस्व विभाग में स्थायी रोजगार का अवसर प्रदान नहीं किया। सरकार की नीयत का खोट इस बात से पूरी तरह स्पष्ट होता है कि कार्यकाल के चौथे वर्ष में प्रवेश करते ही 530 पटवारी पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया। इस विज्ञापन के माध्यम से प्रदेश के लाखों गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के अभ्यर्थियों से परीक्षा शुल्क के नाम पर 12 करोड़ रुपये से अधिक की भारी-भरकम राशि वसूल ली गई। जयराम ठाकुर ने सवाल उठाया कि जब सरकार का इरादा युवाओं को पारदर्शी तरीके से नौकरी देने का था ही नहीं, तो बेरोजगारों की जेब पर यह डाका क्यों डाला गया? सबसे अधिक पीड़ादायक और शर्मनाक पहलू यह है कि अभी इन पदों के लिए लिखित परीक्षा तक आयोजित नहीं की गई है, लेकिन सरकार ने चोर दरवाजे से अपने चहेते सेवानिवृत्त कर्मियों को इन्हीं पदों पर पुनर्नियुक्ति देने का सिलसिला तेज कर दिया है। यह प्रदेश के उन 1 लाख 87 हजार परिवारों के बेरोजगार युवाओं के साथ एक भद्दा और क्रूर मजाक है जो दिन-रात सरकारी लाइब्रेरी और कमरों में बैठकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

**जंजीरें,** जंजीरें ही हैं, चाहे वे लोहे की हों या सोने की। वे समान रूप से तुम्हें गुलाम बनाती हैं।

– स्वामी रामतीर्थ

## संपादकीय

# जहरीली आबोहवा

देवभूमि हिमाचल इन दिनों गहरे पर्यावरणीय संकट के दौर से गुजर रही है। एक ओर तीन महीने से अधिक समय से बारिश न होने के कारण धरती सूख चुकी है, तो दूसरी ओर जंगलों में भड़कती आग ने हालात को और भयावह बना दिया है। हवा में उड़ती धूल-मिट्टी के गुबार के साथ अब जंगलों से उठता धुआं भी वातावरण में जहर घोल रहा है। यह स्थिति न केवल प्राकृतिक असंतुलन का संकेत है, बल्कि मानव जनित लापरवाही और संवेदनहीनता का भी आईना है। प्रदेश की बड़ी नदियों और दरिया किनारे बसे इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए हालात और भी मुश्किल हो गए हैं। सुबह से लेकर शाम तक इन क्षेत्रों पर धुंध और धुएं की चादर तनी रहती है। सांस लेना दूभर हो गया है और आंखों में जलन, खांसी, दमा जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। यह सिर्फ मौसम का मिजाज नहीं, बल्कि उस विकास मॉडल का परिणाम है, जिसने प्रकृति के संतुलन को लगातार नजरअंदाज किया है। जंगलों में लग रही आग कोई प्राकृतिक घटना नहीं है, बल्कि यह अब एक सुनियोजित मानव जनित समस्या बनती जा रही है। शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र के रचोली और चंबा जिले की ग्राम पंचायत बैली के जंगलों में लगी आग ने यह साबित कर दिया है कि शरारती तत्व किस तरह वन संपदा को दांव पर लगा रहे हैं। इन आग की घटनाओं से न केवल हजारों पेड़-पौधे जलकर राख हो रहे हैं, बल्कि वन्य जीव-जंतुओं और पक्षियों का आशियाना भी उजड़ रहा है। घोंसले खाक हो रहे हैं, जीव-जंतु इधर-उधर भागने को मजबूर हैं और जैव विविधता को क्षति पहुंच रही है।

आसपास के गांवों में रहने वाले लोग भय के साये में जी रहे हैं। जंगलों में लगी आग इतनी तेजी से फैलती है कि कई बार उसे काबू में लाना असंभव हो जाता है। यदि आग ने किसी गांव की ओर रुख कर लिया, तो जान-माल का नुकसान होना तय है। पहाड़ी इलाकों में आग बुझाने के संसाधन सीमित हैं और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियां राहत कार्यों को और कठिन बना देती हैं। यह स्थिति किसी बड़े मानवीय हादसे का संकेत भी हो सकती है। हिमाचल के गिने-चुने शहरों को छोड़ दिया जाए तो लगभग पूरा प्रदेश प्रदूषण की चपेट में आ चुका है। खासतौर पर प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ यानी बीबीएन में हालात अत्यंत चिंताजनक हैं। फैक्ट्रियों से उठने वाला धुआं, वाहनों की बढ़ती संख्या और निर्माण गतिविधियों ने यहां की हवा को सांस लेने लायक नहीं छोड़ा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सब ग्लोबल वार्मिंग का प्रत्यक्ष प्रभाव है, जिसे मानव गतिविधियों ने और तेज कर दिया है। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश में वाहनों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। साथ ही भवन निर्माण के लिए अंधाधुंध वनों का कटान भी किया जा रहा है। ये दोनों कारक धरती के तापमान को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। जंगल, जो कार्बन डॉइऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण को संतुलित रखते हैं, जब वही कटने लगें तो तापमान बढ़ना स्वाभाविक है। इसका सीधा असर जलवायु परिवर्तन के रूप में सामने आ रहा है, जिसकी कीमत अब आम लोगों को चुकानी पड़ रही है।

यह विडंबना ही है कि जिन समस्याओं से आज मानव जूझ रहा है, उनमें से अधिकांश उसी की पैदा की हुई हैं। प्रकृति ने तो केवल प्रतिक्रिया दी है। सरकारें त्वरित राहत के रूप में कुछ कदम उठा सकती हैं—जैसे आग बुझाने के प्रयास, स्वास्थ्य सेवाएं और अस्थायी सहायता, परंतु इन समस्याओं का स्थायी समाधान केवल नीतियों से संभव नहीं है। इसके लिए समाज को अपनी सोच और जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। हिमाचल में इतना लंबा ड्राई स्पेल पिछले दो दशकों में शायद ही देखने को मिला हो। अब सारी उम्मीदें बारिश पर टिकी हैं। यदि जल्द ही बारिश नहीं हुई, तो हालात और भी नाजुक हो सकते हैं। जल स्रोत सूखेंगे, खेती प्रभावित होगी और पेयजल संकट गहराएगा। साथ ही शुष्क मौसम में बीमारियों का प्रकोप और बढ़ सकता है, जिसका असर खासकर बुजुर्गों और बच्चों पर पड़ेगा। इस संकट की घड़ी में लोगों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। जंगलों में आग लगाना या पर्यावरण से खिलवाड़ करना केवल कानूनन अपराध नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। जंगल हमारी अमूल्य संपदा हैं। वे न केवल हमें शुद्ध हवा और पानी देते हैं, बल्कि जलवायु संतुलन बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। यदि जंगल नहीं बचेंगे, तो इंसानी जिंदगी भी सुरक्षित नहीं रह पाएगी। आज जरूरत है सामूहिक चेतना और ठोस कदमों की। सरकार, प्रशासन और आम जनता, सभी को मिलकर इस संकट से निपटना होगा। वरना जिस प्रकृति को हमने कमजोर समझकर नुकसान पहुंचाया है, वही प्रकृति हमें यह याद दिलाने में देर नहीं करेगी कि उसका संतुलन बिगड़ने की कीमत कितनी भारी हो सकती है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### सेवा, समर्पण और करुणा की मिसाल

**डॉ.** विश्वनाथन शांता भारत की उन विरल विभूतियों में शामिल थीं, जिन्होंने चिकित्सा को केवल पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का माध्यम बनाया। कैंसर जैसे भयावह रोग के इलाज और शोध में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा। जनकल्याणकारी सेवाओं के लिए उन्हें वर्ष 2005 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



डॉ. विश्वनाथन शांता
जन्म : 11 मार्च, 1927
मृत्यु : 19 जनवरी, 2021

डॉ. शांता का जन्म चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) के माइलापुर में एक प्रबुद्ध परिवार में हुआ। नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक सीवी रमन उनके नाना के भाई थे और एस चंद्रशेखर उनके मामा। बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना देखने वाली शांता ने मद्रास मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और एमडी की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने एक सुरक्षित और प्रतिष्ठित सरकारी पद को ठुकराकर 1955 में नवस्थापित कैंसर इंस्टीट्यूट, चेन्नई से जुड़ने का साहसिक निर्णय लिया।

शुरुआत में संसाधनों की भारी कमी थी-न छोटी-सी इमारत, सीमित सुविधाएं और नाममात्र का स्टाफ। शुरुआती वर्षों में उन्होंने बिना वेतन काम किया, लेकिन उनके समर्पण ने संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने देश का पहला शिशु कैंसर क्लीनिक शुरू किया और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रारंभिक जांच के लिए कार्यक्रम तैयार किए। तंबाकू से होने वाले कैंसर को रोकने के लिए उन्होंने पुरुषों के लिए तंबाकू छुड़ाने का क्लीनिक भी शुरू किया। डॉ. शांता ने भारत में पहली बार 'कांबिनेशन थैरेपी' का प्रयोग कर मुंह के कैंसर के इलाज में उल्लेखनीय सफलता पाई। उनके नेतृत्व में कैंसर इंस्टीट्यूट भारत का पहला रीजनल कैंसर रिसर्च सेंटर बना। वर्ष 2000 में उन्होंने देश की पहली आनुवांशिक कैंसर क्लीनिक की स्थापना की। आज 12 बिस्तरों से शुरू हुआ यह संस्थान 400 से अधिक बिस्तरों वाला बन चुका है, जहां बड़ी संख्या में गरीब मरीजों को रियायती या निशुल्क इलाज मिलता है। पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे सम्मानों से अलंकृत डॉ. वी. शांता का जीवन संदेश स्पष्ट था-पीड़ित मानव की सेवा ही सच्ची ईश्वर भक्ति है। ■



कविता

### शाश्वत प्रेम

डॉ. राजीव डोगरा, गांव जनयानकड़
कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

**तुम** वो फूल हो, जिसको मैं बिना स्पर्श के
खिलता हुआ और महकता हुआ देखना चाहता हूं।
तुम मेरी वो अधूरी ख्वाहिश हो, जिसके पूरे होने का
इंतजार मैंने कई युगों तक किया है।
तुम मेरे जीवन का वो अंतिम अध्याय हो
जिसके पूरा होने पर शाश्वत आनंद
मुझे स्पर्श कर जाएगा।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# हिमाचल में अफसरों, मंत्रियों और नेतृत्व का टकराव



मुंह से निकला शब्द तीर की तरह होता है जो लौटता नहीं, मगर असर जरूर छोड़ जाता है। वाणी केवल संवाद का साधन नहीं, बल्कि व्यक्ति के संस्कार, सोच और व्यक्तित्व का आईना होती है। मधुर वाणी वहां भी रास्ता बना देती है, जहां कठोर शब्द दीवार खड़ी कर देते हैं। जीवन में कई अवसर ऐसे आते हैं जब सत्य कहना आवश्यक होता है, लेकिन सत्य को कहने की शैली ही तय करती है कि वह औषधि बनेगा या विष।

वाणी में संयम न हो तो विश्वास टूटता है और सम्मान धीरे-धीरे क्षीण हो जाता है। वर्षों की मेहनत से बनी छवि एक क्षण की तीखी जुबान से बिखर सकती है। इसके विपरीत, सोच-समझकर बोले गए शब्द कठिन से कठिन परिस्थिति को भी सरल बना देते हैं। मीठे बोल सामने वाले के मन को जीत लेते हैं और स्वयं बोलने वाले के लिए भी सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत बनते हैं। कड़वे बोल नफरत फैलाते हैं और बदले की भावना को उजागर करते हैं।

महापुरुषों ने भी वाणी की मर्यादा को सर्वोपरि माना है। वह भी मधुर वाणी से ही महापुरुष बने हैं। कहा गया है कि कठोर वचन बोलकर व्यक्ति सामने वाले को नहीं, बल्कि सबसे पहले स्वयं को चोट पहुंचाता है। इसलिए विचार चाहे कितने ही तीखे क्यों न हों, उन्हें शब्दों में ढालते समय संवेदनशीलता और शालीनता जरूरी है। जो व्यक्ति अपनी वाणी पर नियंत्रण पा लेता है, वही वास्तव में जीवन की दिशा और दशा दोनों को संवार लेता है।

हिमाचल में आजकल अफसरशाही को लेकर खासी चर्चा है। जब से लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने बाहरी राज्यों के अफसरों की कारगुजारी पर सवालिया निशान लगाया है सियासी हलकों में सियासी तूफान उठ गया है। पहले मंडी में सुक्खू सरकार के तीन साल पूरे होने पर आयोजित जन संकल्प कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने सीधे तौर पर कहा था कि कुछ अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के यहां हाजिरी भर रहे हैं उनसे रात के अंधेरे में निपटने की जरूरत है। बहुत तल्खी भरे अंदाज में उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को चेताया था और अब मुकेश अग्निहोत्री का हवाला लेकर ही विक्रमादित्य ने भी यही बात कह डाली। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बाहरी राज्यों से आए कुछ अफसर खासकर यूपी और बिहार के अधिकारी शासक बनने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनमें सेवा का जज्बा होना चाहिए।

यह मान लेना भूल होगी कि यह विवाद सिर्फ बाहरी अधिकारियों और मंत्रियों के बीच का है। असल में यह लड़ाई सत्ता के केंद्र को लेकर है। यह सवाल अब खुलकर खड़ा हो चुका है कि हिमाचल प्रदेश में असली नियंत्रण किसके हाथ में है-निर्वाचित सरकार के या उस अफसरशाही के, जो यह मानने लगी है कि राजनीतिक नेतृत्व बिखरा हुआ है और ऐसे में प्रशासनिक ताकत को अपने हिसाब से इस्तेमाल किया जा सकता है। जब सत्ता में बैठे मंत्री सार्वजनिक मंच से यह कहने लगें कि कुछ अधिकारी विपक्षी दलों के नेताओं के यहां हाजिरी भर रहे हैं, तो यह सिर्फ आरोप नहीं होता, यह सरकार की आंतरिक विफलता की सार्वजनिक स्वीकारोक्ति होती है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का ताजा बयान शब्दों में भले ही थोड़ा संतुलित दिखा, लेकिन भाव में उतना ही गंभीर था। उन्होंने मुद्दे को हिमाचल के हितों से जोड़ते हुए यह कह दिया कि कुछ बाहरी अधिकारी खुद को शासक समझने लगे हैं, जबकि उन्हें सेवक की भूमिका में होना चाहिए। यह बयान प्रशासनिक से ज्यादा राजनीतिक था। यह हिमाचलियत की उस भावना को छूता है, जिसमें सत्ता हमेशा सेवा के भाव से जुड़ी रही है। हिमाचल में बाहरी को कभी बाहरी नहीं माना गया, चाहे वह पर्यटक हो, अधिकारी हो या कर्मचारी लेकिन जब यही बाहरीपन सत्ता के अहंकार में बदलने लगे, तो प्रतिक्रिया होना स्वाभाविक है।

हालांकि ,इस पूरे विवाद का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि इसे धीरे-धीरे बाहरी बनाम स्थानीय की बहस में बदला जा रहा है। यह बहस न केवल भ्रामक है, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए भी नुकसानदेह भी है। कोई अधिकारी चाहे यूपी का हो या बिहार का या फिर हिमाचल का, वह अधिकारी संविधान से बंधा होता है और सरकार का सेवक होता है। समस्या उसकी जन्मभूमि नहीं, बल्कि उसकी जवाबदेही होती है, लेकिन जब अफसर यह समझने लगें कि उनका असली रिश्ता मंत्रिमंडल से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री या दिल्ली के सत्ता केंद्र से है, तो लोकतंत्र की रीढ़ कमजोर पड़ने लगती है।

यथार्थ



समरजीत

मंत्रियों और विधायकों के फोन न उठाने के आरोप कोई छोटे आरोप नहीं हैं। यह सीधे-सीधे लोकतांत्रिक व्यवस्था की अवमानना है। मंत्री जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि होते हैं और अफसर उनके माध्यम से ही नीतियों को लागू करते हैं। अगर अफसर यह तय करने लगें कि किस मंत्री का फोन उठाना है और किसका नहीं, तो यह संकेत देता है कि प्रशासनिक तंत्र खुद को राजनीतिक नेतृत्व से ऊपर मानने लगा है। ऐसी स्थिति तब पैदा होती है, जब सरकार के भीतर नेतृत्व स्पष्ट न हो, मंत्रियों की हैसियत कमजोर हो और अफसर यह भांप लें कि सत्ता का संतुलन डगमगा रहा है।

इस पूरे विवाद में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पहले तो चुप रहे, लेकिन बाद में उन्होंने विक्रमादित्य को सलाह दी कि वह अपनी कार्यप्रणाली को तेज करें। साथ ही उन्होंने दूसरे मंत्रियों को भी हिदायत दी कि वह इस मामले में बयानबाजी से परहेज करें। राजनीति में चुप्पी कभी-कभी रणनीति होती है, लेकिन कई बार वही चुप्पी कमजोरी का संकेत भी बन जाती है। यहां सवाल यह नहीं है कि मुख्यमंत्री बोले क्यों नहीं, बल्कि यह है कि क्या वह इस स्थिति को नियंत्रित करने की स्थिति में हैं या नहीं? अगर सरकार के वरिष्ठ मंत्री सार्वजनिक मंच से अफसरों पर सवाल उठा रहे हैं और मुख्यमंत्री उस पर कोई स्पष्ट रुख नहीं ले रहे, तो संदेश यह जाता है कि सरकार के भीतर शक्ति संतुलन गड़बड़ा चुका है।

विक्रमादित्य सिंह के बयान के बाद जिस तरह से अन्य मंत्रियों ने उससे असहमति जताई, उसने कांग्रेस सरकार के भीतर गुटबाजी को पूरी तरह उजागर कर दिया। पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, राजस्वी मंत्री जगत सिंह नेगी और तकनीकी शिक्षा मंत्र राजेश धर्माणी के बयानों ने यह साफ कर दिया कि मंत्रिमंडल एक स्वर में नहीं बोल रहा। यह स्थिति अफसरशाही के लिए सबसे अनुकूल होती है। अफसर बहुत जल्दी समझ जाते हैं कि कौन मंत्री टिकाऊ है, कौन कमजोर है और किसकी बात का भविष्य में कोई वजन नहीं रहने वाला। जब मंत्रिमंडल बिखरा होता है, तो अफसर स्वाभाविक रूप से सत्ता के सबसे सुरक्षित केंद्र से जुड़ने की कोशिश करते हैं।

यह कहना गलत नहीं होगा कि अफसर इस विवाद के कारण नहीं हैं, बल्कि इस विवाद के परिणाम हैं। असली समस्या राजनीतिक नेतृत्व की कमजोरी और गुटबाजी है, जिसने अफसरों को यह संदेश दिया कि सरकार पूरी तरह एकजुट नहीं है। वीरभद्र सिंह के दौर में भी ताकतवर अफसर थे, लेकिन सत्ता का केंद्र स्पष्ट था। मुख्यमंत्री का रुख साफ होता था, मंत्रियों की हैसियत तय होती थी और अफसर उसी के अनुसार व्यवहार करते थे। सत्ता बदली, सरकार बदली, लेकिन कभी सार्वजनिक मंच से अफसरों के खिलाफ इस तरह की बयानबाजी नहीं हुई, क्योंकि अंदर ही अंदर मामले सुलझा लिए जाते थे।

आज का फर्क यही है कि संवाद टूट चुका है। मंत्री खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं, अफसर खुद को सुरक्षित समझ रहे हैं और मुख्यमंत्री के इर्द-गिर्द ऐसी स्थिति बन गई है, जिसमें हर गुट अपनी-अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है। निश्चित रूप से यह अपने आप में बहुत गंभीर विषय है चाहे विक्रमादित्य के बयान पर आईएएस एसोसिएशन ने ऐतराज जताया है या फिर आईपीएस एसोसिएशन ने। जिस तरीके से ये दोनों संगठन खुलकर सामने आए हैं लगता है कि वह भी अब सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं। आईएएस और आईपीएस एसोसिएशन का खुलकर सामने आना इस पूरे प्रकरण को और हवा दे रहा है। जब अफसर संगठित होकर सरकार के खिलाफ मोर्चा लेते हैं, तो यह केवल असहमति नहीं होती, यह टकराव होता है। यह संकेत देता है कि अफसर या तो खुद को राजनीतिक हमले का शिकार मान रहे हैं या फिर सरकार को कमजोर आंक रहे हैं। दोनों ही स्थितियां लोकतंत्र के लिए खतरनाक हैं।

विपक्ष, खासकर भाजपा, इस पूरे घटनाक्रम को बड़े ध्यान से देख रही है और उसका फायदा उठाने की पूरी तैयारी में है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का बयान यह साफ करता है कि भाजपा इस मुद्दे को सरकार का प्रशासन पर नियंत्रण खत्म होने के नैरेटिव में बदलना चाहती है। पंचायत चुनाव हों या राज्यसभा चुनाव, यह मुद्दा हर मंच पर उठाया जाएगा। भाजपा यह दिखाने की कोशिश करेगी कि कांग्रेस सरकार न केवल अंदर से बंटी हुई है, बल्कि अफसरशाही पर भी उसका नियंत्रण नहीं रहा, क्योंकि सीएम सुक्खू भी भाजपा पर ये आरोप कई बार लगा चुके हैं कि भाजपा पांच गुटों में बंटी है, ऐसे में भाजपा भी इस मसले को कांग्रेस के खिलाफ एक हथियार के रूप में प्रयोग करने से नहीं चूकेगी।

इस पूरे सत्ता संघर्ष में सबसे ज्यादा नुकसान अगर किसी का हो रहा है, तो वह है आम जनता। जनता को इससे कोई मतलब नहीं कि अफसर कहां का है, मंत्री किस गुट का है या मुख्यमंत्री किस रणनीति के तहत चुप हैं। जनता को सड़क, पानी, बिजली और रोजगार चाहिए। अगर फाइलें अटक रही हैं, फैसले टल रहे हैं और विकास कार्य राजनीति की भेंट चढ़ रहे हैं, तो सरकार की विश्वसनीयता पर सीधा असर पड़ता है।

बड़ा सवाल यह है कि अगर यह मामला इतना गंभीर था, तो इसे सार्वजनिक मंच पर क्यों लाया गया? क्या यह मुद्दा मुख्यमंत्री के सामने बंद कमरे में नहीं उठाया जा सकता था? सार्वजनिक मंच पर भड़ास निकालना यह दिखाता है कि अंदर संवाद की गुंजाइश खत्म हो चुकी है और अविश्वास की खाई इतनी गहरी हो गई है कि अब हर गुट अपनी बात जनता के सामने रखकर दबाव बनाना चाहता है।

हिमाचल की राजनीति इस समय एक चेतावनी के दौर से गुजर रही है। यह केवल एक विवाद नहीं है, यह संकेत है कि अगर समय रहते नेतृत्व ने स्थिति को नहीं संभाला, तो यह टकराव और गहराएगा। राजनीति में वाणी का संयम केवल नैतिकता का विषय नहीं होता, यह सत्ता को संभालने का औजार भी होता है। जिस सरकार के मंत्री, अफसर और नेतृत्व एक-दूसरे पर भरोसा नहीं करते, वह सरकार ज्यादा दिन स्थिर नहीं रह पाती। हिमाचल में अब फैसला सरकार को करना है कि वह इस चेतावनी को गंभीरता से लेती है या इसे भी एक और विवाद मानकर टाल देती है। बहरहाल, इस मसले का जितनी जल्दी निपटारा हो जाए उतना ही ठीक है, वरना भाजपा को एक और मुद्दा बैठे बिठाए मिल गया है सरकार को घेरने का और वह इस मसले को आने वाले पंचायत चुनाव और राज्यसभा चुनाव में भी भुना सकती है। सरकार को चाहिए कि वह इस मसले का सभी मंत्रियों को एक साथ लेकर तुरंत हल निकाले और अपनी पार्टी को मजबूती प्रदान करे। साथ ही अफसरों को विश्वास दिलाए कि हिमाचल में सेवा के दौरान उनके साथ कुछ गलत नहीं होगा।

रिस्पांस करें: editoranantgyaan@gmail.com

# 2019 का दांव और 2026 का अंजाम : उद्धव-पवार की सियासत का पतन

वर्ष 2019 महाराष्ट्र की राजनीति में केवल सत्ता परिवर्तन का नहीं, बल्कि विश्वास, विचारधारा और राजनीतिक नैतिकता के टूटने का प्रतीक बन गया। जिस शिवसेना ने दशकों तक भाजपा के साथ मिलकर हिंदुत्व की राजनीति को आगे बढ़ाया, उसी शिवसेना ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में मुख्यमंत्री बनने के लालच में न सिर्फ भाजपा को धोखा दिया, बल्कि अपनी कोर आइडियोलॉजी को भी पीछे छोड़ दिया।



सौरभ धीमान
सोशल मीडिया सह संयोजक
भाजपा, हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

कांग्रेस और एनसीपी जैसी वैचारिक रूप से विपरीत पार्टियों के साथ गठबंधन करना सत्ता का तत्काल समाधान तो लगा, लेकिन यही फैसला शिवसेना के पतन की शुरुआत साबित हुआ। उस समय उद्धव ठाकरे को लगा कि उन्होंने राजनीतिक चतुराई से इतिहास रच दिया है, पहली बार ठाकरे परिवार का कोई सदस्य मुख्यमंत्री बना, लेकिन राजनीति में सत्ता से ज्यादा अहम होता है भरोसा। कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शिवसेना की पारंपरिक सोच से जुड़े मतदाताओं ने इस गठबंधन को सहज रूप से स्वीकार नहीं किया। यही कारण रहा कि सत्ता मिलते ही पार्टी के भीतर असंतोष पनपने लगा, जो आगे चलकर विभाजन में बदल गया।

बीच के वर्षों में एक बात और साफ होती चली गई, धोखे की राजनीति का जवाब राजनीति ही देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भले ही तत्काल प्रतिक्रिया न दी हो, लेकिन उन्होंने समय के साथ हर चाल का हिसाब बराबर किया। भाजपा की राजनीति की यही विशेषता रही है कि वह जल्दबाजी में नहीं, बल्कि धैर्य और रणनीति के साथ जवाब देती है। उद्धव ठाकरे को लगा था कि भाजपा को हाशिये पर डाल दिया गया है, लेकिन कुछ ही वर्षों में तस्वीर पलट गई।



मुख्यमंत्री की कुर्सी भी गई, पार्टी भी हाथ से निकल गई और जिस शिवसेना ने 30 सालों तक बृहन्मुंबई महानगरपालिका पर राज किया था, वह किला भी ढह गया। यह सब किसी एक घटना का परिणाम नहीं, बल्कि 2019 में लिए गए उस एक फैसले की शृंखलाबद्ध परिणति थी।

शरद पवार की कहानी भी इससे अलग नहीं है। 2019 में अजीत पवार द्वारा भाजपा को समर्थन देना और फिर शरद पवार की सियासी चतुराई से उस समर्थन को वापस लेकर उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनवाना, उस दौर में राजनीतिक मास्टरस्ट्रोक बताया गया। बड़े-बड़े टीवी चैनलों और राजनीतिक विश्लेषकों ने शरद पवार को 'आधुनिक चाणक्य' की संज्ञा दे डाली।

एक समय ऐसा प्रतीत हुआ मानो भाजपा को राजनीति की शतरंज में मात दे दी गई हो, लेकिन समय ने यह सिद्ध कर दिया कि समकालीन राजनीति में नरेंद्र मोदी और अमित शाह को परास्त करना आसान नहीं है। शरद पवार की वही चतुर राजनीतिक रणनीति धीरे-धीरे उनकी पार्टी के लिए आत्मघाती साबित हुई। सत्ता-संतुलन और पारिवारिक राजनीति के दबाव में एनसीपी में विभाजन हुआ और आज वही पार्टी उनके हाथ से फिसलती दिख रही है। जिस संगठन को उन्होंने वर्षों तक सींचा, वही टूट का शिकार हो गया।

इन घटनाओं का विश्लेषण बताता है कि अवसरवादी राजनीति भले ही तात्कालिक लाभ दे, पर दीर्घकाल में उसकी कीमत चुकानी पड़ती है। 2019 में उद्धव ठाकरे और शरद पवार ने यह मान लिया था कि राजनीतिक जोड़-तोड़ से जनभावनाओं को लंबे समय तक साधा जा सकता है, लेकिन राजनीति केवल अंकगणित नहीं, बल्कि भरोसे, विचारधारा और निरंतरता का खेल है। महाराष्ट्र की राजनीति यह स्पष्ट संदेश देती है कि सत्ता के लिए किए गए धोखे अंततः राजनीतिक जमीन खिसका देते हैं। मोदी-शाह की राजनीति ने साबित किया है कि हर चाल का जवाब मिलता है-देर से ही सही, लेकिन पूरी रणनीति और निर्णायक शक्ति के साथ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# जब जीवन की धूल हटती है तो भीतर की रोशनी चमक उठती है...

पिछले दिनों एक पुस्तक विमोचन समारोह में मेरी मुलाकात एक महिला से हुई। अत्यंत सरल, सीधी-सादी और कुशल गृहिणी। बच्चे अपने-अपने जीवन और जिम्मेदारियों में व्यस्त थे। दिन का अधिकांश समय खामोशी में बीतता, जहां वह अपने विचारों को निहारने का सुख लेती थीं।



अलका कांसरा
स्वतंत्र लेखिका

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

धीरे-धीरे, नदी की सतत धारा की तरह, उनके भीतर विचारों का प्रवाह शब्दों में ढलने लगा और अनजाने ही एक कवि का जन्म हो गया। आज वह अपनी कविताएं फेसबुक पर साझा करती हैं, साहित्यिक प्रतियोगिताओं में भाग लेती हैं और विभिन्न साहित्यिक समूहों से जुड़ी हैं। उन्हें अपनी पहचान मिल चुकी है।

यह अनुभव इस सत्य को दोहराता है कि हर मनुष्य के भीतर कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है-कभी स्पष्ट, तो कभी इतनी छिपी हुई कि हम स्वयं भी उससे अनजान रहते हैं, जब तक कि परिस्थितियां उसे उजागर न कर दें। यह मुलाकात मुझे कुछ वर्ष पहले की हमारी बैंकॉक यात्रा की ओर ले गई। हम शहर के चाइना टाउन क्षेत्र में स्थित स्वर्ण बुद्ध मंदिर-वाट ट्रैमिट गए थे।

वहां गाइड ने शुद्ध सोने से बनी विशाल बुद्ध प्रतिमा की एक अद्‌भुत कथा सुनाई। 1957 में, मठ के भिक्षुओं को मिट्टी से बनी एक बुद्ध प्रतिमा को नए स्थान पर ले जाना था, क्योंकि एक राजमार्ग निर्माण के कारण मठ को स्थानांतरित किया जा रहा था। जब क्रेन ने उस प्रतिमा को उठाया, तो उसका भार अप्रत्याशित रूप से अत्यधिक निकला और प्रतिमा में दरार पड़ गई।

उसी शाम मुख्य भिक्षु प्रतिमा की जांच करने पहुंचे। उन्होंने टॉर्च की रोशनी दरार पर डाली, तो भीतर से एक हल्की-सी चमक लौटती दिखी। यह दृश्य उन्हें अजीब लगा। उन्होंने छेनी और हथौड़ा मंगवाया और सावधानीपूर्वक मिट्टी को हटाना शुरू किया। जैसे-जैसे मिट्टी की परतें टूटती गईं, चमक



और तेज होती गई। कई घंटों की मेहनत के बाद जो सामने आया, वह चमत्कृत करने वाला था-असाधारण रूप से विशाल और ठोस स्वर्ण बुद्ध। इतिहासकारों का मानना है कि कई शताब्दियों पहले, जब बर्मी सेना स्याम (वर्तमान थाईलैंड) पर आक्रमण करने वाली थी, तब वहां के भिक्षुओं ने अपने बहुमूल्य स्वर्ण बुद्ध को मिट्टी से ढक दिया था, ताकि लुटेरों से उसकी रक्षा हो सके। दुर्भाग्यवश, सभी भिक्षु मारे गए और यह रहस्य सदियों तक मिट्टी में छिपा रहा-1957 के उस दिन तक। क्या यह कथा केवल एक प्रतिमा की है? या यह हम सभी की कहानी है? हम सबके भीतर भी एक स्वर्ण बुद्ध छिपा है।

दिव्यता, आनंद और प्रतिभा हमारे भीतर ही विद्यमान हैं। दिव्यता का अर्थ है स्रोत से जुड़ने की वह अवस्था, जहां हृदय प्रेम, करुणा और संवेदनशीलता से भरा होता है, किंतु जीवन की यात्रा में क्रोध, भय, आक्रोश, निराशा और दुख की परतें हमारे भीतर के प्रकाश को धीरे-धीरे ढक लेती हैं। साहस, सजगता और दृढ़ संकल्प के साथ यदि हम अपने भीतर जमी नकारात्मकता की इस 'मिट्टी' को हटाएं, तो हमारा वास्तविक स्वरूप प्रकट हो सकता है। प्रेम और कृतज्ञता के भाव से जब ये परतें हटती हैं, तब शांति, ऊर्जा, एकाग्रता, रचनात्मकता और करुणा की अवस्था प्राप्त होती है। इसी अवस्था में हमारी सुप्त प्रतिभाएं जागृत होती हैं। श्री श्री रविशंकर के शब्दों में, भीतर झांकने से एक नया दृष्टिकोण मिलता है और आत्मा दिव्यता को प्रतिबिंबित करती है। आइए, इस नववर्ष में अपने भीतर के स्वर्ण बुद्ध से रू-ब-रू हों और एक जागरूक, सार्थक व दिव्य जीवन की ओर अग्रसर हों।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### हेरोइन के साथ पकड़े युवक को मिला रिमांड

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पुलिस थाना धनोटू के तहत गिरफ्तार युवक गौरव पुत्र नरेश चंद, निवासी डाकघर कलौहड़, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे आगामी पूछताछ और जांच के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने गश्त के दौरान ईंट भट्ठा ग्राउंड, धुकनु (महादेव) के पास युवक को आठ ग्राम हेरोइन/चिट्टा के साथ पकड़कर नियमानुसार हिरासत में लिया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस थाना धनोटू में मामला नशा द्रव्य एवं प्रतिबंध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक मंडी ने पुष्टि की कि अभियोग में आगामी जांच जारी है और इस कार्रवाई से नशा तस्करी के खिलाफ जिले में चलाए जा रहे अभियान को मजबूती मिली है।

### गणतंत्र दिवस पर कारनी में होगा ध्वजारोहण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा (जेसीओ एवं ओआर) इकाई बलदवाड़ा के सदस्य इस वर्ष 77वां गणतंत्र दिवस कारनी में सुनील होटल के समीप मैदान में राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण कर तथा शहीदों को फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि देंगे। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें तहसील बलद्वाड़ा और आसपास की पंचायतों के भूतपूर्व सैनिक तथा उनके परिवार भाग लेंगे और इस दौरान भोजन का भी आयोजन किया गया है। यह जानकारी बलद्वाड़ा संयुक्त मोर्चा इकाई के प्रधान कैप्टन कुलतार सिंह गुलेरिया सेवानिवृत्त तथा चीफ पेटी ऑफिसर विद्यासागर ने संयुक्त प्रेस बयान में दी। कार्यक्रम को लेकर संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि इस तरह के आयोजन पूर्व सैनिकों में आपसी सहयोग, एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं तथा इन्हें निरंतर आयोजित किया जाना चाहिए।

### 21-22 को बनाई जाएंगी नशा मुक्ति कमेटियां

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर नशा मुक्ति अभियान समिति की दो दिवसीय कार्यशाला सौली खड्ड मंडी में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक नशा मुक्ति कमेटियों का गठन नहीं हुआ है, वहां 21 और 22 जनवरी को विशेष ग्राम सभाओं के दौरान कमेटियां बनाई जाएंगी और क्षेत्रीय कमेटियां जागरूकता अभियान चलाएंगी। 26 जनवरी को पूर्व सैनिक लीग के सहयोग से टिहरा से बांदल चौक रेस्ट हाउस तक मार्च पास्ट और पैदल यात्रा आयोजित की जाएगी। इसमें महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह और विद्यार्थी भाग लेंगे। रेस्ट हाउस पर झंडारोहण के बाद नशे के खिलाफ शपथ दिलाई जाएगी। धर्मपुर मॉडल की सराहना की गई और फरवरी व मार्च में महिलाओं के नशे के खिलाफ मेगा पैदल मार्च निकालने का निर्णय लिया गया।

### अंशुल बने मार्केटिंग ऑफिसर कम पीओ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** तनिहार पंचायत के अंशुल पठानिया ने आईबीपीएस पोओ परीक्षा उत्तीर्ण कर पंजाब नेशनल बैंक में मार्केटिंग ऑफिसर कम प्रोबेशनरी ऑफिसर के रूप में चयन प्राप्त किया। अंशुल ने प्रारंभिक शिक्षा डी ए बी से और उच्च शिक्षा राबमा पाठशाला गद्दीधार से पूरी की। इसके बाद उन्होंने धर्मशाला कॉलेज से बीएससी और सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। अंशुल के पिता जितेंद्र कुमार पठानिया टीजीटी नौन मेडिकल में कार्यरत हैं, जबकि माता सुमन लता गृहणी हैं। अंशुल ने कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और शुभचिंतकों को दिया। उनकी यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है।

### दिनेश कुमार को मिली संयोजक की कमान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुनील जायसवाल ने जोगिंद्रनगर के वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश कुमार को विश्व हिंदू परिषद जिला मंडी के विधि प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।अपनी नियुक्ति पर एडवोकेट दिनेश कुमार ने प्रदेश विश्व हिंदू परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि विधि प्रकोष्ठ के माध्यम से संगठन को कानूनी मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ-साथ समाज हित से जुड़े विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाई जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुनील जायसवाल ने विश्वास व्यक्त किया कि एडवोकेट दिनेश कुमार के अनुभव और कार्यकुशलता से जिला मंडी में विधि प्रकोष्ठ और अधिक सशक्त होगा तथा संगठन के उद्देश्यों को नई दिशा मिलेगी।

### घाटियों में जोर पकड़ रही रोजगार की मांग

**अनंत ज्ञान, बरोट।** हिमाचल प्रदेश के अति-दुर्गम छोटे भंगाल और चौहार घाटियों में आजीविका चलाना कठिन हो गया है, इसलिए लोग अब जोरशोर से एक परिवार-एक रोजगार योजना की मांग कर रहे हैं। समाजसेवी और सेवानिवृत्त सूबेदार रामसरण चौहान तथा धर्मचंद ठाकुर ने बताया कि इन घाटियों में साल भर खेती ही मुख्य रोजगार है। बरसात में कई बार सड़क मार्ग अवरुद्ध होने से फसलें खेतों में सड़ जाती हैं। मनरेगा के अलावा रोजगार के अन्य साधन सीमित हैं और सरकारी नौकरी पर केवल कुछ परिवार ही कार्यरत हैं। इस स्थिति में गरीब परिवारों के लिए प्राथमिकता के आधार पर एक सदस्य को उनकी योग्यता अनुसार रोजगार देना आवश्यक है। रामसरण चौहान और धर्मचंद ठाकुर सहित घाटियों के लोग सरकार से अपील कर चुके हैं कि इस योजना को तुरंत लागू किया जाए, ताकि जीवन स्तर सुधर सके और परिवार का पालन-पोषण सुनिश्चित हो सके।

### बैठक में गुर्जर कल्याण परिषद ने किया मंथन

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** हिमाचल राज्य गुर्जर कल्याण परिषद के सरकाघाट ब्लॉक की बैठक परिषद के जिलाध्यक्ष तिलक राव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में परिषद के ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने को लेकर मंथन किया गया। साथ ही गुर्जर समुदाय की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष तिलक राव ने कहा कि वर्तमान समय परिषद को जिला में ब्लॉक स्तर पर संगठित करने का कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिला स्तर पर सभी ब्लॉकों में संगठन की कार्यकारिणियों के गठन व विस्तारीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। तत्पश्चात जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

# सुंदरनगर में पुराना खस्ताहाल भवन बना कूड़ाघर व नशेड़ियों का अड्डा

## खस्ताहाल परिसर में गंदगी और बदबू, सरकारी कार्यालय का संपर्क मार्ग भी प्रभावित

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ु राजपूत, महादेव।** सुंदरनगर शहरी क्षेत्र स्थित बीडीओ कार्यालय जो पूर्व सुकेत रियासत के ऐतिहासिक स्थलों से सटा बताया जाता है का एक बड़ा परिसर वर्षों से गंदगी की चपेट में है। परिसर का पैदल मार्ग मल-मूत्र और गंदगी से भरा होने के कारण लोगों के लिए खतरे का स्थान बन गया है। इस खस्ताहाल भवन का एक बड़ा भाग गलर्ज स्कूल और आसपास के आवासीय क्षेत्रों के पास है, जिसे बदबूदार कूड़े-कचरे से भरकर हवा में जहरीली बू फैल रही है।



पुराना खस्ताहाल भवन कूड़ाघर व नशेड़ियों का अड्डा बना। अनंत ज्ञान

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पुराना भवन, जिसका निर्माण वर्ष 1952 के आसपास हुआ था, पहले कई सरकारी उपक्रमों और लोक संपर्क विभाग के कार्यालयों के लिए उपयोग में था। इसके अलावा, यहां सरकारी कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध थी, जो अब भी कुछ हिस्सों में मौजूद है। हालांकि, वर्तमान में यह भवन टूट-फूट और जर्जर हालत में है। मौसमी बारिश और मौसम के थपेड़ों ने इसे और खराब कर दिया है। स्थानीय नागरिकों ने यह भी बताया कि अब यह स्थान खाने-पीने और शराब, मादक पदार्थ का सेवन करने वाले नशेड़ी लोगों का अड्डा बन गया है। लोग अंट-शंट बकते और शोर मचाते हैं, जिससे आसपास की सामाजिक शांति और आम लोगों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों ने डीसी मंडी से पुरजोर मांग की है कि बीडीओ कार्यालय परिसर के इस पुराने और बिगड़े भवन को तुरंत साफ-सुथरा बनाया जाए और दोषियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि अगर इसे समय रहते सुधार नहीं किया गया, तो यह कूड़ा पर्वत बन सकता है और सरकारी तथा आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा की गंभीर समस्या पैदा कर सकता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस ऐतिहासिक भवन की देखभाल और संरक्षण के लिए प्रशासन को तुरंत कदम उठाना चाहिए ताकि यह न केवल सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित बने बल्कि परिसर और आसपास के क्षेत्र का सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व भी बना रहे।

# ओआरओपी में बढ़ती असमानताओं को लेकर पूर्व सैनिकों में भारी रोष

अनंत ज्ञान

- **जेसीओ व ओआर सबसे अधिक प्रभावित, आठवें वेतन आयोग से समाधान की मांग**
- **पूर्व सैनिकों ने जस्टिस रंजन से मिलने की लगाई गुहार**

**ब्यूरो, मंडी।** वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) में लगातार बनी हुई विसंगतियों को लेकर पूर्व सैनिकों में गहरा रोष है और इसी के चलते संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग की अध्यक्षा जस्टिस रंजन प्रकाश देसाई को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है।

यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा सेवानिवृत्त, मीडिया प्रभारी नायब सूबेदार अमृतलाल तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने संयुक्त प्रेस वक्तव्य में दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 7 नवंबर 2015 को ओआरओपी लागू कर पूर्व सैनिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी की, जिसके लिए पूर्व सैनिक सरकार का आभार व्यक्त करते हैं, लेकिन इसे लागू करने के बाद पेंशन से जुड़ी कई विसंगतियां पैदा हो गईं जिन्हें सरकार के नोटिफिकेशन में दिए प्रावधानों के बावजूद दूर नहीं किया गया। इसके लिए पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस लक्ष्मी नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग भी गठित किया गया था, फिर भी 2019 और 2024 में दो रिवीजन होने के बावजूद विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि पहले से सेवानिवृत्त सैनिकों को अधिक और बाद में सेवानिवृत्त सैनिकों को कम पेंशन मिल रही है, यहां तक कि वरिष्ठ रैंक के पूर्व सैनिकों को जूनियर रैंक से कम पेंशन मिल रही है, जिससे सबसे अधिक नुकसान जेसीओ को हुआ है जिनकी पेंशन में पिछले 10-12 वर्षों से कोई वृद्धि नहीं हुई, बल्कि कुछ रैंकों की पेंशन घटा भी दी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आठवें वेतन आयोग में इन विसंगतियों का समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में यह समस्या और अधिक जटिल हो जाएगी।

# 61 किलो अफीम डोडा सहित पंजाब के दो युवक गिरफ्तार


सुंदरनगर में नशा सामग्री के साथ आरोपी पुलिस टीम के साथ। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** जिला पुलिस मंडी द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। 18 जनवरी 2026 को अलसू चौक पर नाकाबंदी के दौरान मंडी की ओर से आ रही महिंद्रा पिकअप जीप (पीबी03बीएच-0430) को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें कुल 61 किलो 205 ग्राम अफीम डोडा (पोस्त) बरामद किया गया। इस कार्रवाई में पुलिस ने पंजाब के दो युवकों—कुलदीप सिंह पुत्र मुकुंद सिंह, निवासी जिला मोगा, पंजाब और रामपाल पुत्र गुरमेल सिंह, निवासी तहसील जगराओं, जिला लुधियाना, पंजाब—को गिरफ्तार किया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मंडी, साक्षी वर्मा ने पुष्टि की है कि अभियोग में आगे की जांच जारी है और इस सफलता से जिला पुलिस के नशा उन्मूलन प्रयासों को मजबूती मिली है।

# क्रेटवॉल के लिए नहीं मिली तार, अधर में सुरक्षा दीवार

## डोल गदयाड़ा के ग्रामीणों में पनपा रोष, आने वाले बरसाती मौसम को लेकर भय

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** ग्राम पंचायत खड़िहार के अंतर्गत ब्यास नदी किनारे बसे डोल गदयाड़ा गांव में प्रस्तावित सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य पिछले करीब एक माह से पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। कार्य में देरी से ग्रामीणों में भारी रोष है और आने वाले बरसाती मौसम को लेकर भय और अनिश्चितता का माहौल बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते यह कार्य पूरा नहीं हुआ तो इस वर्ष भी बाढ़ और कटाव से भारी तबाही हो सकती है।

ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्ष हुई भीषण बरसात के दौरान ब्यास नदी ने सैकड़ों बीघा उपजाऊ कृषि भूमि को बहा लिया था और कई परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई थी। इसी नुकसान से सबक लेते हुए जल शक्ति विभाग ने गांव को भविष्य की आपदाओं से बचाने के लिए सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य शुरू किया था।

हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में इस्तेमाल होने वाली विशेष तार (क्रेटवाल वायर) समय पर उपलब्ध न होने के कारण ठेकेदार ने कार्य रोक दिया। पिछले एक माह से साइट पर कोई गतिविधि नहीं होने के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। किसान प्रवीण, बलराम, गोपाल, प्रमोद और धीरज ने कहा कि यदि सुरक्षा दीवार समय पर नहीं बनी तो फसल और जमीन का नुकसान दोबारा होगा। ग्राम पंचायत खड़िहार के प्रधान मनोहर लाल ने जल शक्ति विभाग से मांग की कि यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर दोबारा शुरू किया जाए।



खड़िहार पंचायत के डोल गदयाड़ा में सुरक्षा दीवार का निर्माण ठप। अनंत ज्ञान

वहीं जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता एसके नाग ने बताया कि क्रेटवॉल के लिए आवश्यक तार की कमी के कारण कार्य प्रभावित हुआ है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है और जल्द ही सामग्री उपलब्ध होते ही निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया जाएगा।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग द्वारा शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई और सुरक्षा दीवार का निर्माण समय पर शुरू नहीं हुआ तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। ग्रामीणों की मांग है कि बरसात से पहले सुरक्षा दीवार का काम पूरा किया जाए, ताकि उनकी जमीन, फसल और घरों को दोबारा किसी बड़ी आपदा से बचाया जा सके।

# छोटा भंगाल व चौहार घाटी में धूमधाम से मनाया लोहड़ी का पर्व

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटा भंगाल और चौहार घाटी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लोहड़ी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मकर संक्रांति की पहली रात से शुरू हुए पर्व के दौरान लोगों ने स्वादिष्ट पकवान बनाकर खाए और अगले दिन देवी-देवताओं की पूजा अर्चना के बाद राजमाह, माह आदि की खिचड़ी बनाकर सगे-संबंधियों व पड़ोसियों के साथ मिलकर इसका आनंद उठाया। छोटा भंगाल घाटी में पर्व के दौरान बड़ों के चरण छूकर शुभकामनाएं दी गई और बड़ाग्रां व नलहौता गांववासियों ने चार-पाँच दिन तक सराला नामक लोकल पर्व मनाया, जिसमें दस से पंद्रह परिवार बारी-बारी से खाद्य सामग्री लाकर चुने हुए घर के आंगन में मिलकर भोजन किया। चौहार घाटी में कोलू-कोलू नामक पर्व मनाया गया, जिसमें प्रत्येक परिवार की महिलाएं आंगन में ऊंचे स्थान पर खड़ी होकर छोटे-छोटे आटे के गोले सभी पर बरसाती रहीं। यह परंपरा यह मानती है कि जितने ज्यादा गोले कोई ग्रहण करता है, उतना ही परिवार को सुख-शांति मिलती है।

# शुष्क मौसम में आग लगने की घटनाओं को न्यून करने के लिए चलाएं जागरूकता अभियान: डीसी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में गत सायं मंडी जिला में सूखे जैसी स्थिति के दृष्टिगत विभिन्न चुनौतियों सहित अग्नि सुरक्षा पर पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया।

इसमें शुष्क मौसम में आग लगने की घटनाओं की संभावनाएं न्यून करने के लिए व्यापक जागरूकता तथा त्वरित प्रतिक्रिया के लिए समुचित प्रबंध समय रहते पूर्ण करने पर बल दिया गया।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मंडी अपूर्व देवगन। अनंत ज्ञान

उपायुक्त ने कहा कि जिला में लंबी अवधि से बारिश न होने के कारण सूखे जैसे हालात बन रहे हैं। इस कारण आग लगने की घटनाओं सहित अन्य कई प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। हाल ही में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आग लगने की दु:खद घटनाएं सामने आई हैं। इस तरह की घटनाओं की संभावनाएं न्यून करने और आपात स्थिति में प्रभावितों तक त्वरित सहायता पहुंचाना स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित विभागों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसी घटनाओं से बहुमूल्य मानव जीवन की रक्षा एवं सार्वजनिक व निजी संपदा की सुरक्षा भी सभी का दायित्व है।

- **उपायुक्त ने की अग्नि सुरक्षा पर पूर्व तैयारियों की समीक्षा**
- **विभागों को समय रहते सभी प्रबंध पूरे करने के दिए निर्देश**

उन्होंने वन, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, अग्निशमन विभाग तथा शहरी निकायों को निर्देश दिए कि लोगों को आग लगने के कारणों एवं बचाव के बारे में जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाएं। आगामी 21 व 22 जनवरी को होने वाली ग्राम सभाओं में भी आग से बचाव बारे जागरूकता संबंधी एजेंडा शामिल किया जाए। जन जागरूकता में अग्निशमन, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ इत्यादि से भी सहयोग लिया जाए। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु वर्मा, नगर निगम के आयुक्त रोहित राठौर, उपमंडलाधिकारी (ना.) रुपिंदर कौर सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी व अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# शिक्षक 'दशरथी ऑफ द ईयर' सम्मान से सम्मानित

## अयोध्या में आयोजित समारोह में देशभर के 150 शिक्षकों को मिला सम्मान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अयोध्या की पावन भूमि पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से दशरथी ऑफ द ईयर-2025 सम्मान समारोह का आयोजन पृथ्वी अभ्युदय एजुकेटर्स एसोसिएशन इंडिया, विस्टा माइंड सोशल फाउंडेशन तथा महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया, जिसमें मणि शंकर तिवारी, मदन मोहन त्रिपाठी, हर्षवर्धन सिंह, संगीता शर्मा, सरित घोष, डॉ. विनय कुमार झा, अंशुमान देव गुप्ता और धर्मवीर यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में देशभर से आए लगभग 150 कर्तव्यनिष्ठ, नवाचारी और शिक्षा के प्रति समर्पित शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जिनमें हिमाचल प्रदेश के 13 शिक्षाविद शामिल रहे।



दशरथी ऑफ द ईयर से सम्मानित होने वाले शिक्षक। अनंत ज्ञान

इनमें प्रियंवदा टीजीटी हिन्दी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गलमा जिला मंडी, धर्मा देवी टीजीटी मेडिकल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोखड़ी जिला मंडी, कमल ठाकुर प्रशिक्षित कला स्नातक स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरोआ जिला मंडी, रतन लाल कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक राजकीय प्राथमिक केंद्रीय पाठशाला पंडोह मंडी, भींद्र सिंह टीजीटी नॉन मेडिकल राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगवांई मंडी, दुनी चंद कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुक्लाह शिक्षा खंड बालीचौकी मंडी, सुनील कुमार टीजीटी मेडिकल राजकीय उच्च पाठशाला चौखड़ी, राजमल टीजीटी मेडिकल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुधराणी, महेंद्र कुमार कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक राजकीय प्राथमिक पाठशाला जागर शिक्षा खंड बगस्याड़, नेत्र सिंह कनिष्ठ बुनियादी अध्यापक राजकीय प्राथमिक पाठशाला कांढी कोछड़ा शिक्षा खंड बालीचौकी मंडी, रीना शर्मा ड्राइंग टीचर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चमिया सोलन, कांता देवी कला शिक्षिका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंतेहड़ा जिला बिलासपुर तथा रूचिका जसवाल टीजीटी हिन्दी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घाघस बिलासपुर शामिल हैं। शिक्षकों को शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा रतीश गुप्ता के निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# संधोल अस्पताल में 150 लोगों का जांचा स्वास्थ्य


स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** क्षेत्रवासियों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में गौतम अस्पताल हमीरपुर द्वारा संधोल अस्पताल के नए भवन में आयोजित नि:शुल्क हृदय रोग जांच शिविर रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस शिविर में ग्रामीण व अर्ध-शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर के दौरान कुल 150 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई, जिससे स्थानीय जनता में भारी उत्साह देखने को मिला।

शिविर में प्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अखिल गौतम के साथ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. मोहित और डॉ. रजनीश ने मरीजों की जांच की। इस दौरान हृदय रोगों से संबंधित परीक्षणों के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य जांच भी की गई। अनेक मरीजों की ईसीजी, रक्तचाप, शुगर आदि की जांच की गई और उन्हें मौके पर ही नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। जिन मरीजों में जटिल समस्याएं पाई गईं, उन्हें आगे के उपचार के लिए उचित चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

आयोजकों के अनुसार शिविर के सफल संचालन में अस्पताल के प्रशिक्षित स्टाफ और स्थानीय स्वयंसेवकों का अहम योगदान रहा। शिविर में लोगों की उत्साहजनक भागीदारी ने यह स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे स्वास्थ्य शिविरों की अत्यधिक आवश्यकता है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान साबित होते हैं। आयोजकों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इसी तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

**सहायता** आपदा प्रभावित परिवारों के लिए विशेष राहत पैकेज बना नवजीवन का सहारा

# मंडी जिले में गृह निर्माण को 31.81 करोड़ जारी

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** प्रदेश सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए एक मजबूत सहारा बन रही है। गत बरसात के मौसम में अपना आशियाना खो चुके प्रभावित परिवारों के पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से बढ़ी हुई सहायता राशि मिलने पर अब उन्हें अपने उजड़े चमन फिर से बसाने की उम्मीदें बलवती हो गई हैं। सुनीता देवी मंडी जिला की तहसील कोटली के सुक्का कून गांव की रहने वाली हैं। पिछली बरसात ने उन पर ऐसा कहर ढहाया कि देखते ही देखते उनका मकान आंखों के सामने जमींदोज़ हो गया। ऐसे में 'सुक्खू सरकार' ने उनकी पीड़ा को समझा और आपदा प्रभावितों के लिए घोषित विशेष राहत पैकेज के तहत उन्हें घर बनाने के लिए उचित राहत राशि मंजूर की।

सुनीता देवी बताती हैं कि वर्ष 2025 में भारी बरसात के कारण उनका मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इस आपदा के बाद वे अपने परिवार सहित बेघर हो गईं और उन्हें रिश्तेदारों के पास शरण लेनी पड़ी। सुनीता देवी के अनुसार, सरकार द्वारा मकान निर्माण के लिए अब सात लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें से पहली किस्त के रूप में 4 लाख रुपए प्राप्त हो चुके हैं। इससे उन्होंने अपने मकान का निर्माण कार्य आरंभ कर दिया है।

उन्होंने कहा कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है और सरकारी सहायता के बिना मकान बनाना उनके लिए संभव नहीं था। ऐसे कठिन समय में राज्य सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी रही, जिससे उनके जीवन में फिर से आशा की किरण जगी है। सुनीता देवी ने भावुक होकर कहा, 'मैं माननीय मुख्यमंत्री जी का हृदय से धन्यवाद करती हूं। प्रदेश सरकार की मदद से हमारे टूटे घर को दोबारा बनाने का सपना साकार हो रहा है।

### अब मिल रहे 7 लाख



भारी वर्षा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण मकान पूर्ण क्षतिग्रस्त होने पर प्रभावित परिवारों को पहले मात्र 1.50 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती थी, जो अपर्याप्त साबित होती थी। वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस सहायता राशि को बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दिया है। साथ ही घरेलू सामान के लिए एक लाख रुपए की अतिरिक्त राशि दी जा रही है। कुल आठ लाख रुपए की इस मुआवजा राशि से प्रभावित परिवारों को सामान्य जीवन की ओर लौटने में मदद और अपने आशियाने के पुनर्निर्माण में बड़ी राहत मिली है। इसके अतिरिक्त आपदा प्रभावितों को अस्थायी रूप से किराए के मकान में निवास के लिए राज्य सरकार की ओर से मासिक किराया भी प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे सुरक्षित एवं सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें।

### क्या कहते हैं डीसी

**उपायुक्त** अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में वर्ष 2025 की बरसात में आई आपदा के प्रभावितों को गृह निर्माण एवं मरम्मत के लिए लगभग 31 करोड़ 81 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है। इसमें पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त घरों के 717 मामलों में 19 करोड़ 30 लाख रुपए से अधिक तथा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के 1437 मामलों में 12 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक का मुआवजा अभी तक दिया जा चुका है।

# श्रमिकों को जल्द मिले लंबित सहायता राशि: भूपेंद्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट शिव मंदिर परिसर में आयोजित राज्य श्रमिक कल्याण बोर्ड के जागरूकता शिविर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बोर्ड के गैर सरकारी सदस्य एवं सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने कहा कि सरकाघाट में चार वर्ष पहले खोले गए सब ऑफिस में लगभग 30 हजार निर्माण मजदूर पंजीकृत हैं, लेकिन कर्मचारियों की भारी कमी है और रिकॉर्ड रखने के लिए पर्याप्त अलमारियां व रैक न होने से कार्यालय का रिकॉर्ड अव्यवस्थित पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक वर्ष पहले बोर्ड को पत्र लिखा गया था और बैठकों में भी मुद्दा उठाया गया, बावजूद इसके फर्नीचर व अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि 2017 से मंडी में पड़े सोलर लैम्प ही वितरित किए गए हैं, जिनमें से कई खराब हो चुके होंगे। भूपेन्द्र सिंह ने गत सरकार के समय धर्मपुर खंड के लिए अलग सब ऑफिस खोलने के फैसले को तुरंत लागू करने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के करीब 35 हजार मजदूरों की 100 करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायता, जिसमें छात्रवृत्ति, विवाह व चिकित्सा सहायता शामिल हैं, पिछले तीन वर्षों से लंबित है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मंडी जिला की मजदूर यूनियनें बोर्ड कार्यालय हमीरपुर का घेराव करेंगी।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
आवश्यकता
मंडी जिले में पत्रकार चाहिए
प्रदेश के तेजी से उभरते दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान को नेरचौक, बासा, डैहर, चैलचौक में ऊर्जावान, कर्मठ और जुझारू पत्रकारों की आवश्यकता है। निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता का जज्बा रखने वाले इच्छुक पत्रकारों के लिए यह सुनहरा अवसर है।
संपर्क करें - अनिल शर्मा, जिला प्रभारी, मंडी
मो. 8263880288

# चिंतपूर्णी मां के दर उमड़ा भक्तों का सैलाब

अनंत ज्ञान

**विकास शर्मा, चिंतपूर्णी।** शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी जी मंदिर में जनवरी महीने के ज्येष्ठ रविवार को श्रद्धालुओं की काफी चहल-पहल रही।

हालांकि, कड़ाके की ठंड होने की वजह से कुछ दिनों से चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं की कमी दर्ज की गई है। पंजाब व अन्य राज्यों में लगातार घना कोहरा व ठंड होने के कारण लोग अपने घरों में रहने को मजबूर हैं, जिसके चलते माता चिंतपूर्णी के दरबार में भी श्रद्धालुओं की संख्या कम हुई है। पिछले रविवार व मकर संक्रांति दिवस होने पर भी श्रद्धालुओं की संख्या में कमी दर्ज की गई थी। इससे स्थानीय व्यापारी वर्ग, छोटे दुकानदारों का कारोबार प्रभावित हुआ है। ज्येष्ठ रविवार छुट्टी होने के कारण बाबा श्री माई सदन से लेकर मंदिर परिसर तक श्रद्धालुओं की काफी रौनक रही। भारी ठंड में भी महिला, बुजुर्ग, बच्चों में मां चिंतपूर्णी के प्रति आस्था, श्रद्धा, भक्ति भाव में कोई कमी नहीं आई। श्रद्धालु मां चिंतपूर्णी के दरबार में दंडवत करते हुए आशीर्वाद लेने पहुंचे। श्रद्धालुओं की डबल लाइन मंदिर परिसर के मुख्य बाजार तक रही। मंदिर प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए। मंदिर में तैनात सुरक्षा कर्मचारी, होमगार्ड व एक्स सर्विसमैन पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त दिखे।


लाइनों में लगकर मां चिंतपूर्णी के दर्शनों के लिए जाते श्रद्धालु। अनंत ज्ञान

# सांसद अनुराग ने मां चिंतपूर्णी के चरणों में हाजिरी लगाकर मांगी खुशहाली की दुआ

अनंत ज्ञान

**चिंतपूर्णी।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने रविवार को मां श्री चिंतपूर्णी के दर्शन किए। पुजारी संदीप कालिया ने वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ उन्हें पूजा-अर्चना व हवन आहुति डलवाई। मंदिर प्रशासन की तरफ से उन्हें माता की चुनरी तथा पुजारी वर्ग द्वारा माता की फोटो भेंट स्वरूप प्रदान की गई।

सांसद ने दर्शन करने पर देश व प्रदेशवासियों के मंगल जीवन, खुशहाली, प्रगति की कामना की। अनुराग ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि मंदिर के सौंदर्यीकरण व विस्तारीकरण के लिए भारत सरकार द्वारा धनराशि स्वीकृत की गई थी, परंतु प्रदेश सरकार के सुस्त रवैया व कार्य करने की इच्छाशक्ति न होने के कारण वह धनराशि वापस हुई है। इसके बाद उनके अथक प्रयासों से उस धनराशि को फिर से स्वीकृत करवा कर प्रदेश सरकार को भेजा गया, ताकि चिंतपूर्णी मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुविधा सुनिश्चित की जा सके और मंदिर का विस्तारीकरण व सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा किया जा सके।


माता चिंतपूर्णी के दर्शनों के लिए पहुंचे सांसद अनुराग ठाकुर। अनंत ज्ञान

## बोले- 'जी राम जी' ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का ब्लूप्रिंट

**सांसद** अनुराग सिंह ठाकुर ने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के टकारला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी 'जी-राम-जी' को ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का ब्लूप्रिंट है, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होगा। अनुराग ने बताया कि जी-राम-जी विधेयक 2025 के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी मिलेगी, जो मनरेगा से 25 दिन अधिक है। इससे आय सुरक्षा मजबूत होगी और गांवों में खपत बढ़ेगी। कांग्रेस पार्टी का 'बापू प्रेम' बस दिखावा है और गांधी के नाम का इस्तेमाल सिर्फ राजनीति के लिए किया है। कांग्रेस के विरोध पर पलटवार करते हुए कहा कि यह विरोध केवल राजनीतिक दिखावा है। कांग्रेस के समय इन योजनाओं में घोटाले आम थे और मजदूरों को मेहनत की दिहाड़ी पाने के लिए महीनों इंतजार करना पड़ता था, जबकि भाजपा सरकार ने सीधे बैंक खातों में भुगतान की व्यवस्था की है, जिससे मजदूरों को समय पर मेहनताना मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### तलमेहडा में 22 को सत्यनारायण कथा

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** उप तहसील जोल क्षेत्र के तलमेहडा बाजार के समीप स्थित शिव भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष्य में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सत्यनारायण कथा, दिनभर रामायण पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्य ठाकुर रघुवीर सिंह संगम और ललित साहनी ने बताया कि दोपहर बाद भंडारे में सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था रहेगी।

### हरि कृष्ण शर्मा शास्त्री बने सभा अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पंचायत धर्मशाला महंता में दि धर्मशाला कृषि सेवा सहकारी समिति के लिए हाल ही में संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया के बाद प्रबंधन कमेटी का गठन किया गया है। चुनाव निर्वाचन अधिकारी संगीता रानी ने सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से कमेटी का गठन सुनिश्चित किया। नई प्रबंधन कमेटी में पंडित हरि कृष्ण शर्मा शास्त्री को अध्यक्ष चुना गया, जबकि बलदेव सिंह राणा को उपाध्यक्ष और विशंभर दास को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन पदाधिकारियों के अलावा, पूजा ठाकुर, राकेश कुमार, राजेश कुमार और विजय सिंह को प्रबंधन कमेटी का सदस्य बनाया गया है। इस पूरी गठन प्रक्रिया में गांव के समाजसेवी दिलबाग सिंह का विशेष योगदान रहा। नई प्रबंधन कमेटी के गठन पर छज्जू राम, बलवंत सिंह, मैथिली पराशर, नरेश कुमार, प्रधान मंजू वाला, प्रधान कुोक कुमार, वार्ड पंचों सहित समस्त ग्राम वासियों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### कुटलैहड़ के 180 श्रद्धालु 10 दिवसीय यात्रा से लौटे

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** कुटलैहड़ क्षेत्र के जमासनी माता मंदिर बंगाणा से शुरू हुई 180 श्रद्धालु वृंदावन धाम से शुरू हुई दक्षिण भारत की 10 दिवसीय धार्मिक यात्रा पूरी कर सकुशल अपने गृह क्षेत्र लौट आए हैं। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने दक्षिण भारत के विभिन्न प्रमुख तीर्थस्थलों के दर्शन किए और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने बताया कि यात्रा बेहद सुखद और आध्यात्मिक रूप से संतोषजनक रही। इस दौरान उन्होंने तिरुपति बालाजी, रामेश्वरम, मदुरै, कन्याकुमारी सहित कई प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। यात्रा का आयोजन क्षेत्र की एक धार्मिक समिति द्वारा किया गया था। वापसी पर स्थानीय लोगों और परिजनों ने श्रद्धालुओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने आयोजक आचार्य दीपक शर्मा का आभार व्यक्त किया।

### सत्ता में बैठे लोग पहुंचा रहे मित्रों को लाभ : अरुण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला भाजपा सोशल मीडिया विभाग कार्यकारिणी सदस्य एवं युवा भाजपा नेता अरुण कौशल ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के मंत्री आपसी बयानबाजी से जनता के बीच हास्य का पात्र बन गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग जनता को गुमराह कर केवल अपने परिवार और मित्रों को लाभ पहुंचा रहे हैं, जबकि विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। अरुण कौशल ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं प्रदेश हित में हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा हिमाचल की जनता के साथ खड़े रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऊना सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती के प्रयासों से पीजीआई मलाहत और केंद्रीय विद्यालय जैसी परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं।

### सोनिया लेगी गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा



**अनंत ज्ञान, अंब।** बाल विकास परियोजना अंब वृत्त चिंतपूर्णी के तहत आंगनबाड़ी केंद्र नारी चौबे बस्ती की कार्यकर्ता सोनिया शर्मा का चयन 26 जनवरी को दिल्ली में होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। सोनिया शर्मा लंबे समय से बच्चों व महिलाओं के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही हैं। उनकी परेड में सहभागिता को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान को मिलने वाली पहचान बताया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाइयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### लोअर अंदौरा में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब की लोअर अंदौरा पंचायत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना एवं उप-मंडलीय विधिक सेवा समिति अंब के मार्गदर्शन में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता सिविल जज दीपिका नेगी ने की। उन्होंने तथा अधिवक्ता अनिता ने निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी अधिकारों, आपदा राहत और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### संतोषगढ़ क्षेत्र में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** विद्युत उपमंडल संतोषगढ़ के सहायक अभियंता हरि मोहिंदर मोहन ने बताया कि 19 जनवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल संतोषगढ़ के अंतर्गत पड़ते गांवों संतोषगढ़, सनोली, मजारा, मलूकपुर, पूना, बीनेवाल, अजौली, छतरपुर ढाडा, नंगड़ा, खानपुर, फतेहपुर इत्यादि सभी गांवों में काम खत्म होने तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने जनता से सहयोग की अपील की है।

# उपमुख्यमंत्री मुकेश ने किया सामुदायिक भवन का लोकार्पण

## कहा- हरोली को देश का 'नंबर-1' हलका बनाने के लिए मिशन मोड में काम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने रविवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत श्री गुरु रविदास मंदिर भदसाली में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उपमुख्यमंत्री ने 71 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध करवाई थी। इसके अलावा शेष राशि स्थानीय जनता द्वारा सामुदायिक सहयोग एवं दान के माध्यम से एकत्र की गई, जिसके फलस्वरूप यह भव्य भवन निर्मित हो सका। उपमुख्यमंत्री ने मंदिर समिति द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य की सराहना की।

उन्होंने मंदिर परिसर में श्री गुरु रविदास जी की सुंदर मूर्ति स्थापना के लिए 10 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा की। इसके अलावा, गुरु श्री रविदास सत्संग सभा सलोह के सामुदायिक भवन के लिए अतिरिक्त 10 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। उल्लेखनीय है कि सलोह के लिए 25 लाख रुपए की राशि पहले ही प्रदान की जा चुकी है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वे हरोली को देश का 'नंबर-1' हलका बनाने की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं और इसके लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल तथा सड़कों-पुलों के क्षेत्र में हजारों करोड़ रुपए के विकास कार्यों के माध्यम से मूलभूत ढांचे को सुदृढ़ किया गया है। इसके साथ ही प्रशासनिक अधोसंरचना को भी मजबूती प्रदान करते हुए इसका क्रम पूर्ण किया गया है। आज हरोली में एसडीएम व डीएसपी कार्यालय के साथ-साथ बिजली, जल शक्ति एवं लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय भी कार्यरत हैं। क्षेत्र में 2 पुलिस थाने तथा 1 पुलिस चौकी स्थापित की गई है।

स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती के लिए सिविल अस्पताल, हरोली के अतिरिक्त दुलैहड़, भदसाली, कुंगड़त तथा बीटन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पंजावर, पालकवाह, सलोह, बढ़ेड़ा, कुठारबीत, बालीवाल, बाथड़ी एवं खड्डु में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।


गुरु रविदास मंदिर में सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। अनंत ज्ञान

### समय पर कार्य पूर्ण कराएं मंदिर समितियां

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि हरोली क्षेत्र के मंदिरों के निर्माण, सौंदर्यीकरण और सुधार कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने मंदिर समितियों से आग्रह किया कि वे राशि का सही उपयोग करते हुए समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करें, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि शीतला माता मंदिर, ईसपुर का भव्य निर्माण 6.88 करोड़ रुपए में किया जा रहा है। इसके अलावा गुरु रविदास, बाबा सिद्ध जालंधरी, बाबा नैना, राधा कृष्ण, बनौड़े महादेव, ललड़ी सहित कई मंदिरों के लिए 25-25 लाख रुपए, जबकि कुछ मंदिरों के सौंदर्यीकरण एवं कुटिया निर्माण के लिए 10-15 लाख रुपए की राशि दी गई है। क्षेत्र के प्राचीन तालाबों (टोबों) को पुनर्जीवित कर आधुनिक और बहुउद्देशीय सरोवर बनाने की योजना का उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, संत समाज और जनता ने उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विधायक विवेक ने सीएम सुक्खू को दिया धार्मिक कार्यक्रम का निमंत्रण


सीएम सुक्खू को निमंत्रण देते विधायक विवेक शर्मा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के पावन सानिध्य में बाबा बाल आश्रम कोटला कला में आयोजित होने वाले साप्ताहिक एवं वार्षिक धार्मिक कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को शिमला में निमंत्रण दिया।

विवेक ने मुख्यमंत्री से कहा कि यह धार्मिक आयोजन हर वर्ष राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के राधा कृष्ण मंदिर कोटला कला ऊना में बड़ी श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ मनाया जाता है, जिसमें प्रदेशभर से हजारों श्रद्धालु भाग लेते हैं। विधायक ने बताया कि राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज जो राधा कृष्ण मंदिर कोटला कला द्वारा आयोजित यह साप्ताहिक वार्षिक समारोह प्रत्येक वर्ष पहली फरवरी से आरंभ होकर आठ फरवरी तक मनाया जाता है। और इस धार्मिक कार्यक्रम के तहत चार फरवरी जिला ऊना में ठाकुर जी की पालकी लेकर बड़ी शोभायात्रा का आयोजन होता है और इस दौरान आश्रम परिसर में भजन-कीर्तन, सत्संग, धार्मिक प्रवचन और विशेष पूजा-अर्चना का हर दिन आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि चार फरवरी को ठाकुर जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है, जो क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। विवेक ने मुख्यमंत्री को कुटलैहड़ प्रवास का भी निमंत्रण दिया। सीएम ने कुटलैहड़ प्रवास के निमंत्रण को भी स्वीकार करते हुए जल्द कुटलैहड़ विस क्षेत्र में आने का विधायक को आश्वासन दिया है।

◆ **बाबा बाल आश्रम कोटला कला में होगा वार्षिक धार्मिक कार्यक्रम**

# सीबीएसई संबद्धता का स्वागत, पर अलग काडर मंजूर नहीं : प्रवक्ता संघ

अनंत ज्ञान

**गोंदपुर बनेहड़ा।** प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने राज्य सरकार के सरकारी विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध करने के निर्णय का स्वागत करते हुए स्पष्ट किया कि शिक्षकों के लिए अलग उप कैडर बनाने का प्रस्ताव अनुचित है। संघ का तर्क है कि ऐसा कदम हिमाचल प्रदेश बोर्ड और सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों के बीच पहले से मौजूद समानता को कमजोर करेगा और सहयोगात्मक शैक्षणिक संस्कृति को प्रभावित करेगा।

संघ ने कहा कि वर्तमान प्रवक्ता पहले ही संवैधानिक संस्थाओं जैसे एचपीएसएससी और एचपीपीएससी के माध्यम से चयनित हैं, इसलिए नई परीक्षा या अलग कैडर बनाने की कोई आवश्यकता नहीं है। यदि सरकार को सीबीएसई पाठ्यक्रम के लिए विशेष प्रशिक्षण की जरूरत है, तो मौजूदा प्रवक्ताओं के लिए प्रशिक्षण व्यवस्था की जा सकती है। संघ ने यह भी स्पष्ट किया कि सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों में प्राथमिकता वर्तमान प्रवक्ताओं को दी जानी चाहिए और स्वेच्छा न होने पर अन्य प्रवक्ताओं से सहमति ली जा सकती है। संघ ने नियुक्ति मानदंड, वरिष्ठता, वेतन, पदोन्नति और स्थानांतरण जैसे मुद्दों में अस्पष्टता पर चिंता व्यक्त की। जिला स्तर के प्रतिनिधियों ने भी शिक्षकों के अनुभव, सम्मान और समानता को ध्यान में रखते हुए नीति लागू करने की मांग का समर्थन किया। अंत में संघ ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव और निदेशक से आग्रह किया कि सीबीएसई व्यवस्था लागू करते समय संवैधानिक चयन प्रक्रिया, अनुभव और प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जाए और अलग कैडर न बनाया जाए, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे और शिक्षक समुदाय में सकारात्मक माहौल बना रहे। स्कूल प्रवक्ता संघ इस नीति को धरातल पर लागू करने के लिए सरकार का पूरा सहयोग और समर्थन करेगा।

## ओल्ड पेंशन ही कर्मचारियों के हित में, यूपीएस नहीं है विकल्प : राजन शर्मा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश लेक्चरर संघ के मुख्य मीडिया सचिव राजन शर्मा ने भेंट वार्ता में कहा कि पूरे देश में ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की ओर से हिमाचल के कर्मचारियों के लिए ओपीएस लागू करने को ऐतिहासिक और कर्मचारी हितैषी निर्णय बताया। राजन शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने वर्षों से लंबित मांग पूरी कर कर्मचारियों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की है।

उन्होंने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन पाने के लिए कई छुपी शर्तें हैं, जिससे केवल कुछ कर्मचारियों को ही लाभ मिलेगा। यूपीएस में न मेडिकल प्रतिपूर्ति है और न ही कर्मचारियों के योगदान की वापसी का प्रावधान। उन्होंने कहा कि यूपीएस किसी भी तरह ओपीएस का विकल्प नहीं है। राजन शर्मा ने केंद्र सरकार से एनपीएस की राशि प्रदेश को लौटाने और कर्मचारी हित में ओपीएस को जारी रखने की मांग की।

# कुटलैहड़ में थमी विकास कार्यों की रफ्तार : कंवर

## बोले- दिशा बैठक में अनुराग ने सुलझाए कुटलैहड़ की जनता के मसले

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** अखिल भारतीय बॉलीबाल फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विकास कार्यों, लंबित योजनाओं और मौजूदा हालात पर विस्तार से अपनी बात रखी। बंगाणा रेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत में वीरेंद्र कंवर ने कहा कि उनके कार्यकाल में केंद्र सरकार के सहयोग से कुटलैहड़ क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ, लेकिन पिछले तीन वर्षों में विकास की गति थम गई है और क्षेत्र फिर से पिछड़ेपन की ओर बढ़ रहा है।

कंवर ने बताया कि हाल ही में ऊना में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कुटलैहड़ क्षेत्र की कई अहम समस्याओं को मजबूती से उठाया और संबंधित विभागों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि दिशा बैठक में 972 करोड़ रुपए की लागत से लाठियानी-मंदली सड़क परियोजना को शुरू करने पर विस्तार से चर्चा हुई। यह सड़क परियोजना कुटलैहड़ के लिए रीढ़ साबित होगी, जिससे आवागमन, व्यापार, कृषि और पर्यटन को बड़ा लाभ मिलेगा। लाठियानी बाजार की समस्या पर बोलते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि पुल निर्माण के कारण बाजार की गतिविधियां प्रभावित हो रही थीं। दुकानदारों की मांग पर अनुराग ने दिशा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि लाठियानी फ्लाईओवर के साथ बाजार को भी जोड़ा जाए, ताकि व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित न हों। उन्होंने इसे जनता की आजीविका के प्रति संवेदनशील निर्णय बताया। उन्होंने बताया कि दिशा बैठक में सेंट्रल स्कूल बंगाणा और डिग्री कॉलेज बंगाणा में साढ़े छह करोड़ रुपये से बन रहे इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके अलावा बंगाणा सीवरेज परियोजना के लिए केंद्र सरकार से तीन करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है, जिससे क्षेत्र को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। उन्होंने नाबार्ड के तहत सड़कों के लिए स्वीकृत 54 करोड़ रुपए की राशि का जिक्र करते हुए कहा कि कई स्थानों पर कार्य बेहद धीमी गति से चल रहे हैं। प्लाहटा में 62 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे अटल आदर्श विद्यालय का कार्य बंद होने पर जिला प्रशासन से रिपोर्ट तलब की गई है।


बंगाणा रेस्ट हाउस में मीडिया से बातचीत करते वीरेंद्र कंवर। अनंत ज्ञान

# हिमाचल ने नैनीताल यूनिवर्सिटी को 80 रन से हराया ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में किया क्वालीफाई

अनंत ज्ञान

**ऊना।** नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में तीसरी पोजीशन के लिए हिमाचल का मुकाबला रोहतक में नैनीताल यूनिवर्सिटी के साथ खेला गया। इसमें हिमाचल की टीम में पहले खेलते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 154 रन बनाए, जिसमें नैंसी शर्मा ने 49 रन बनाए, हिमांशी मेहता ने 23 रन बनाए, सोनल ठाकुर ने 52 रन बनाए। वहीं, नैनीताल की टीम 74 रन पर ऑल आउट हो गई, लक्ष्मी ने 17 रन बनाए और वैशाली ने 19 रन बनाए। श्वेता जम्वाल ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। ललिता दत्त ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, निकिता चौहान सोनल ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया। साक्षी और नेहा ने भी एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, टीम के कोच विक्रांत भारद्वाज ने खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने पर बधाई दी है। खेल प्रेमियों और क्रिकेट प्रेमियों ने खिलाड़ियों और टीम के कोच को जीत के लिए बधाई दी है।

◆ **हिमाचल के गेंदबाजों ने की शानदार गेंदबाजी**

## नेशनल पैरा पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में सतवीर सिंह ने किया शानदार प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** रुड़की (उत्तराखंड) के सीओईआर यूनिवर्सिटी में आयोजित नेशनल पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में प्रदेश के पैरा एथेलिट्स ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया। चिंतपूर्णी मोइन निवासी सतवीर सिंह ने 72 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार खेल दिखाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया। यह चैंपियनशिप 16 से 18 जनवरी तक पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित की गई, जिसमें पूरे भारत से करीब 300 पैरा पावरलिफ्टरों ने भाग लिया। कड़े मुकाबलों के बीच सतवीर सिंह ने अपने हौसले और मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। गौरतलब है कि सतवीर सिंह पेशे से मुख्याध्यापक हैं और दिव्यांग होते हुए भी खेलों के प्रति उनका समर्पण प्रेरणादायक है। उन्होंने यह साबित किया है कि मजबूत इच्छाशक्ति और कठिन परिश्रम के बल पर किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए सतवीर सिंह के साथ किन्नौर जिले से युधिष्ठिर सिंह नेगी ने भी 72 किलोग्राम भार श्रेणी में भाग लिया और प्रदेश का मान बढ़ाया।

## कलयुग में सत्संग ही जीवन का सार है : स्वामी नारायणपुरी

**अनंत ज्ञान, अंब।** उपमंडल अंब के तहत गांव टकारला में इतवार को श्रीमद्भागवत कथा का दूसरे दिन स्वामी नारायणपुरी महाराज ने भागवत कथा का महत्व बताया उन्होंने कहा इस कलयुग में सत्संग ही जीवन का सार है, कहते हे संगत अच्छी होनी चाहिए, इसीलिए इसे कहा गया हे संगत में स्त सत्संग, स्वामी जी ने कहा कि भागवत जी महा पुराण से लोभी, क्रोधी व्यक्ति कभी नहीं जुड़ सकता और कहा कि राजा परीक्षित की वजह से इस कथा का उद्गम हुआ, बताया गया जब राजा परीक्षित ने एक ऋषि जो तो में लीन थे उनके गले में मरा हुआ सर्प डाल दिया था तब ऋषि ने उनको श्राप दिया कि आज से सातवें दिन राजा परीक्षित की मृत्यु तक्षक सर्प डसने से होगी, तब सभी ऋषि मुनि इकट्ठे होकर सुखदेव स्वामी जी के पास गए, जिन्होंने बताया कि सात दिनों में राजा परीक्षित का उधार केवल भागवत कथा से ही हो सकता हे, तब राजा परीक्षित ने भागवत कथा अमृत का रसपान किया था, भागवत कथा का इतना महत्व बताया हे कि पापी से पापी व्यक्ति भी भागवत कथा अमृत का रसपान करने से अपने जीवन का उधार कर सकते हैं, प्रवचन के उपरांत आए हुए श्रद्धालुओं ने भंडारे का आनंद लिया।

**मीटिंग** कुटलैहड़ भाजपा के एससी, ओबीसी एवं किसान मोर्चा की बैठकें आयोजित

# संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने पर जोर

अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के स्थित भाजपा कार्यालय में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भाजपा के दोनों मंडलों की एससी मोर्चा, ओबीसी मोर्चा एवं भाजपा किसान मोर्चा की अलग-अलग बैठकें हुईं।

बैठकों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के विस्तारक अमित कुमार, कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो तथा कुटलैहड़ भाजपा प्रभारी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठकों में आगामी पंचायत चुनावों सहित संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। अमित कुमार ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं और प्रदेश की सुक्खू सरकार की नाकामियों को जनता के सामने प्रभावी ढंग से रखें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाई हैं, जिनका लाभ सीधे आम नागरिक तक पहुंचा है, जबकि प्रदेश सरकार अपने वादों और गारंटियों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सोशल मीडिया, जनसभाओं और व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से सरकार की विफलताओं को उजागर करें। वहीं, कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दविंदर कुमार भुट्टो ने संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडलों में बूथ स्तर से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पार्टी के साथ जोड़ा जाए, ताकि जमीनी स्तर पर संगठन और मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में जीत का आधार मजबूत संगठन और सक्रिय कार्यकर्ता ही होंगे। भुट्टो ने सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल जनता के लिए कालाध्याय साबित हुआ है। सुक्खू सरकार ने चुनाव से पहले जनता को जो गारंटियां दी थीं, उनमें से एक भी पूरी नहीं हुई। अब तो सुक्खू सरकार की अपनी कोई गारंटी भी शेष नहीं रही है। प्रदेश का हर वर्ग-चाहे कर्मचारी हों, किसान हों, युवा हों या आम नागरिक सरकार की नीतियों से दुखी और निराश है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ भाजपा के दोनों मंडलों के सभी मोर्चे अब चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आने वाले पंचायत चुनावों में कुटलैहड़ की जनता सुक्खू सरकार को आईना दिखाएगी और भाजपा समर्थित उम्मीदवारों की प्रचंड जीत सुनिश्चित होगी।

सभी मोर्चों ने आगामी चुनावों के लिए पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, मनोहर लाल शर्मा, जगदीश सहोता, कमलेश के अलावा सैकड़ों सदस्य एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


बैठकों में पंचायत चुनावों व संगठनात्मक मजबूती पर की चर्चा। अनंत ज्ञान

# सड़क पर जमी बर्फ में फिसल रहे वाहन

## ब्लैक आइस का खतरा : दारचा से आगे केवल फोर बाई फोर वाहनों को अनुमति

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, केलांग।** लाहुल घाटी में इन दिनों सड़कों पर बर्फ जम रही है जिस कारण वाहन सड़क पर फिसल रहे हैं। वहीं, कई वाहन चालक इस स्थिति में भी वाहन ऐसे स्थानों पर पहुंचकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं जहां पर खतरे के चलते पुलिस प्रशासन की ओर से जाने के लिए मनाही है और सड़क पर बर्फ के कारण फिसलन का खतरा है। ऐसा ही एक मामला गत दिनों पेश आया जब फोर बाई फोर वाहन बताकर दारचा से शिंकुला गए उत्तराखंड के पर्यटक बर्फ में फंस गए। पर्यटकों के फंसने की सूचना मिलते ही लाहौल-स्पीति पुलिस शिंकुला की ओर रवाना हो गई। उत्तराखंड के यह पर्यटक बर्फ देखने के चक्र में जांस्कर समदो से भी आगे निकल गए। इस बीच बर्फ की रफ्तार तेज हो गई और पर्यटक वाहन बर्फ में फंस गया। लाहुल स्पीति पुलिस ने सभी पर्यटकों को वाहन सहित सुरक्षित चैक पोस्ट जिस्पा पहुंचाया। जिस्पा चौकी प्रभारी ओम राज ने बताया कि पर्यटकों ने अपने वाहन को फोर बाई फोर बताया और वाहन में भी फोर बाई फोर लिखा हुआ था। उन्होंने बताया कि पता चलते ही मौके पर पहुंचे तब पता लगा कि वाहन फोर बाई फोर नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने स्थानीय वाहन चालक की मदद से इन पर्यटकों को वाहन सहित जिस्पा पहुंचाया। उधर, जिला पुलिस की ओर से लगातार पर्यटकों से सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। वहीं, एसपी लाहुल स्पीति शिवानी मेहला ने पर्यटकों से आग्रह किया कि वो इस तरह से अपनी जान को जोखिम में न डालें। उन्होंने कहा कि पर्यटक प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए दारचा से आगे फोर बाई फोर वाहन में ही सफर करें।



सड़क में जमी बर्फ के कारण फिसली गाड़ी। अनंत ज्ञान

### बर्फ में फिसलन से बढ़ा हादसों का खतरा

**बीते** दिन दारचा की ओर जा रहा एक वाहन सड़क पर जमी बर्फ के कारण फिसल गया। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उन्हें दारचा में ठहराया गया। इस घटना के बाद पुलिस और प्रशासन और अधिक सतर्क हो गया है। ब्लैक आइस के खतरे को देखते हुए पुलिस टीम लगातार वाहन चालकों को जागरूक कर रही है। सैलानियों को फिसलन वाले इलाकों में न जाने, धीमी गति से वाहन चलाने और प्रशासन की एडवाइजरी का पालन करने की सलाह दी जा रही है। साथ ही निर्धारित स्थानों से आगे न जाने और पुलिस सलाह के अनुसार समय पर वापस लौटना के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके अलावा असुरक्षित और संवेदनशील स्थानों पर वाहन न रोकें, न ही शिविर लगाएं और न ही पार्क करें। लाहुल-स्पीति पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। सलाह का उल्लंघन करने पर कानून के अनुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश व बर्फबारी न होने से घाटी की आर्थिकी पर संकट

◆ पर्यटन कारोबारियों सहित किसान-बागवान चिंतित

अनंत ज्ञान

**मनाली।** पिछले लंबे अरसे से मनाली घाटी में बारिश और बर्फबारी नहीं हो रही। भयंकर सूखे जैसे हालात बनने से घाटी की आर्थिकी पर संकट खड़ा हो गया है। पर्यटन कारोबार पर विपरीत असर पड़ने की आशंका है तो कृषि और बागवानी कार्य भी ठप पड़े हुए हैं। जल्द बारिश-बर्फबारी नहीं हुई कृषि-बागवानी के साथ पर्यटन कारोबार पर भी विपरीत असर पड़ेगा। घाटी के लोग चिंतित हैं। हालांकि ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हो रही है लेकिन निचले इलाकों में न तो बर्फबारी हो रही है और न ही बारिश, इससे लोग मायूस हैं। मनाली व आसपास के क्षेत्र में बीते लंबे समय से पर्याप्त मात्रा में बारिश और बर्फबारी नहीं होने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। घाटी में बारिश और बर्फबारी नहीं होने से जहां शुष्क ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। पहाड़ अभी भी सूखे पड़े हैं। इसके अलावा कृषि बागवानी संबंधी सभी कार्य भी ठप है। शीतकालीन खेलों से जुड़े खिलाडी भी बर्फबारी नहीं होने के चलते अपना अभ्यास नहीं कर पा रहे है। घाटी में लगातार चल रहे सूखे ने सभी की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है की घाटी में लंबे समय से बारिश और बर्फबारी नहीं हुई है। पहाड़ों पर भी अभी तक पर्याप्त मात्रा में बर्फबारी नहीं होने से भूमि खुश्क हो गई है। मनाली के बागवान फतेह चंद, जय चंद व होतम राम ने बताया कि बारिश और बर्फबारी न होने से लोग अपने बगीचों के तौलिये भी नहीं बना पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि हमने पिछले कई सालों से आज के महीने में इतना शुष्क मौसम नहीं देखा। खेत खलियान भी सूखे पड़े हैं द्य यदि मौसम का यही मिजाज रहा हो आने वाले फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। पर्यटन कारोबारी गौतम ठाकुर, रोशन लाल, देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि पर्यटक बर्फबारी को लेकर पूछताछ कर रहे है। बर्फबारी होने के बाद मनाली का पर्यटन कारोबार व रफ्तार पकड़ेगा।

# लाहौल की अंजली का राजभाषा अधिकारी के पद पर चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** हिमाचल प्रदेश के जनजातीय क्षेत्र, लाहौल स्पीति के मूरिंग पंचायत के क्वांग गांव की अंजली कुमारी का बैंक ऑफ बड़ौदा में राजभाषा अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। अंजली कुमारी की प्रारंभिक शिक्षा लाहौल, स्नातक की शिक्षा राजकीय महाविद्यालय कुल्लू तथा स्नातकोत्तर की शिक्षा पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से हुई है। शैक्षणिक उत्कृष्टता की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अंजली कुमारी ने वर्ष 2020 में ह्य-छ्-रू परीक्षा भी उत्तीर्ण की और वर्तमान में केन्द्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश,धर्मशाला से वर्ष 2023 से हिंदी विषय में शोध कर रही हैं। इनके पिता डॉ अशोक कुमार शर्मा हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी विभाग में सह आचार्य एवं माता प्रेम देवी गृहिणी है।अंजली कुमारी ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता सहित समस्त परिवार और गुरुजनों को दिया है।



# ठाकुर मुरलीधर मंदिर नगर में 23 को धूमधाम से मनाया जाएगा बसंत उत्सव



बैठक उपरांत ठाकुर मुरलीधर चतुर्भुज मंदिर कमेटी के सदस्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** ठाकुर मुरलीधर व चतुर्भुज मंदिर कमेटी की बैठक नग्गर में चतुर्भुज मंदिर परिसर में आयोजित हुई। इसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि बसंत पंचमी को 23 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष व कारदार विधि चंद नेगी ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब से मुरलीधर और चतुर्भुज में किसी भी प्रकार के आयोजन शादी-विवाह, पूजा, भंडारा, सत्संग, कथा, जन्मदिन अब मंदिर कमेटी की पूर्व अनुमति और सहमति से ही किए जाएंगे। इसके लिए दोनों मंदिर में सूचना पट्ट प्रदर्शित एवं लगाए जाएंगे। इसके अलावा मुरलीधर मंदिर में समुचित देखरेख के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रावधान किया जाएगा। कमेटी के उपाध्यक्ष संत कुमार शर्मा ने बताया कि जो दान पात्र लगाए गए हैं उन्हें स्थायी रूप से यथा स्थान पर स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा सोशल मीडिया में हारियान, मुजरियान, श्रदालु और भक्त मंदिर की सूचना और जानकारी के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग किया जाएगा। इस बैठक में कारदार व अध्यक्ष विधि चंद नेगी , उपाध्यक्ष संत कुमार शर्मा, महासचिव बलवीर सिंह, कोषाध्यक्ष मोहर सिंह ठाकुर के अलावा कमेटी के सदस्य नरेंद्र बाली, फते चंद, पुष्पेंद्र ठाकुर, नवीन कायस्था, चारणीत अवस्थी, झाबे राम, मनोज कायस्था, जयचंद, ओम दत्त और नरेंद्र प्रकाश इस बैठक में मौजूद थे।

# पेंशनरों की सभी प्रकार की वित्तीय देनदारियों का शीघ्र करें भुगतान : एसएल क्रोफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू ईकाई की बैठक रविवार को ई. अश्वनी सोहल वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न की गई। जिसमें कुल्लू इकाई के पूर्व प्रधान व मुख्य सलाहकार ई. एसएल क्रोफा सहित लगभग 80 सदस्यों ने भाग लिया। एचपीएसईबी कुल्लू इकाई के वरिष्ठ उप प्रधान अश्वनी सोहल ने बताया कि सर्वप्रथम ईकाई के सचिव निहाल नेगी मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया व एसोसिएशन की ताज़ा गतिविधियों की जानकारी दी । मुख्य सलाहकार ई. एस एल करोफ़ा ने अपने सम्बोधन में सदस्यों की समस्याओं का निस्तारण करने के लिए इकाई कार्यकारिणी को तत्परता से काम करने की सलाह दी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी सोहल ने प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा पेंशनरों के सभी प्रकार के मुद्दों को बोर्ड के समक्ष प्रभावी तरीक़े से उठाने व निरन्तर फॉलोअप की प्रक्रिया के लिए किये गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बोर्ड मैनेजमेंट से पेन्शनरों की सभी प्रकार की वित्तीय देनदारियों का के भुगतान का आग्रह भी किया। बैठक में 18 फ़रवरी को होने वाली मासिक बैठक में यूनिट कार्यकारिणी के चुनाव करवाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित पेंशनर रूप सिंह को जिनका रिहाइशी मकान वर्ष 2025 में बरसात के कारण पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था उन्हें 50000 रुपए की राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई ।

# नॉर्थ मनाली विकास समिति ने जनसहयोग से बनाया संपर्क मार्ग

## समाजसेवियों का जताया आभार, 23 लाख में बनी सड़क, 45 लाख के सरकारी एस्टीमेट को किया पीछे

अनंत ज्ञान

**मनाली।** छोटे-छोटे प्रयासों और निरंतर मेहनत से ही बड़ी सफलता की कहानी लिखी जा सकती है। बड़ी चीजों का इंतज़ार करने के बजाय, सही दिशा में लगातार छोटे-छोटे प्रयास करने से भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कुछ ऐसा ही अनूठा काम कर डाला है शनाग व बुरुआ पंचायत के लोगों ने। इन पंचायतों के लोग प्रदेश सहित देश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। यहां संपर्क मार्ग से नेहरूकुंड से बाया बुरुआ पलचान पहुंचा जा सकता है लेकिन सड़क तंग होने व ट्रैफिक जाम लगने से कोई वाहन चालक वहां से नहीं जाता था। लेकिन अब नॉर्थ मनाली विकास समिति ने इस समस्या का स्थाई समाधान कर दिया है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने इस सड़क को बनाने में 45 लाख का एस्टीमेट बनाया था, लेकिन नॉर्थ मनाली विकास समिति ने समाज सेवियों के सहयोग से इसे 23 लाख में पूरा कर दिया। पंचायत के लोगों ने समाज सेवियों का आभार जताया। लोगों के सहयोग से सड़क को जो नेहरू कुंड पुल से राइड इन कैफे तक जिसमें दोनों तरफ़ डंगे लगे अब यह सड़क लगभग बीस से पच्चीस फिट चौड़ी हो गई । इसमें सबसे जायदा सहयोग ज़मीन दान देने वालो का है अगर यह जमीन न देते तो सड़क चौड़ी कैसे होती जिसमे सरकाघाट निवासी का जिन्होंने सड़क चौड़ा करने के लिए ज़मीन दी। उसी के कारण सड़क को चौड़ा किया गया। रविवार को हनुमान मंदिर के पुजारी ने ग्रामीणों की उपस्थिति में इसका विधिवत शुभारंभ किया। सड़क के उद्घाटन के बाद मंदिर में खिचड़ी का आयोजन किया गया।

नार्थ मनाली विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधान शनाग वेद राम ठाकुर ने बताया कि नार्थ मनाली विकास समिति दिन रात इस सड़क के निर्माण में लगी रही। सड़क के निर्माण में मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड ने एक लाख का सहयोग दिया। मनाली एसडीएम रमण कुमार शर्मा सहित लोक निर्माण विभाग का विशेष सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि गर्ग एंड गर्ग कंपनी, होटल हाईलैंड पार्क के संचालक जय सिंह, हमसा के संचालक सलेश धीर, पानीपत से अग्रवाल, मिसेज़ नलिन प्रभात चंडीगढ़, हरदेव अकोई दिल्ली , पलचान बाहंग हाइड्रो प्रोजेक्ट, एस के एस कंपनी के संचालक संदीप शर्मा का सराहनीय सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन सोलांग, स्नो स्कूटर एसोसिएशन, स्नो ड्रेस एसोसिएशन, एटीवी एसोसिएशन, ग्राम विकास समिति गोशाल, ग्राम विकास समिति शनाग, ग्राम विकास समिति मझाच, ग्राम विकास समिति बुरुआ, टैक्सी यूनियन मनाली का भी सहयोग मिला। वेद राम ने बताया कि इस क्षेत्र का नाम नार्थ मनाली बिपाशा वैली रखा गया है। उन्होंने सड़क निर्माण में सहयोग देने वाले सभी समाजसेवियों का आभार जताया। वेद राम ठाकुर ने बताया कि आने वाले समय में यह समिति सामाजिक विकास सहित पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करेगी।



हनुमान मंदिर के पुजारी ने ग्रामीणों की उपस्थिति में किया सड़क का शुभारंभ। अनंत ज्ञान

# अटल टनल के पास लापता हुए व्यक्ति का शव बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** शनिवार को अटल टनल के पास लापता हुए व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान आकाश यादव पुत्र ज्ञानद्रा यादव निवासी ग्राम शाहपुर बाहेंता, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

शनिवार दोपहर बीआरओ द्वारा लाहुल स्पीति पुलिस को उक्त व्यक्ति के बारे गुम होने की सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही लापता व्यक्ति की खोज के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन विभाग और स्थानीय निवासियों द्वारा संयुक्त बचाव अभियान शुरू किया गया। खोज अभियान रात तक जारी रहा लेकिन लापता व्यक्ति का पता नहीं चल सका। रविवार सुबह बचाव अभियान पुनः शुरू किया गया। खोज के दौरान, लापता व्यक्ति उत्तरी पोर्टल पहाड़ी क्षेत्र में मृत पाया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए आरएच केलंग ले जाया गया।

# अब प्रसूता व घायल गाय को मिलेगा तुरंत उपचार

## नप अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने किया चिकित्सक भवन का उद्घाटन



नवनिर्मित चिकित्सक भवन का उदघाटन करते हुए नप अध्यक्ष। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के लंका बेकर स्थित महादेव भूमि गौसदन में अब प्रसूता और घायल गोमाता को तुरंत उपचार मिलेगा। महादेव भूमि गौ सदन को रविवार को अति विशिष्ट चिकित्सक भवन मिला जिसका उद्घाटन नगर परिषद कुल्लू के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत के द्वारा किया गया। महादेव भूमि गौ सदन के सदस्यों द्वारा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। संस्था के अध्यक्ष नवनीत सूद ने महादेव भूमि गौ सेवा सदन के कार्य के बारे में विस्तार से मुख्य अतिथि एवं उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। संस्था के अध्यक्ष नवनीत सूद ने नगर परिषद का आभार जताया और बताया कि समय-समय पर नगर परिषद द्वारा उन्हें हर संभव मदद मुहैया कराया जाता है। वहीं, इस कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर अरुण ने महत्वपूर्ण बातों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस तरह से गोमूत्र एवं गाय के गोबर का अनेकों बीमारियों के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने अपने संबोधन में कहा कि आपदा के दौरान जब इस गौ सदन में काफी पानी भर गया था और उसके बाद उनके लिए यह एक चुनौती पूर्ण समस्या पैदा हो गई थी। ऐसे में नगर परिषद के कर्मियों ने दिन-रात मेहनत कर गौ सदन को फिर से सुचारू करने में अपना बेशकीमती योगदान दिया। उन्होंने महादेव भूमि गौ सेवा सदन को आने वाले समय में भी हर संभव मदद देने का वादा किया और शहर वासियों से अपील की कि वह अधिक से अधिक आर्थिक मदद गौ सदन के लिए करें ताकि यहां पर बेजुबान गो माता की सेवा की जा सके।

# ढालपुर में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एबीवीपी ने करवाई कबड्डी-बैडमिंटन प्रतियोगिताएं



कबड्डी प्रतियोगिता के दौरान जौहर दिखाते खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) कुल्लू इकाई द्वारा खेलो इंडिया अभियान के तहत ढालपुर मैदान में कबड्डी एवं बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया।

कबड्डी प्रतियोगिता में लड़कों की कुल 18 टीमों और लड़कियों की 5 टीमों ने हिस्सा लिया, जबकि बैडमिंटन प्रतियोगिता में डबल्स वर्ग में 11 टीमें और सिंगल्स वर्ग में 21 खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा की। इस अवसर पर एबीवीपी कुल्लू इकाई अध्यक्ष ऋत्विक कार्तिक ने बताया कि खेलो इंडिया के अंतर्गत इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में युवाओं की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि खेलों के प्रति उनका रुझान लगातार बढ़ रहा है।

समापन समारोह में प्रांत संगठन मंत्री धनदेव ने विजेता खिलाड़ियों व टीमों को नगद राशि व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में एबीवीपी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय युवाओं का विशेष योगदान रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### आनी और रोपड़ी में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, आनी।** विद्युत विभाग द्वारा जरूरी रखरखाव कार्य किए जाने के चलते सोमवार 19 जनवरी को सुबह 1 बजे से शाम 5 बजे तक निगान-खनाग फीडर की मुख्य लाइन से जुड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान आनी, रोपड़ी, शमशर, चवाई, बाहु, देवठी, कुटवा, धार, काफ्टी, लढागी, बुछैर, डीम, तराला, जाओं सहित पूरे जलोड़ी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। विद्युत विभाग के एसडीओ अमर ठाकुर ने बताया कि यह शटडाउन आवश्यक कार्य के कारण किया जा रहा है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों की जनता से सहयोग की अपील की है तथा असुविधा के लिए खेद प्रकट किया है।

### परेड कैंप के लिए 6 विद्यार्थियों का चयन

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड कैंप 2026 के लिए जिला कुल्लू से छह विद्यार्थियों का चयन किया गया है। यह कैंप 18 जनवरी से 27 जनवरी 2026 तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लालपानी, शिमला में आयोजित किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों में मनदीप सिंह (मनाली), विशाल पीएम (शेंशर), चिंता देवी (थाटीबीड़), हिपेंद्र (कुंगश), भावना (भेखली) और आयुष शर्मा (छमाहन) शामिल हैं। विद्यार्थी परेड के साथ-साथ विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करेंगे। जिला समन्वयक एनएसएस बहादुर सिंह ने इसे जिले के लिए गर्व का विषय बताया और चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। उपनिदेशक स्कूल शिक्षा देशराज ने भी सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह अनुभव उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक होगा और राज्य स्तर पर कुल्लू का नाम रोशन करेगा।

**तैयारी** सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 4 सेक्टरों में बांटा मनाली, 20 को सीएम सुक्खू करेंगे शुभारंभ

# विंटर कार्निवाल-2026 के जश्न को मनाली तैयार

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** 20 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल-2026 के जश्न को लेकर पर्यटन नगरी मनाली सज गई है। 20 जनवरी को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू माता हिडिम्बा की पूजा अर्चना के साथ ही कार्निवाल परेड को हरी झंडी दिखाकर कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे। वहीं, कार्निवाल का आकर्षण रहने वाली विंटर क्वीन व वॉयस ऑफ कार्निवाल प्रतियोगिता के लिए कार्निवाल कमेटी की ओर से ऑडिशन करवाए जा रहे हैं। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागी कार्निवाल में जलवा बिखेरेंगे।

उधर, मालरोड जहां दुल्हन की तरह सज गया है वहीं, देश- दुनिया से यहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर भी इंतज़ाम पुख्ता हैं। क्रिसमस व न्यू ईयर की भीड़ से निपटने के बाद मनाली पुलिस ने राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध कर लिए हैं। सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मनाली को चार सेक्टरों में बांटा गया है।

सैक्टर एक मनु-रंगशाला (कलामंच) रामबाग मनाली को बनाया गया है। सैक्टर दो में मॉल रोड़ व इसके साथ लगते क्षेत्र मनु मार्केट, सियाली महादेव मार्केट, मिशन अस्पताल, डायमण्ड चौक व बस स्टैण्ड मनाली, सैक्टर तीन आईबैक्स चौक से पुलिस थाना मनाली व गोंपा रोड़ मनाली, सैक्टर चार में रामबाग चौक मनाली से सर्कट हाऊस मनाली व ओल्ड का इलाका शामिल है। वहीं, रविवार को डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने टीम के साथ शहर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि इन सभी सैक्टरों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दो रिजर्वें मनाली पहुंच चुकी है। स्थानीय पुलिस के जवानों के साथ सभी को सैक्टर एक और दो में तैनात कर दिया गया है। इन्हें ड्यूटी के बारे में विस्तार से जानकारी दे दी है। सभी जवानों को अपनी ड्यूटी सतर्कता से करने तथा ड्यूटी के दौरान अनुशासन व सयंम बनाए रखने तथा सभी के साथ विनम्रता के साथ व्यवहार करने के निर्देश दिए गए हैं। सैक्टर नंबर एक कलामंच में जाने वाले सभी दर्शकों को चेकिंग करने के पश्चात ही अन्दर जाने दिया जाएगा। मनुरंगशाला में चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा।

इसके इलावा संदिग्ध गतिविधियों व असमाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए ड्रैन सर्वेलैंस रखी जाएगी। कंट्रोल रुम से सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से भी कड़ी नजर रखी जाएगी। शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए एंटी गुंडा सेल बनाया गया है। इसके साथ-साथ ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए मनाली शहर व इसके आस-पास क्षेत्र को 8 बीट में बांटा गया है। जिसमें स्थानीय पुलिस के साथ-साथ होमगार्ड के जवानों की तैनाती की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि कार्निवाल के दौरान सभी जवानों को निष्ठा से कार्य करने के आदेश दिए गए हैं। लिहाजा, विंटर कार्निवाल को लेकर मनाली पूरी तरह तैयार है और एक दिन के बाद मालरोड सहित मनुरंगशाला में खूब धूम मचेगी।



डीएसपी मनाली टीम के साथ मालरोड में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए। अनंत ज्ञान

# पतलीकूहल में गणतंत्र दिवस पर मचेगी सांस्कृतिक धूम

## 30 वर्षों से महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बना 'आशियां' का मंच

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** हिमाचल के जिला कुल्लू की उझी घाटी के हृदय स्थल पतलीकूहल में इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर भव्य सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आशियां सामाजिक सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास सभा, पतलीकूहल पिछले 30 वर्षों से लगातार सफलता के साथ इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करती आ रही है, जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को अपनी कला प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त और सम्मानजनक मंच प्रदान करना है।

इच्छुक महिला मंडल अपना पंजीकरण 24 जनवरी तक विकास खंड कार्यालय नग्गर स्थित आधार सेवा केंद्र में 500 रुपये शुल्क के साथ करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त फोन नंबर 88940-67445, 94185-06100, 94590-16801 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### विधायक भुवनेश्वर करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

**इस** वर्ष मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वे सुबह 10 बजे ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी देंगे और इसके पश्चात विधिवत रूप से सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करेंगे।

### कुल्लू खंड के महिला मंडलों के लिए भी खुले द्वार

**संस्था** के महासचिव रविंद्र कारवा व सिमरन भारद्वाज ने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता का दायरा बढ़ा दिया गया है। पहले इस आयोजन में केवल नग्गर खंड के महिला मंडल ही भाग लेते थे, लेकिन इस बार कुल्लू खंड के महिला मंडल भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। इससे प्रतियोगिता में और भी कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

### कुल्लवी नाटी और समूह गान की रहेगी धूम

**आशियां** ग्रुप के मुख्य सलाहकार एवं प्रसिद्ध लोक गायक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में कुल्लवी नाटी, समूह गान और भौंउरू (लामण) के कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। जीतने वाले महिला मंडलों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि भाग लेने वाले सभी महिला मंडलों को स्मृति चिन्ह के रूप में ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

### प्रतियोगिताओं को लेकर नियम और शर्तें

**कुल्लवी नाटी:** 12 से 15 मिनट की समय सीमा।
**समूह गान:** 4 से 6 मिनट का समय।
**भौंउरू:** 3 से 5 मिनट का समय।
एक महिला मंडल नाटी या समूह गान दोनों में से केवल एक ही स्पर्धा में हिस्सा ले सकता है। जबकि भौंउरू प्रतियोगिता में कोई भी महिला भाग ले सकती है जो कार्यक्रम में आए महिला मंडल की सदस्य होनी चाहिए ।

## न्यूज ब्रीफ

### बंदर की वजह से हाईवे पर पलटी बाइक

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नेशनल हाईवे कांशीवाला में अचानक एक बंदर के आ धमकने के कारण सड़क पर चल रहा एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में बाइक के पीछे चल रही दो कारें आपस में आगे पीछे से जा भिड़ी। घायल हुए बाइक सवार को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार बाइक सवार बंदर को बचाने के प्रयास में संतुलन खो बैठा और सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद बाइक के पीछे चल रही दो कारों को सड़क पर गिरे बाइक सवार को बचाने के लिए।अचानक ब्रेक लगाने पड़े और कारें भी आपस में टकरा गई। इस टक्कर के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात भी प्रभावित हुआ। जानी नुकसान नहीं हुआ, हालां मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही ट्रैफिक इंचार्ज विजय कुमार अपने सहयोगी संजय के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल बाइक सवार को उपचार के लिए नाहन अस्पताल भिजवाया।

### कोहरे से कालका-शिमला रेल मार्ग पर ट्रेनें लेट

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उत्तर भारत में घने कोहरे ने कालका-शिमला विश्व धरोहर रेल मार्ग को बुरी तरह प्रभावित किया है। हिमालयन क्वीन और हॉलीडे स्पेशल ट्रेनें लगातार लेट चल रही हैं, जिससे यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है और कई कनेक्टिंग ट्रेनें छूट रही हैं। शनिवार को दिल्ली-कालका शताब्दी ट्रेन देर से पहुंची, जिसका असर टॉय ट्रेनों पर पड़ा और डाउन ट्रेनें भी विलंबित रहीं। वीकेंड में सभी ट्रेनें फुल ऑक्यूपेंसी के साथ चलीं, जिससे काउंटर पर टिकट पाना मुश्किल हो गया। शनिवार और रविवार को कालका से शिमला जाने वाली पांचों ट्रेनें पैक रहीं। कई यात्रियों को शिमला, समर हिल या कनोह तक जाने के लिए वैकल्पिक बस का सहारा लेना पड़ा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ब्रॉडगेज और कनेक्शन के कारण लेट ट्रेनें टॉय ट्रेनों को भी प्रभावित कर रही हैं। रेलवे ने वैकल्पिक बस सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई है। मौसम विभाग के अनुसार कोहरे का दौर जारी रहेगा, जिससे सोमवार को भी ट्रेन सेवाएं प्रभावित रह सकती हैं। यात्रियों ने रेलवे पर लापरवाही का आरोप लगाया।

### सोलन में लीच थैरेपी से होगा लोगों का इलाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन।** जिला आयुर्वेदिक अस्पताल सोलन में अब लीच थेरेपी (रक्तमोक्षण) और मर्म चिकित्सा जैसी प्राचीन लेकिन असरदार आयुर्वेदिक तकनीकें आम लोगों के लिए उपलब्ध हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये उपचार सिर्फ रोग निवारण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रोगियों की जीवन गुणवत्ता सुधारने में भी मदद करते हैं।



शिविर हर दूसरे बुधवार और वीरवार जिला आयुर्वेदिक अस्पताल सोलन तथा हर चौथे बुधवार और गुरुवार सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल नालागढ़ में आयोजित किए जाते हैं। इनमें क्षार कर्म, क्षार सूत्र प्रक्रियाएं, उत्तरबस्ति, अग्निकर्म, रक्तविस्रावन, सिरावेध और मर्म चिकित्सा जैसी न्यूनतम आक्रामक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. निशा पंवार ने बताया कि विजिटिंग कंसल्टेंट सर्जन डॉ. जितेश बंसल के नेतृत्व में ये शिविर चलाए जाते हैं। क्षार कर्म और क्षार सूत्र पाइल्स, फिसर और फिस्टुला जैसी समस्याओं में दर्द रहित और प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं। उत्तरबस्ति मूत्र व जननांग संबंधी बीमारियों में सहायक है, जबकि अग्निकर्म मांसपेशियों और हड्डियों के विकार, गठिया और पीठ दर्द में राहत देती है। रक्तविस्रावन और सिरावेध त्वचा रोग, डायबिटिक और वेनस अल्सर में लाभकारी हैं। मर्म चिकित्सा शरीर के विशेष बिंदुओं पर काम कर दर्द और सूजन कम करती है। अगला पैरासर्जिकल शिविर 11 फरवरी को जिला आयुर्वेदिक अस्पताल, सोलन में आयोजित होगा। डॉ. पंवार ने लोगों से समय पर पंजीकरण कर विशेषज्ञ देखरेख में आधुनिक आयुर्वेदिक उपचार का लाभ उठाने की अपील की।

# ददोगी में बनेगा नया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

## सोलन का मुख्य बाजार, ओल्ड बस स्टैंड व शक्ति नगर सीवरेज से जुड़ेगा

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** शहर के प्रमुख क्षेत्रों में सीवरेज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए ददोगी में एक आधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) स्थापित किया जाएगा। नगर निगम सोलन ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए जलशक्ति विभाग को 8.5 करोड़ रुपए जारी करने का फैसला किया है। इससे शहर के मुख्य बाजार, ओल्ड बस स्टैंड, शक्ति नगर और चंबाघाट क्षेत्रों को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा। वार्ड नंबर 5 और 8 के निवासियों को विशेष लाभ मिलेगा।

कुल परियोजना पर 18.5 करोड़ रुपए का खर्च आएगा, जिसमें सीवर लाइन बिछाने और ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण शामिल है। इस परियोजना से खुली नालियों से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण पर लगाम लगेगी। वर्तमान में इन क्षेत्रों में खुले में बहने वाला सीवर नालों को दूषित कर रहा है, जिससे जल स्रोतों और मिट्टी पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। जलशक्ति विभाग के पास पहले से स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 करोड़ रुपए जमा हैं, जो इस योजना को गति प्रदान करेंगे। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि यह कदम सोलन को स्वच्छ और स्वस्थ शहर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। परियोजना का दायरा और लाभपरियोजना के तहत ददोगी में बनने वाले एसटीपी से प्रतिदिन हजारों लीटर सीवर का शोधन किया जाएगा। मुख्य बाजार से लेकर चंबाघाट तक की सीवर लाइनों को जोड़कर एकीकृत नेटवर्क तैयार होगा। वार्ड 5 और 8 के निवासी लंबे समय से सीवरेज सुविधा की मांग कर रहे थे। इससे न केवल जल प्रदूषण रुकेगा,





शहर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत सीवरेज कनेक्टिविटी से जोड़ा जाना है। इसके तहत ओल्ड सोलन की कनेक्टिविटी हेतु ढ्दोगी में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जाना है। इसके निर्माण के लिए जल शक्ति विभाग को 8.5 करोड़ ट्रांसफर करने का निर्णय हुआ है।

-एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम, सोलन।

बल्कि भूजल स्तर की रक्षा भी होगी।

स्थानीय पार्षदों का कहना है कि यह विकास कार्य निवासियों के स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों की रक्षा करेगा। नगर निगम ने जलशक्ति विभाग के साथ समन्वय बैठक में यह निर्णय लिया। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, टेंडर प्रक्रिया शीघ्र शुरू हो जाएगी और कार्य अगले छह माह में धरातल पर उतर जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन के फंड का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। पर्यावरण और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव खुले सीवर से उत्पन्न दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप और बीमारियां आम हो चुकी हैं। यह प्लांट चालू होने से इन समस्याओं का समाधान हो जाएगा। सोलन जैसे पहाड़ी शहर में सीवरेज प्रबंधन चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन यह परियोजना मॉडल बनेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि शोधित जल को उद्यानों में पुन: उपयोग किया जा सकेगा, जिससे जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि अब हमारे क्षेत्र में स्वच्छता आएगी और पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। नगर निगम ने आश्वासन दिया है कि कार्य के दौरान यातायात और धूल प्रदूषण पर नियंत्रण रखा जाएगा। कुल-मिलाकर, 18.5 करोड़ की यह निवेश सोलन के भविष्य को उज्जवल बनाएगा।

# सिरमौर में मुख्यमंत्री शगुन योजना की 59.83 लाख की राशि ट्रेजरी में अटकी

◆ 193 लाभार्थी इंतजार में बीपीएल परिवार कर्ज लेकर कर रहे बेटियों की शादी

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत सिरमौर जिले में 193 लाभार्थियों को मिलने वाली 59 लाख 83 हजार रुपए की राशि विभिन्न ट्रेजरी कार्यालयों में अटकी हुई है। लंबे समय से भुगतान न होने के चलते बीपीएल परिवार बेटियों की शादी के लिए कर्ज लेने को मजबूर हैं।

मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत प्रदेश सरकार बीपीएल परिवार की बेटियों के विवाह के लिए 31 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान करती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक जिले में केवल 53 लाभार्थियों को ही योजना का लाभ मिल पाया है। इन लाभार्थियों को कुल 16 लाख 43 हजार रुपए की राशि जारी की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जिला सिरमौर को मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत एक करोड़ 16 लाख 25 हजार रुपए का बजट आवंटित किया गया था।

बावजूद इसके 193 पात्र लाभार्थियों की 59.83 लाख रुपए की राशि ट्रेजरी स्तर पर रोकी गई है। इससे जरूरतमंद परिवारों में नाराजगी और निराशा बढ़ रही है। गरीब परिवारों को सरकार से समय पर सहयोग मिलने की उम्मीद रहती है, लेकिन राशि जारी न होने से कई परिवार मजबूरी में निजी कर्ज लेकर विवाह कार्यक्रम पूरे कर रहे हैं।

इधर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला सिरमौर के लिए 8 लाख 55 हजार रुपये का बजट आवंटित किया गया था। इस योजना के अंतर्गत 16 लाभार्थियों को 8 लाख 16 हजार रुपये की राशि जारी कर दी गई है। योजना के तहत विधवा महिला की बेटी के विवाह के लिए 51 हजार रुपये की सहायता दी जाती है।

वहीं, बेटी है अनमोल योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला सिरमौर को 5 लाख 46 हजार रुपए का बजट आवंटित किया गया। पहले कंपोनेंट में दो बेटियों और दूसरे कंपोनेंट में 10 बेटियों को निर्धारित 21 हजार रुपए की राशि जारी कर वितरित की जा चुकी है।

इस संबंध में जिला सिरमौर महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन गर्ग ने पुष्टि करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत 193 लाभार्थियों को मिलने वाली राशि विभिन्न ट्रेजरी कार्यालयों में लंबित पड़ी है।

## सिरमौर में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 707 पर काफोटा और शिल्ला के बीच शनिवार देर शाम एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार आल्टो कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए नाहन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार, बाइक पर दो लोग सवार थे और वे काफोटा से शिल्ला की तरफ जा रहे थे। पाब गांव के पास शिरगांव के समीप बाइक कार की चपेट में आ गई। इस दुर्घटना में बाइक सवारों में से 50 वर्षीय रघुवीर सिंह पुत्र मनसा राम, निवासी जाजला, की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल 28 वर्षीय संजय कुमार, निवासी रिठौग नवासी, को पांवटा साहिब अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज नाहन रेफर किया गया। सिलाई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## 2.70 ग्राम चिट्टे समेत तीन गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**सोलन।** गत रात्रि पुलिस चौकी शहर सोलन की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर मुकाम बेर पानी, चंबाघाट के समीप स्थित एक होम स्टे में दबिश दी। इस दौरान होम स्टे के कमरा में ठहरे दो युवक एवं एक युवती को 2.70 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान नरेंद्र कुमार (31) पुत्र बद्री दत्त निवासी गांव व डाकखाना सलोगड़ा, तहसील व जिला सोलन, विक्रांत भरद्वाज (26) पुत्र विद्या दत्त निवासी गांव व डाकखाना साधुपुल, तहसील कंडाघाट, जिला सोलन तथा सुष्मिता कौशल (28) पुत्री शेर सिंह निवासी गांव भरनाल, डाकखाना ढलवां, तहसील बलद्वाड़ा, जिला मंडी उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई है। उपरोक्त आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना सदर, सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया है। आरोपियों से गहनतापूर्वक पूछताछ की जा रही है तथा इनके पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की भी पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है।



पुलिस की गिरफ्त में चिट्टा तस्कर। अनंत ज्ञान

## अर्की उपमंडल में पांच पशु मित्रों का चयन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पशुपालन विभाग के उपमंडलीय पशु चिकित्सालय अर्की के अंतर्गत पशु मित्रों की भर्ती की जा रही है। इसके तहत अर्की उपमंडल में कुल 5 पशु मित्रों का चयन किया जाएगा। चयनित पशु मित्र पशु चिकित्सालय कुनिहार, पशु चिकित्सालय धुंदन तथा पशु औषधालय भराड़ीघाट, बाग का जुब्बर और गलोग में प्रत्येक स्थान पर एक-एक के अनुसार तैनात किए जाएंगे।

वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी उपमंडलीय पशु चिकित्सालय अर्की डॉ. देव राज शर्मा ने बताया कि पशु मित्र भर्ती से संबंधित दिशा-निर्देश पशुपालन विभाग हिमाचल प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध हैं। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार 12 जनवरी से 6 फरवरी 2026 तक सायं 3 बजे तक निर्धारित आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर उपमंडलीय पशु चिकित्सालय अर्की में आवेदन कर सकते हैं।

# यूको आरसेटी में दिए स्वरोजगार के टिप्स



प्रशिक्षण शिविर के दौरान मुख्यातिथि के साथ प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नाहन।** यूको आरसेटी परिसर में 12 दिवसीय फास्ट फूड उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम 26 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निदेशक यूको आरसेटी श्रीमती मंजीत ने बताया कि यूको आरसेटी में समय समय पर (18-50) वर्ष के लिए निशुल्क प्रशिक्षण करवाया जाता है, ताकि लोग आत्मनिर्भर बने व स्वरोजगार से जुड़ सकें।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्यातिथि अमित भाटिया, सहायक जेल अधीक्षक ने शिरकत की। इस अवसर पर कपिल देव केयरहेल्थ इंश्योरेंस विभाग से 'एरिया एसोसिएट मैनेजर' भी उपस्थित रहे। इन्होंने उम्मीदवार का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ भविष्य के लिए इनका मार्गदर्शन किया निदेशक यूको आरसेटी मंजीत द्वारा बैंकिंग से जुड़ी जानकारी दी गई या उन्हें मार्केटिंग के बारे में भी विस्तार से बताया गया। एलडीएम सिरमौर सनोज कुमार द्वारा उम्मीदवार को ऑनलाइन बैंकिंग से जुड़े धोखे धड़ी से बचने के बारे में बताया। बैंकिंग योजनाओं से परिचय करवाया। यह प्रशिक्षण डीएसटी नीलिमा द्वारा करवाया गया। और इसका अवलोकन शएन मेहता एवं मिस दीक्षा द्वारा किया गया सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया और उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक तथा आरसेटी स्टाफ मौजूद था।

# भागवत कथा में देवी चित्रलेखा के प्रवचनों को सुनने उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अनंत ज्ञान

**पावंटा साहिब।** पांवटा साहिब में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक पूज्य देवी चित्रलेखा के ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचनों को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालात यह रहे कि कथा स्थल पर बनाए गए पंडाल में बैठने की जगह कम पड़ गई और पंडाल के बाहर भी पैर रखने तक की जगह नहीं बची।

कथा के दौरान देवी चित्रलेखा ने श्रीमद्भागवत के दिव्य प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए भक्तों को भक्ति, सेवा और मानव कल्याण का संदेश दिया। उनके प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया और पूरा पंडाल 'हरे कृष्ण' व 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं की संख्या इतनी अधिक थी कि लोग दूर-दराज के क्षेत्रों से भी कथा श्रवण के लिए पहुंचे। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। भीड़ को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा व्यवस्थाएं संभालने में भी काफी मशक्कत करनी पड़ी, वहीं स्वयंसेवकों ने व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

आयोजकों का कहना है कि पांवटा साहिब में 25 वर्षों के बाद इस स्तर का भव्य धार्मिक आयोजन हो रहा है, जिसमें हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब और उत्तर प्रदेश तक से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ने की संभावना है। भागवत कथा का यह आयोजन न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र बना हुआ है, बल्कि क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण भी सृजित कर रहा है।



भागवत कथा में कान्हा की झांकी निकालते भक्तजन। अनंत ज्ञान

# हिंदू धर्म उदारता और समय पर शस्त्र प्रयोग की शिक्षा देता है: जेके ठाकुर

अनंत ज्ञान

**कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल के बाबा बालक नाथ मंदिर ध्यारीघाट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के 100 साल पूरा होने पर आयोजित हो रहे हिंदू सम्मेलनों की श्रृंखला में बीशा मंडल का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में रिखी राम शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। संघ के जिला सह संयोजक सोलन जेके ठाकुर ने बताया कि संघ के शताब्दी समारोह के तहत देश भर में एक लाख तीन हजार उन्नीस हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने हिंदू समाज से आह्वान किया कि वह घरों में शस्त्रों को रखकर उनकी पूजा करें और इन शस्त्रों का प्रयोग भी सीखे।

मुख्य वक्ता भारतीय मजदूर संघ हिमाचल प्रांत के प्रदेश महामंत्री देवी दत्त तंवर ने संघ की सौ साल यात्रा और पंच परिवर्तन बारे बताया। महिला शक्ति वक्ता ज्योति शर्मा ने समाज में नशे को आज समाज की सबसे गंभीर समस्या बताया। उन्होंने आह्वान किया कि इस समस्या के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। राजयोगिनी ब्रम्हा कुमारी बबीता दीदी ने अध्यात्म पर प्रकाश डाला।

हिंदू सम्मेलन आयोजित कमेटी के बीशा मंडल के अध्यक्ष जय कृष्ण शर्मा सह संयोजक रमेश शर्मा बीडीसी कंडाघाट के अध्यक्ष विजय ठाकुर ने संघ के बीशा मंडल में संघ की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यातिथि ने कहा कि हिंदू धर्म में हुए राम-कृष्ण जैसे अवतरों ने हमें उदारता के साथ समय आने पर अपने समाज के लिए शस्त्र के प्रयोग की शिक्षा दी है। सम्मेलन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों, योगिंदर वर्मा, सुनीता रोहाल सहित संघ, भाजपा और पंचायती राज पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।



उपस्थिति को संबोधित करते मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

## डीप ब्रेन स्टिमुलेशन से बदल रही पार्किंसंस मरीजों की जिंदगी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** न्यूरोलॉजिकल स्थितियां अब दुनिया भर में विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक हैं, पिछले कुछ दशकों में बीमारी और विकलांगता का वैश्विक बोझ काफी बढ़ रहा है। भारत में, वे कुल बीमारी के बोझ का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा हैं। इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज, मेदांता में न्यूरोसर्जरी के डायरेक्टर, डॉ. अनिर्बान दीप बनर्जी बताते हैं कि भारत में पार्किंसंस रोग के दुनिया के सबसे अधिक कुल बोझ हैं, जिसमें बड़ी संख्या में रोगी अपने प्रमुख कामकाजी वर्षों में मोटर लक्षणों की शुरुआत का अनुभव करते हैं, फिर भी बहुत से लोग डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) को नहीं जानते। डॉ. बनर्जी ने बताया कि यह अत्याधुनिक न्यूरोस्टिम्यूलेशन प्रक्रिया उन्नत न्यूरोलॉजिकल विकारों वाले रोगियों की मदद करती है। डीबीएस जैसी आधुनिक और असरदार तकनीक से मरीजों की जिंदगी बदली जा सकती है उन्होंने आगे कहा कि मेदांता में डीबीएस के तहत मरीज और बीमारी के अनुसार एआई आधारित दिमाग के हिस्सों की पहचान और रिमोट प्रोग्रामिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

पहल | 'अपना विद्यालय' योजना के तहत 181 प्रशासनिक अधिकारी हर माह स्कूलों में करेंगे संवाद

# सिरमौर के 251 स्कूलों को मिला अफसरों का मार्गदर्शन

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई अपना विद्यालय (द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम) योजना के तहत जिला सिरमौर में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक और सराहनीय पहल की गई है। प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार अब जिला सिरमौर के विभिन्न विभागों के अधिकारी हर महीने नियमित रूप से सरकारी स्कूलों का दौरा करेंगे।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्कूल को केवल शैक्षणिक संस्थान ही नहीं, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण, नैतिक विकास और उज्वल भविष्य का केंद्र बनाना है। जिला सिरमौर में इस योजना के अंतर्गत 159 राजकीय प्राथमिक विद्यालय, 23 राजकीय माध्यमिक विद्यालय, 19 राजकीय उच्च विद्यालय, 50 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामिल किए गए हैं। योजना के तहत जिले के कुल 251 सरकारी स्कूलों को 181 प्रशासनिक अधिकारियों के मार्गदर्शन से जोड़ा गया है। योजना के तहत अलग-अलग विभागों के राजपत्रित अधिकारियों द्वारा राजकीय स्कूल गोद लिए गए हैं।



फाइल फोटो

अधिकारियों द्वारा हर माह अपने निर्धारित स्कूलों में जाकर बच्चों से संवाद किया जा रहा है। छात्रों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन, समाज के प्रति जिम्मेदारी, नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है। इसके अतिरिक्त अधिकारी अपने जीवन और सेवा अनुभव साझा कर छात्रों को प्रेरित करते हैं। 'अपना विद्यालय' योजना में नशा मुक्ति अभियान को विशेष प्राथमिकता दी गई है। अधिकारियों द्वारा बच्चों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में सरल भाषा में समझाया जा रहा है, ताकि वे गलत आदतों से दूर रह सकें। साथ ही छात्रों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सामान्य जागरूकता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। स्कूल निरीक्षण के दौरान अधिकारी विद्यालय की बुनियादी सुविधाओं, छात्रों की उपस्थिति और शैक्षणिक वातावरण का भी अवलोकन करते हैं। यदि कहीं कोई कमी या आवश्यकता पाई जाती है, तो उसके सुधार के लिए सुझाव दिए जा रहे हैं। सरकारी अधिकारियों द्वारा दिए गए सुझावों और टिप्पणियों को स्कूल की विजिटर बुक में दर्ज किया जा रहा है, ताकि शिक्षा विभाग समय पर आवश्यक कदम उठा सके।

इस योजना के अंतर्गत स्कूलों में किसी प्रकार के औपचारिक स्वागत या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। इसका उद्देश्य समय और संसाधनों की बचत करते हुए पूरा ध्यान छात्रों के हित और शिक्षा की गुणवत्ता पर केंद्रित रखना है। सरकारी अधिकारियों द्वारा अपने दौरे की संक्षिप्त रिपोर्ट भी संबंधित शिक्षा अधिकारियों को प्रस्तुत की जा रही है,जिससे योजना की निगरानी और पारदर्शिता बनी रहे।

### 'अपना विद्यालय' से मजबूत होगा शिक्षा-प्रशासन समन्वय

जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, जिला स्तरीय अधिकारियों, मंडल स्तरीय अधिकारियों को इस योजना में शामिल किया गया है। इससे शिक्षा विभाग और अन्य विभागों के बीच समन्वय बढ़ेगा और स्कूलों को प्रशासनिक सहयोग मिलेगा। राज्य सरकार को विश्वास है कि 'अपना विद्यालय (द हिमाचल स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम)' से शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा बच्चों को सही मार्गदर्शन, सकारात्मक सोच और जीवन मूल्यों की शिक्षा मिलेगी, जिससे वे भविष्य में समाज के जिम्मेदार और सशक्त नागरिक बन सकेंगे। यह योजना जिले के शैक्षणिक और सामाजिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो।

## स्मार्ट मीटर लगाकर सरकार प्रदेश की जनता से कर रही धोखा: रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर हिमाचल की गरीब जनता के साथ धोखा कर रही हैं। रावत ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के तमाम नेताओं ने कहा था कि अगर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो हम हर घर को तीन सो यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। यह हमारी गारंटी है।



रावत ने बताया कि तीन सो यूनिट मुफ्त बिजली देना तो दूर की बात है लेकिन जो 125 यूनिट मुक्त बिजली पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने दी थी। उस बिजली को भी इस निकम्मी सरकार ने बंद कर दी है।

इतना ही नहीं अब प्रदेश की कांग्रेस सरकार स्मार्ट मीटर लगाकर प्रदेश की गरीब जनता से भारी मात्रा में पैसा वसूल करना चाहती है। जहां पर यह स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं उनको भारी भरकम बिल आ रहे हैं जबकि हिमाचल प्रदेश अपनी बिजली पैदा कर दूसरे राज्य को बेचता है। इसलिए प्रदेश सरकार को स्मार्ट मीटर लगाने की क्या आवश्यकता पड़ गई है। रावत ने लोगों से आवाहन करते हुए कहां है कि हम सभी ने मिलकर इस जन विरोधी फैसले का डटकर विरोध करना है।

## न्यूज ब्रीफ

### शंटी की नियुक्ति से मानवाधिकारों को नई मजबूती



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** डॉ. जितेंद्र सिंह शंटी (पद्मश्री अवार्ड से विभूषित) शहीद भगत सिंह सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ उनके चंडीगढ़ स्थित कार्यालय पर उन्हें मानवाधिकार कमीशन के सदस्य नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई दी। शंटी जी ने दो महीने में ही पूरे पंजाब और चंडीगढ़ में अपने सेवा कार्यों से एक बार फिर अपनी पहचान बनाई जो काम कई वर्षों से नहीं हुआ वो उन्होंने अपनी प्रतिभा से केवल दो महीने में ही कर दिखाया उनके साथ कई विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई जिससे मानवाधिकार के मामलों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। गुरप्रीत सिंह बोबी जी के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने भी उनका स्वागत किया और बधाई दी जिनमें गुरप्रीत सिंह बोबी,सतिंदर सिंह,राधे श्याम अरोड़ा,ईशप्रीत सिंह एवं साथियों ने भी बधाई दी

### महिला से अश्लील हरकत: निलंबित एएसआई पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, जींद।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में शराब के नशे में महिला के घर में घुसकर अश्लील हरकत करने के आरोप में निलंबित एएसआई यशवीर के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। आरोपी एएसआई को पहले ही सस्पेंड किया जा चुका है। पीड़िता ने शिकायत में बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने परिवार के साथ बेटे का जन्मदिन मना रही थी। इसी दौरान यशवीर दरवाजे पर लात मारकर घर में घुस आया और उसका हाथ पकड़कर दूसरे कमरे में खींचने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने धमकी दी और बेटी के साथ भी गाली-गलौज की। घटना के समय घर में महिला की मां, बहन और बेटा मौजूद थे। आरोप है कि यशवीर के तीन साथी बाहर गाड़ी में बैठे रहे। मामले के संज्ञान में आते ही एसपी कुलदीप सिंह ने आरोपी एएसआई को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर निलंबित कर दिया था। डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि महिला थाना पुलिस ने विभिन्न भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही या समझौता नहीं किया जाएगा।

### गुरुग्राम: मंदिर में पुजारी की तैनाती पर खूनी संघर्ष

**अनंत ज्ञान, गुरुग्राम।** समसपुर गांव के एक मंदिर में पुजारी की नियुक्ति को लेकर हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि दो पक्षों में लमकर लाठी-डंडे चले। हिंसा काफी बढ़ गई। कई महिलाएं व अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रविवार को समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में तनाव बना हुआ था। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने रविवार को बताया कि पुलिस की गश्त गांव में बढ़ा दी गई है। किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं है।जानकारी के अनुसार समसपुर के मंदिर में एक पुजारी की नियुक्ति की गई थी। उस नियुक्ति को लेकर काफी समय से गांव के दो पक्षों के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद में दोनों पक्षों के बीच हुई कहासुनी मारपीट तक पहुंच गई। मारपीट इतनी बढ़ गई कि उसे संघर्ष का रूप ले लिया। दोनों पक्षों की तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले। इस घटना में कई लोग घायल हो गया। विवाद की सूचना मिलते ही सेक्टर-50 थाना से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों तरफ के लोगों की शिकायत सुनी। इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ। उस वीडियो और घायलों की मेडिकल रिपोर्ट को आधार मानकर पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

# 'जी राम जी' से हरियाणा में हर श्रमिक को होगा 10 हजार का फायदा : सीएम सैनी

## पंचकूला में राज्य स्तरीय सम्मेलन में सीएम ने किया श्रमिकों से संवाद

अनंत ज्ञान



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी जी राम जी) को श्रमिकों के जीवन स्तर को और ऊंचा उठाने के लिए एक मजबूत नींव बताते हुए कहा कि इससे हरियाणा के प्रत्येक श्रमिक को दस हजार रुपये अधिक मिलेंगे।

नायब सिंह सैनी रविवार को पंचकूला में 'जी राम जी' राज्य स्तरीय सम्मेलन में श्रमिकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल रोजगार देने की योजना नहीं है बल्कि मेहनतकश लोगों के जीवन को ऊंचा उठाने, उनको सम्मान देने और उनका स्वाभिमान बनाए रखने की योजना है। सैनी ने कहा कि मनरेगा की विसंगतियों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) विधेयक, 2025' को देश के सामने रखा। उन्होंने कहा कि इस नए कानून के तहत रोजगार की वैधानिक गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। यही नहीं, नए कानून में राज्यों को फसल बुवाई और कटाई के समय 60 दिन के लिए काम रोकने का अधिकार भी दिया गया है। इससे श्रमिकों को इन 60 दिनों का काम तो मिलेगा ही, विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत भी 125 दिन का काम मिलेगा। इससे पूरे भारत वर्ष में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपए से अधिक की बढ़ोतरी होगी। हरियाणा में हर श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपए अधिक मिलेंगे। हरियाणा में प्रतिदिन देश में सर्वाधिक 400 रुपये की दर से न्यूनतम मजदूरी दी जाती है। इसे हर श्रमिक की वार्षिक आय कम से कम 50 हजार रुपए हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब 15 दिन की जगह साप्ताहिक वेतन भुगतान की व्यवस्था की गई है, ताकि मजदूर को समय पर उसका पैसा मिल सके। ये सभी प्रावधान यह सुनिश्चित करते हैं कि अब न तो फर्जी मजदूर होंगे, न फर्जी काम होगा और न ही फर्जी भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2014 से अक्तूबर 2025 तक श्रमिकों को पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान किया गया है, जबकि कांग्रेस के दस वर्षों में यह आंकड़ा दो हजार करोड़ रुपए से भी कम था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब 100 दिनों की बजाय 125 दिन का काम मिलेगा, जिससे अतिरिक्त रोजगार मिलने से उनकी आय में भी बढ़ोतरी होगी और जीवन स्तर ऊंचा होगा। इस अवसर पर विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा,रेखा शर्मा, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता आदि उपस्थित थे ।

# नूंह : कोहरे में केएमपी पर भिड़े वाहन, दो लोग जिंदा जले

अनंत ज्ञान

**नूंह।** नूंह जिले से होकर गुजरने वाले कुंडली-पलवल-मानेसर (केएमपी) हाईवे पर घने कोहरे के कारण पांच वाहन आपस में टकरा गए, जिससे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद एक वाहन में आग लग गई। आग की चपेट में आकर ट्रक में सवार चालक व परिचालक गाड़ी में ही फंस गए और उनकी मौके पर ही जलकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान राकेश और देशराज निवासी रैया का बास, सीकर (विमला थाना), राजस्थान के रूप में हुई है।

थाना मोहम्मदपुर अहीर क्षेत्र में रविवार सुबह एक्सप्रेसवे पर 2 ट्रेलरों ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रहे एक कंटेनर और 2 ट्रक भी उनसे जा टकराए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रेलर हाई स्पीड पर थे, जिन्होंने तुरंत ब्रेक लगाए। इससे पीछे से आ रहे ट्रक ड्राइवर को संभलने तक मौका नहीं मिला और 5 वाहन एक-दूसरे से टकरा गए। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह प्रभावित रहा।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और नेशनल हाईवे अथॉरिटी की टीमें मौके पर पहुंची। दमकल विभाग के कर्मचारियों मनजीत और भूपेंद्र चौहान ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में लगी आग पर काबू पाया। ट्रैफिक इंचार्ज कृष्ण कुमार ने बताया कि घना कोहरा हादसे का मुख्य कारण बना है। हादसे में चार वाहन आपस में टकराए, जिसके चलते एक वाहन में आग लग गई और उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। शवों को पोस्टमार्टम के बाद मॉर्चरी में रखवा दिया गया है। हाईवे को पूरी तरह से खाली कर यातायात बहाल कर दिया गया है। पुलिस ने घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए भिजवाया और मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मौनी अमावस्या पर पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट ने लगाया भंडारा

अनंत ज्ञान



**पंचकूला।** सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में अग्रणी गैर-सरकारी संगठन पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर फेज-1 औद्योगिक क्षेत्र, पंचकूला में 199 वें अन्न भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में सैकड़ों परिवारों सहित समाज के विभिन्न वर्गों, जातियों एवं समुदायों के लोगों ने ट्रस्ट द्वारा आयोजित भंडारे का लाभ उठाया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ने मौनी अमावस्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व व्यक्ति को आत्ममंथन करने तथा जीवन में सकारात्मक दिशा अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि मौनी अमावस्या पर किए गए पुण्य कार्यों से विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने आगे कहा कि अन्न दान और अन्न भंडारे का विशेष महत्व है। अन्न भंडारा समाज के जन-जन के कल्याण से जुड़ा हुआ सेवा कार्य है, जिससे मानव जीवन को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलता है।

इस सेवा आयोजन में ट्रस्ट के सभी सदस्य, स्वयंसेवक एवं सहयोगी पूरे उत्साह, अनुशासन और समर्पण भाव के साथ उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सड़क हादसे में मजदूर की मौत, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, जींद।** उचाना खंड के गांव भौंगरा के निकट मिक्सर प्लांट मे गाड़ी पीछे करने के दौरान उसके नीचे आने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया। रविवार को पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सोखना जिला हाथरस निवासी रिंकू उसके ममेरे भाई गांव सोखना निवासी पियूष के साथ गांव भौंगरा मिक्सर प्लांट में मजदूरी करता है। रिंकू शनिवार को निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की लोकेशन पर था। तभी वहां मिक्सर प्लांट में गाड़ी को चालक बैक कर रहा था। उसी दौरान पियूष उसके नीचे आ गया। जिसे अन्य मजदूरों की सहायता से उपचार के लिए नरवाना के नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गली मोहल्ला क्रिकेट लीग के मेगा क्रिकेट डोमेस्टिक सीजन का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



गली मोहल्ला क्रिकेट लीग (जीएमसीएल) और जीएम बॉक्स क्रिकेट एसोसिएशन (जीएमबीसीए) ने सीजन-एक, 2026-2027 के लिए भारत की सबसे बड़ी ग्रासरूट क्रिकेट लीग का ऐलान किया है। इस मेगा टूर्नामेंट में 6 राज्यों से लगभग 800 खिलाड़ी भाग लेंगे और 200 मैच खेले जाएंगे।

लीग में टी10 फॉर्मेट को तीन प्रकार में रखा गया है जिनमें लेदर बॉल, टेनिस बॉल ओपन ग्राउंड और टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट। मेल और फीमेल प्रीमियर लीग के दो जेंडर सेगमेंट होंगे, जिसमें हर राज्य की सुपर 8 टीम में 15 खिलाड़ी शामिल होंगे।

जीएमसीएल के संस्थापक बाबा इंदर प्रीत ने कहा, 'यह प्लेटफॉर्म युवा प्रतिभाओं को खोजने, प्रशिक्षित करने और प्रोफेशनल क्रिकेट करियर के लिए तैयार करने का अवसर देगा। पहली बार स्कूल, कॉलेज, गांव और शहर स्तर से खिलाड़ियों को सीधे सुपर 8 टीमों में जगह दी जाएगी।

लीग 30 हफ्तों तक चलेगी, हर हफ्ते 6 मैच होंगे और हर फॉर्मेट में कुल 32 मैच खेले जाएंगे, जिससे भारतीय क्रिकेट में प्रतिस्पर्धात्मक और व्यापक मंच तैयार होगा।

## देश-विदेश

# ट्रंप के गाजा पीस बोर्ड से इसराइल खफा कहा- बिना बातचीत बनाई टीम

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का गाजा पीस प्लान दूसरे चरण में पहुंच चुका है। ट्रंप ने गाजा के प्रशासन और पुनर्निर्माण के लिए नेशनल कमेटी फॉर द एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ गाजा के गठन का ऐलान किया है। इस कमेटी की देखरेख करने, फंड जुटाने जैसे कामों के लिए ट्रंप ने 'बोर्ड ऑफ पीस' (शांति बोर्ड) का गठन किया है।

राष्ट्रपति खुद इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं। इसके अलावा गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया गया है। इसराइल ने कहा कि गाजा के लिए बनाए गए नए प्रशासनिक बोर्ड की घोषणा अमेरिका ने इसराइल से बिना बातचीत के की है। इजराइल का कहना है कि यह फैसला उसकी सरकारी नीति के खिलाफ है। बोर्ड में 7 लोग शामिल हैं, इनमें भारतवंशी अजय बंगा भी हैं। बंगा फिलहाल वर्ल्ड बैंक ग्रुप के अध्यक्ष हैं। बोर्ड के दूसरे सदस्यों में मार्को रुबियो (विदेश मंत्री), स्टीव विटकॉफ (विशेष राजदूत) समेत कई लीडर शामिल हैं। पीस बोर्ड के अलावा, हाई रिप्रेजेंटेटिव और एनसीएजी की मदद के लिए गाजा एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी बनाया जा रहा है। इसके शुरुआती सदस्यों में स्टीव विटकॉफ, जेरेड कुश्नर, तुर्किए के विदेश मंत्री हकान फिदान, अली अल-थावादी, जनरल हसन राशाद, टोनी ब्लेयर, मार्क रोवन, यूएई की मंत्री रीम अल-हाशिमी, बल्गेरियाई राजनेता निकोलाय म्लाडेनोव शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# मणिपुर के बिष्णुपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग खा खुनौ में एक प्रतिबंधित संगठन पीपल्स लिबरेशन आर्मी के एक सक्रिय सदस्य को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

चैरेल अहल्लुप में एक सदस्य को गिरफ्तार किया गया। वहीं, कांगपोकपी जिले में सैकुल पुलिस स्टेशन के तहत विभिन्न स्थानों पर 12 जनवरी से 17 जनवरी तक चले एक हफ्ते के अभियान के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने 306 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। (अनंत ज्ञान)

# भागवत बोले- धर्म ही मुझे और मोदी को चला रहा, धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक

## कहा- जब तक धर्म भारत का मार्गदर्शन करेगा, देश विश्वगुरु बना रहेगा

**एजेंसी, मुंबई**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) चीफ मोहन भागवत ने कहा कि धर्म ही मुझे और नरेंद्र मोदी को धर्म ही चला रहा है। उन्होंने कहा कि धर्म पूरे ब्रह्मांड का चालक है। जब सृष्टि अस्तित्व में आई, तो उसके कामकाज को कंट्रोल करने वाले नियम धर्म बन गए। सब कुछ उसी सिद्धांत पर चलता है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत को अपने संतों और ऋषियों से मार्गदर्शन मिलता रहा है। जब तक ऐसा धर्म भारत को चलाएगा, वह विश्वगुरु बना रहेगा। यह बात रविवार को छत्रपति संभाजीनगर में आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने कहा कि सृष्टि बनने के बाद उसके संचालन के नियम ही धर्म बने और सब कुछ उन्हीं नियमों पर चलता है। दुनिया में आध्यात्मिकता की कमी है, इसलिए ऐसा ज्ञान वहां नहीं मिलता।

धर्म सिर्फ पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है। प्रकृति की हर चीज का अपना कर्तव्य और अनुशासन होता है। कोई राज्य धर्मनिरपेक्ष हो सकता है, लेकिन कोई व्यक्ति या रचना धर्म के बिना नहीं हो सकती। (अनंत ज्ञान)

# बडगाम में गोला-बारूद के साथ तीन लोग किए गिरफ्तार

**एजेंसी, बडगाम**

◆ 45 राउंड कारतूस और 45 राउंड गोला बारूद मिला

**सुरक्षाबलों** ने बडगाम जिले के मौचवा इलाके में बडगाम पुलिस और 53 राष्ट्रीय राइफल्स ने शनिवार देर रात चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार करके उनके पास से गोला-बारूद बरामद किया है।

पुलिस ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तार व्यक्तियों के पास से कुल 45 राउंड कारतूस और 45 राउंड गोला बारूद बरामद किया गया।

बरामदगी के संबंध में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम की धारा 18 और 23 और शस्त्र अधिनियम की धारा 7 और 25 के तहत पुलिस स्टेशन चदूरा में एफआईआर (संख्या 08/2026) दर्ज की गई है। गोला-बारूद के स्रोत और किसी भी संभावित संबंध का पता लगाने के लिए मामले की आगे की जांच जारी है।

अधिकारियों ने कहा कि यह ऑपरेशन क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मौनी अमावस्या पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी

**एजेंसी, प्रयागराज।** प्रयागराज में जारी माघ मेले में रविवार को मौनी अमावस्या पर दोपहर 12 बजे तक 3.15 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इस बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं और साधु संतों पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। मेला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कल रात 12 बजे से ही स्नान करने के लिए लोगों का गंगा और संगम क्षेत्र में आना जारी है।

इससे पूर्व, मकर संक्रांति के अवसर पर 1.03 करोड़ जबकि एकादशी पर लगभग 85 लाख लोगों ने गंगा और संगम में स्नान किया था। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि माघ मेला 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सात सेक्टरों में लगाया गया है। मेला क्षेत्र में 25,000 से अधिक शौचालय बनाए गए हैं और 3500 से अधिक सफाईकर्मी तैनात हैं। पुलिस अधीक्षक



(माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। (अनंत ज्ञान)

# डेनमार्क और ग्रीनलैंड में ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शन

**एजेंसी, कोपेनहेगन**




**अमेरिका** की ग्रीनलैंड पर हर हाल में नियंत्रण करने की धमकी के बाद बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं। डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन और ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक में लोग सड़कों पर उतर आए। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स फ्रेडरिक नीलसन भी शनिवार को नुउक से अमेरिकी दूतावास तक किए गए प्रदर्शन में शामिल हुए।

कोपेनहेगन में अमेरिकी दूतावास के सामने भी हजारों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार, डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तनाव पैदा कर दिया है। ग्रीनलैंड की राजधानी नुउक में कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों लोगों ने 'ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है' के नारों के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच डेमोक्रेटिक सीनेटर क्रिस कून्स और रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस के नेतृत्व में एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल ने कोपेनहेगन का दौरा किया। उन्होंने डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं को आश्वासन दिया कि ट्रंप का बयान अमेरिकी जनता की राय नहीं हैं और कांग्रेस संप्रभुता के सिद्धांतों का सम्मान करती है। ग्रीनलैंड पर डेनमार्क और यूरोपीय देशों के विरोध के जवाब में ट्रंप ने कड़े आर्थिक कदम उठाने की घोषणा की है। यूरोपीय नेताओं ने ट्रंप की टैरिफ धमकी पर प्रतिक्रिया दी है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक्स पोस्ट पर कहा कि फ्रांस यूरोपीय देशों की संप्रभुता और स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है। इसी आधार पर फ्रांस ने डेनमार्क का समर्थन किया है। मैक्रों ने कहा कि टैरिफ की धमकी अस्वीकार्य है। अगर टैरिफ लगाया गया तो सामूहिक जवाब दिया जाएगा। डेनमार्क के विदेशमंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा कि यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाने की ट्रंप की धमकी से वह हैरान हैं। ग्रीनलैंड में अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाना आर्कटिक की रक्षा करना है। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश में केले के विवाद में हिंदू व्यवसायी की हत्या, तीन आरोपी हिरासत में लिए

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** के गाजीपुर में केले को लेकर हुए विवाद के बाद एक हिंदू व्यवसायी को तीन लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी है। खबरों के मुताबिक आरोपी एक ही परिवार के सदस्य हैं। अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है कि गाजीपुर जिले के कालीगंज इलाके में शनिवार को हुई घटना का संबंध बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हाल ही में हुई हिंसा की घटनाओं से है या नहीं।

'द डेली स्टार' की खबर के अनुसार, पीड़ित की पहचान लिटन चंद्र घोष (55) के तौर पर हुई है जो 'बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल' का मालिक था। कालीगंज पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी जाकिर हुसैन के अनुसार, एक परिवार के तीन सदस्यों स्वपन मियां (55), उसकी पत्नी माजेदा खातून (45) और उनके बेटे मासूम मियां (28) को हत्या में संलिप्त होने के आरोपा में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मासूम केले के बागान का मालिक है और उसमें से केले का एक गुच्छा गायब हो गया था। पुलिस ने बताया कि तलाश के दौरान उसने केले लिटन के होटल में देखे और इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस शुरू हो गई। पुलिस ने बताया, 'आरोपी ने लिटन को घूंसे और लात मारकर गिरा दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।' लिटन के परिवार ने बताया कि मासूम पूर्वाह्न करीब 11 बजे होटल आया था और उसका होटल के एक कर्मचारी से मामूली बात पर झगड़ा हो गया। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका का सीरिया में हमला, अल-कायदा कमांडर ढेर

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** की ओर से सीरिया में किए गए जवाबी हमलों के तीसरे दौर में अल-कायदा से जुड़े एक नेता की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार, इस नेता का उस इस्लामिक स्टेट (आईएस) सदस्य से सीधा संबंध था जो पिछले महीने सीरिया में घात लगाकर किए गए हमले का जिम्मेदार था।

घात लगाकर किए गए इस हमले में अमेरिका के दो सैनिकों और एक दुभाषिए की मौत हो गई थी। 'यूएस सेंट्रल कमांड' (सेंटकॉम) ने बताया कि शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी सीरिया में किए गए हमले में बिलाल हसन अल-जासिम मारा गया। उसका दावा है कि वह 'एक शीर्ष आतंकवादी नेता था, जो हमलों की साजिश रचता था और 13 दिसंबर को हुए उस हमले से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था', जिसमें सार्जेंट एडगर ब्रायन टोरेस-टोवार, सार्जेंट विलियम नथानियल हॉवर्ड और अमेरिकी असैन्य दुभाषिया अयाद मंसूर सकात मारे गए थे। अमेरिकी कमांड के कमांडर एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि तीन अमेरिकियों की मौत से जुड़े एक आतंकवादी के सफाए से यह स्पष्ट होता है कि हमारे बलों पर हमला करने वालों का पीछा करने के प्रति हमारा संकल्प अडिग है। जो लोग अमेरिकी नागरिकों और हमारे सैनिकों पर हमले करते हैं, उसकी योजना बनाते हैं या हमले करने के लिए प्रेरित करते हैं, उनके लिए कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है। हम आपको खोज निकालेंगे। (अनंत ज्ञान)

# मुंबई एयरपोर्ट पर सरोगेसी रैकेट का भंडाफोड़ बैंकॉक से लौट रहीं दो महिलाएं पकड़ीं

**एजेंसी, मुंबई**

**मुंबई** के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने अवैध सरोगेसी और एग डोनेशन से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय रैकेट का भंडाफोड़ किया है। बैंकॉक से मुंबई पहुंची दो महिला यात्रियों की संदिग्ध गतिविधियों ने अधिकारियों का ध्यान खींचा, जिसके बाद यह पूरा मामला सामने आया।

16 जनवरी को बैंकॉक से इंडिगो की फ्लाइट 6E-1052 से मुंबई पहुंची दो महिलाओं से इमिग्रेशन काउंटर पर रूटीन पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान दोनों महिलाएं अपनी विदेश यात्रा के मकसद को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाईं। शक गहराने पर उन्हें आगे की पूछताछ के लिए रोका गया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया गया. पुलिस ने मामले में तीन महिलाओं के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि तीसरी आरोपी फरार है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनोती सुशील बेलील (44) और सीमा विन्हज़रात (29) के रूप में हुई है. वहीं संगीता नीलेश बागुल की तलाश जारी है. मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच आगे मुंबई क्राइम ब्रांच को सौंप दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### आईएसपीएल ने श्रीनगर फ्रेंचाइजी के सह स्वामित्व के लिए बोलियां की आमंत्रित

**एजेंसी, मुंबई।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (आईएसपीएल) ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी श्रीनगर के वीर के सह-स्वामित्व के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। श्रीनगर के वीर फ्रेंचाइजी का टूर्नामेंट में अभी तक अच्छा प्रदर्शन रहा है। वह पहले सत्र में सेमीफाइनल में पहुंची थी, जबकि दूसरे सत्र में उपविजेता रही थी। इस लीग का संचालन एक कोर कमेटी करती है जिसमें सचिन तेंदुलकर, आशीष शेलार, मिनल अमोल काले, सूरज सामत आदि शामिल हैं। इस लीग में अमिताभ बच्चन (माझी मुंबई), सलमान खान (दिल्ली सुपरहीरोज), अजय देवगन (अहमदाबाद लायंस), सौरव गांगुली, सैफ अली खान और करीना कपूर खान (टाइगर्स ऑफ कोलकाता), ऋतिक रोशन (बेंगलुरु स्ट्राइकर्स), सूर्या (चेन्नई सिंगम्स) और राम चरण (फाल्कन राइजर्स हैदराबाद) सहित कई मशहूर हस्तियां भी फ्रेंचाइजी के सह-मालिक हैं। श्रीनगर के वीर फ्रेंचाइजी के सह स्वामित्व के लिए बोलियां 31 जनवरी को बंद हो जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

### माउटेट ने अंडर आर्म सर्विस करके लोगों का खींचा ध्यान

**एजेंसी, मेलबर्न।** कोरेंटिन माउटेट ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दिन रविवार को यहां मैच प्वाइंट पर अंडरआर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। किआ एरिना में मौजूद दर्शकों ने उनकी हूटिंग भी की, लेकिन 32वीं वरीयता प्राप्त माउटेट विचलित नहीं हुए। फ्रांस के इस खिलाड़ी ने बाद में कहा कि उन्होंने ट्रिस्टन स्कूलकेट पर 6-4, 7-6 (1), 6-3 की जीत हासिल करने के लिए जो करना था, वह किया। उन्होंने कहा कि सर्विस करने का उनका यह तरीका योजनाबद्ध होने के बजाय सहज प्रवृत्ति पर आधारित था। माउटेट ने कहा, ''मैंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि मुझे लगा कि इससे मैं अंक हासिल कर सकता हूं और आखिर में मैं अंक हासिल करने में भी सफल रहा। निश्चित तौर पर मेरा किसी का अपमान करने का कोई इरादा नहीं है।'' अंडरआर्म (जिसे अंडरहैंड सर्व भी कहा जाता है) सर्विस नियमों के अनुकूल, लेकिन पुरुष टेनिस के शीर्ष स्तर पर विशेषकर मैच प्वाइंट पर इसका इस्तेमाल बहुत कम देखने को मिला है। (अनंत ज्ञान)

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में क्रिकेट मैचों के लिए सशर्त अनुमति

**एजेंसी, बेंगलुरु।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में क्रिकेट मैच आयोजित करने की अनुमति केवल सशर्त आधार पर दी गई है, जो निर्धारित सुरक्षा मानदंडों के सख्त अनुपालन पर निर्भर है। परमेश्वर ने यहां पत्रकारों से कहा कि स्टेडियम की स्थिति की जांच करने के लिए न्यायमूर्ति जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा समिति की सिफारिशों के आधार पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। उन्होंने कहा, ''समिति ने विस्तृत निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट पेश की। उस रिपोर्ट के आधार पर कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को मैच आयोजित करने की अनुमति दी गई है।'' परमेश्वर ने कहा कि केएससीए पर कई विशिष्ट शर्तें लगाई गई हैं और किसी भी मैच से पहले स्टेडियम का निरीक्षण किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### आर्यना सबालेंका का खूबसूरत अंदाज

**बेलारूस।** आर्यना सबालेंका एक बेलारूस पेशेवर टेनिस खिलाड़ी है, जिसे वर्तमान में महिला टेनिस संघ द्वारा महिला एकल में दुनिया की नंबर 1 रैंकिंग दी गई है। वह महिला युगल में पूर्व विश्व नंबर 1 भी हैं। 2024 में उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन एकल खिताब जीते।



#### चार मैचों में अजेय बेंगलुरु की निगाहें जीत की हैट्रिक पर, मंधाना की फॉर्म से बढ़ा दबदबा

# बेंगलुरु की रफ्तार पर ब्रेक लगाने उतरेगा गुजरात

**एजेंसी, वडोदरा**



अब तक अपने चारों मैच जीत कर उत्साह से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम गुजरात जायंट्स के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए मैदान पर उतरेगी।

कप्तान स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसकी टीम को हराना आसान नहीं होगा। दूसरी तरफ गुजरात जायंट्स ने पहले दो मैच जीत कर इस सत्र की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगले दो मैच में हार गई और अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गई। आरसीबी के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि कप्तान मंधाना ने फॉर्म में वापसी की है। उन्होंने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आठ विकेट से मिली शानदार जीत में 96 रन की मैच विजेता पारी खेली।

सलामी बल्लेबाज ग्रेस हैरिस ने भी अच्छी शुरुआत की है, लेकिन वह उन्हें बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहीं हैं। पिछले मैच में जॉर्जिया वोल ने भी नाबाद 54 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया। आरसीबी के पास ऋचा घोष, नादिन डी क्लर्क, गौतमी नायक और राधा यादव जैसी आक्रामक बल्लेबाज भी हैं जिससे बल्लेबाजी उसका सबसे मजबूत पक्ष बन गया है।

आरसीबी की गेंदबाजी इकाई भी काफी मजबूत है, जिसमें लॉरेन बेल और सायली सतघरे जैसी गेंदबाज शुरुआती ओवरों में जिम्मेदारी संभालती हैं, जबकि श्रेयांका पाटिल, प्रेमा रावत और राधा यादव जैसे स्पिनरों ने भी अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ पिछला मैच जीता था और इससे भी उसकी टीम को आत्मविश्वास मिलेगा।

ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एशले गार्डनर की अगुवाई वाली गुजरात जायंट्स की टीम में बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, कनिका आहूजा, गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहम और भारती फुलमाली जैसी अच्छी बल्लेबाज शामिल हैं, लेकिन इन सभी को मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। गुजरात जायंट्स की गेंदबाजी की कमान रेणुका सिंह संभाल रही हैं, जो टूर्नामेंट में अब तक प्रभावित करने में विफल रही हैं। डिवाइन ने अभी तक बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उन्हें अन्य खिलाड़ियों से सहयोग की जरूरत है। (अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**गुजरात जायंट्स:** एशले गार्डनर (कप्तान), बेथ मूनी, सोफी डिवाइन, रेणुका सिंह ठाकुर, भारती फुलमाली, टिटास साधु, काशी गौतम, कनिका आहूजा, तनुजा कंवर, जॉर्जिया वेयरहम, अनुष्का शर्मा, हैप्पी कुमारी, किम गार्थ, यास्तिका भाटिया, शिवानी सिंह, डैनी व्याट-हॉज, राजेश्वरी गायकवाड़ और आयुषी सोनी।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), ऋचा घोष, श्रेयांका पाटिल, जॉर्जिया वोल, नादिन डी क्लर्क, राधा यादव, लॉरेन बेल, लिन्से स्मिथ, प्रेमा रावत, अरुंधति रेड्डी, पूजा वस्त्राकर, ग्रेस हैरिस, गौतमी नायक, प्रथ्योषा कुमार, डी. हेमलता और सयाली सतघरे।

# टाटा स्टील मास्टर्स : एरिगैसी ने प्रज्ञाननंदा को हराया

**एजेंसी, विज्क आन जी (नीदरलैंड)**

शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रज्ञाननंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश ने पहले दौर में उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला।



◆ गुकेश ने सिंदारोव से ड्रॉ खेला

पर्यावरण कार्यकर्ताओं के विरोध के कारण खेल समय पर शुरू नहीं हो पाया था लेकिन इसके बाद जब दुनिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक में खेल शुरू हुआ तो फिर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस प्रतियोगिता की पहली जीत अमेरिका के हैंस मोके नीमन ने हासिल की, जिन्होंने स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव हो हराया। जर्मन खिलाड़ी विन्सेंट कीमर दिन के दूसरे विजेता रहे। उन्होंने नीदरलैंड के स्टार खिलाड़ी अनीश गिरी को पराजित किया।

पहले दौर के बाद एरिगैसी, कीमर और नीमन एक-एक अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं, जबकि गुकेश और सात अन्य खिलाड़ी उनसे आधा अंक पीछे हैं। अपने मित्र प्रज्ञाननंदा के खिलाफ एरिगैसी ने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया। प्रज्ञाननंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी जिससे उनका राजा बीच में फंस गया जिसका एरिगैसी ने पूरा फायदा उठाया और केवल 32 चाल में मुकाबला जीत लिया।

गुकेश भी जीत के करीब पहुंच गए थे, लेकिन सफेद मोहरों से खेल रहे सिंदारोव के खिलाफ अपनी मजबूत स्थिति को जीत में तब्दील नहीं कर सके। यह दिन का सबसे लंबा मुकाबला था जो 78 चाल में ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने भी जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम के खिलाफ ड्रॉ के साथ शुरुआत की। अन्य मुकाबलों में तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमस ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकुबोएव के साथ जबकि नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट ने चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन के साथ ड्रॉ खेला। (अनंत ज्ञान)

# विराट कोहली ने 91 गेंदों में लगाया शतक

**एजेंसी, इंदौर**



भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा और आखिरी वनडे मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में गिल ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इसके बाद न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स की शतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 8 विकेट पर 337 रन बनाए ओर भारत को जीत के लिए 338 का टारगेट दिया।

जवाब में टीम इंडिया ने 41 ओवर में 6 विकेट पर 240 रन बना लिए थे। विराट कोहली ने 51 बॉल पर फिफ्टी लगाई। उन्होंने वनडे करियर का 78वां अर्द्धशतक लगाया। उसके बाद कोहली ने 91 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। रवींद्र जडेजा (12 रन) को जैडन लेनोक्स ने विल यंग के हाथों कैच कराया। नीतीश कुमार रेड्डी 53, केएल राहुल 1, श्रेयस अय्यर 3, कप्तान शुभमन गिल 23 और रोहित शर्मा 11 रन बनाकर आउट हुए। इंदौर के होलकर स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 8 विकेट खोकर 337 रन बनाए। डेरिल मिचेल ने 137 और ग्लेन फिलिप्स ने 106 रन की पारियां खेलीं। दोनों ने 219 रन की साझेदारी की। भारत से अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा ने3-3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। समाचार लिखे जाने तक विराट कोहली और हर्षित राणा क्रीज पर टिके हुए थे। कोहली (103) रन और हर्षित राणा (29) रन बनाकर खेल रहे थे। (अनंत ज्ञान)

# वानखेड़े में 'घर वापसी' को लेकर भावुक नेत्रवलकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुंबई में जन्मे अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर सात फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच खेलने को लेकर भावुक हैं। यह वही मैदान है जहां से उनके क्रिकेट करियर की शुरुआत हुई थी।



◆ मुंबई से अमेरिका तक का सफर पूरा होने को तैयार

नेत्रवलकर ने मुंबई के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला और 2010 अंडर-19 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया, लेकिन सीनियर टीम में जगह नहीं मिलने के बाद उन्होंने 2015 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका जाने का फैसला किया। उन्होंने प्रतिष्ठित कॉर्नेल विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में मास्टर डिग्री हासिल की और बाद में अमेरिकी नागरिकता लेकर वहां की राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बने।

34 वर्षीय नेत्रवलकर ने कहा कि वानखेड़े में दोबारा खेलना उनके लिए समय का चक्र पूरा होने जैसा होगा। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि दोबारा क्रिकेट खेलूंगा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट तो दूर की बात थी। यह मेरे लिए दूसरी पारी जैसी है।' परिवार और दोस्तों के सामने खेलने को लेकर उन्होंने कहा कि वानखेड़े में खेलना हर मुंबई के क्रिकेटर का सपना होता है। उन्होंने अंडर-15 स्तर से वहीं अभ्यास किया है। गेंदबाजी रणनीति पर बात करते हुए नेत्रवलकर ने कहा कि नई गेंद से स्विंग और डेथ ओवरों में यॉर्कर के साथ धीमी गेंदें निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई मैराथन में इथियोपियाई धावकों अबाते और येशी ने जीते खिताब

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई मैराथन-2026 में इथियोपियाई धावकों ने फिर से पुरुष और महिला दोनों एलीट खिताब अपने नाम किए। पुरुष वर्ग में ताडु अबाते देमे ने 2:09:55 के समय से जीत दर्ज की, जबकि महिला वर्ग में येशी कलायू चेकोले ने 2:25:13 में खिताब जीता। पुरुष एलीट में कीनिया के लियोनार्ड लंगाट और इरिट्रिया के मेरहावी वेल्डेमारियम क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में इथियोपियाई खिलाड़ियों ने क्लीन स्वीप किया। भारतीय पुरुषों में कार्तिक करकेरा ने 2:19:55 के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि संजीवनी जाधव ने महिलाओं में 2:49:02 के समय के साथ जीत दर्ज की। इस साल मैराथन नए रूट पर हुई, जिसमें मुंबई कोस्टल रोड और बांद्रा-वर्ली सी लिंक शामिल थे। धावकों ने चुनौतीपूर्ण ढलान और चढ़ाई के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

# बीडब्ल्यूएफ इंडोनेशिया मास्टर्स में 'टाइम क्लॉक' नियम का ट्रायल रखेगा जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) अगले सप्ताह इंडोनेशिया मास्टर्स में 25 सेकेंड 'टाइम क्लॉक' नियम का ट्रायल जारी रखेगा। इस पहल का उद्देश्य अंकों के बीच रणनीतिक देरी पर अंकुश लगाना और मैच की लय को मानकीकृत करना है, हालांकि इस पर खिलाड़ियों और कोचों की राय बंटी हुई है।

◆ रणनीतिक देरी रोकने की कोशिश, खिलाड़ियों और कोचों में सहमति नहीं

नियम के तहत अंपायर द्वारा स्कोर अपडेट करते ही टाइम क्लॉक शुरू हो जाती है और सर्व करने वाले खिलाड़ी व रिसीवर दोनों को 25 सेकेंड के भीतर खेलने के लिए तैयार रहना होता है। तय समय में खिलाड़ी तौलिया इस्तेमाल कर सकते हैं या पानी पी सकते हैं, जबकि असाधारण परिस्थितियों में अंपायर को अतिरिक्त समय देने का अधिकार होगा।

चीन की विश्व नंबर दो खिलाड़ी वांग जी यी ने इस कदम का समर्थन करते हुए कहा कि नियम समान रूप से लागू होने पर खिलाड़ी इसके अनुरूप ढल जाएंगे और इससे अनावश्यक देरी रुकेगी। वहीं डेनमार्क के माथियास क्रिस्टियनसेन ने संदेह जताते हुए कहा कि अगर अंपायर मैच को सुचारु ढंग से संचालित करें तो घड़ी की जरूरत नहीं है।

टोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन यू फी ने लंबी और थकाऊ रैलियों के बाद 25 सेकेंड को चुनौतीपूर्ण बताया। दूसरी ओर, कोरियाई कोच ह्यूनिल ली ने इसे जरूरत से ज्यादा समय करार दिया।

पूर्व भारतीय युगल खिलाड़ी बी सुमीत रेड्डी ने नियमों के मानकीकरण का समर्थन किया, लेकिन कहा कि व्यावहारिक पहलुओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। बीडब्ल्यूएफ के अनुसार, मैच विश्लेषण से पता चला है कि अंकों के बीच औसत समय 22 सेकेंड रहता है, जिससे 25 सेकेंड को संतुलित समाधान माना गया है। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड के पाक मूल के खिलाड़ियों को मिला वीजा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भाग लेने वाले पाकिस्तान मूल के सभी 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा संबंधी औपचारिकताओं को सुविधाजनक बनाने के लिए कदम उठाया है। इंग्लैंड की टीम में पाकिस्तानी मूल के क्रिकेटरों में स्पिनर आदिल राशिद, रेहान अहमद और तेज गेंदबाज साकिब महमूद शामिल हैं।

अमेरिका की टीम में अली खान और शायन जहांगीर तथा नीदरलैंड की टीम में जुल्फिकार साकिब जैसे पाकिस्तानी मूल के कुछ खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ियों राशिद, रेहान और साकिब के वीजा आवेदन पहले ही मंजूर किए जा चुके हैं। नीदरलैंड की टीम के सदस्यों और कनाडा के सहयोगी स्टाफ के सदस्य शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल चुका है।

संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका, इटली, बांग्लादेश और कनाडा की टीम में शामिल पाकिस्तानी राष्ट्रीयता या पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए वीजा उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। इन टीमों के लिए वीजा उपलब्ध कराने के लिए जरूरी कार्यवाही के लिए अगले सप्ताह की तिथि नियत कर दी गई है जिससे संकेत मिलता है कि प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्रतिभागियों के लिए वीजा जारी करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी है।

◆ अन्य खिलाड़ियों को भी जल्द मिलेगी मंजूरी

सहयोगी और पूर्ण सदस्य देशों में पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व को देखते हुए इस प्रक्रिया में तेजी को एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। आईसीसी की इस प्रक्रिया में कई टीमों के क्रिकेटर, अधिकारी और स्टैंडबाय खिलाड़ी शामिल हैं, जिससे पता चलता है कि विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था अंतिम समय में होने वाली किसी तरह की जटिलता से बचना चाहती है।

आईसीसी इसके लिए विभिन्न देशों के कई शहरों में स्थित भारतीय उच्चायोगों के साथ लगातार संपर्क में है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी खिलाड़ियों और अधिकारियों के वीजा आवेदनों को बिना किसी अड़चन के निपटाया जाए। आईसीसी को आश्वासन मिला है कि लंबित मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सुचारु रूप से निपटाया जाएगा।

टी20 विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा और आईसीसी को विश्वास है कि तब तक सभी तरह की प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाएंगी। पाकिस्तान मूल के भारतीय वीजा आवेदकों की गहन जांच की जा रही है और इसलिए प्रक्रिया में सामान्य से अधिक समय लग रहा है। (अनंत ज्ञान)

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : ज्वेरेव की संघर्षपूर्ण जीत

**एजेंसी, मेलबर्न**



तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां गैब्रियल डियालो को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। पिछले साल के उपविजेता ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी डियालो के खिलाफ अच्छी शुरुआत नहीं की, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अनुभव और दमदार सर्विस के दम पर वापसी करते हुए 6-7 (7), 6-1, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की। वह लगातार दसवें साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे हैं।

ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा, ''सच कहूं तो जब मैंने ड्रॉ देखा तो मैं बिल्कुल भी खुश नहीं था। पहले सेट में मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मैं सोच रहा था कि इससे बुरा तो कुछ भी नहीं हो सकता। इसके बाद मैंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। डियालो युवा है, बहुत प्रतिभाशाली है और अविश्वसनीय रूप से आक्रामक है।'' महिला वर्ग में सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले दौर में अलीअक्सांद्रा सास्नोविच को 6-1, 6-2 से हराया। इटली की इस खिलाड़ी को यह मैच जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहला सेट केवल 27 मिनट में जीत लिया था और इसके बाद भी अपनी लय बरकरार रखी। इटली के विश्व रैंकिंग में 20वें नंबर पर काबिज फ्लेवियो कोबोली टूर्नामेंट से बाहर होने वाले पहले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ी बन गए। उन्हें ब्रिटिश क्वालीफायर आर्थर फेरी ने 7-6 (7), 6-4, 6-1 से हराया। इसके अलावा 18वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने झांग झिझेन को 6-3, 7-6 (0), 6-3 से और 32वीं वरीयता प्राप्त कोरेंटिन माउटेट ने ट्रिस्टन स्कूलकेट को 6-4, 7-6 (1), 6-3 से पराजित किया। महिला वर्ग में नंबर 12 एलिना स्वितोलिना ने क्रिस्टीना बुक्सा को 6-4, 6-1 से हराया जबकि मारिया सकारी ने लियोलिया जीनजीन पर 6-4, 6-2 से जीत हासिल की।

◆ जैस्मीन पाओलिनी और स्वितोलिना भी आगे बढ़ीं

विंबलडन की पूर्व चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा ने पहले दौर के मैच से पूर्व कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया। इससे क्वालीफाइंग राउंड में खेल चुकी टेलर टाउनसेंड को मुख्य ड्रॉ में जगह मिल गई, जहां उनका सामना हैली बैपटिस्ट से हुआ। (अनंत ज्ञान)

**क्रिकेट** कमलिनी, वैष्णवी पहली बार वनडे टीम में, श्रेयांका, फुलमाली की टी20 टीम में वापसी

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत की टी20 और वनडे टीमों का ऐलान कर दिया है। इस दौरे में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन टी20 और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। टीम की कमान एक बार फिर अनुभवी कप्तान हरमनप्रीत कौर को सौंपी गई है।

इस बार की सबसे बड़ी खबर यह है कि श्रेयंका पाटिल और भारती फुलमाली की टी20 टीम में वापसी हुई है। भारती फुलमाली ने डब्ल्यूपीएल 2026 में शानदार बल्लेबाजी की, जिसकी वजह से उन्हें दोबारा मौका मिला।

उन्होंने गुजरात जायंट्स के लिए चार पारियों में 92 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 191.66 रहा, जो बेहद प्रभावशाली है। पिछले सीजन में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। लंबे समय और करीब 7 साल के अंतराल के बाद, उनकी भारतीय टी20 टीम में वापसी हुई है। वहीं, ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल भी चोट से उबरकर टीम में लौटी हैं। वह फिलहाल आरसीबी की ओर से खेल रही हैं और डब्ल्यूपीएल 2026 में उन्होंने एक मैच में 5 विकेट लेकर सभी का ध्यान खींचा। आखिरी बार उन्होंने भारत के लिए 2024 टी20 वर्ल्ड कप में खेला था। अब वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फिर से भारत की जर्सी पहनने के लिए तैयार हैं। चयनकर्ताओं ने दोनों फॉर्मेट की टीमों में कुछ बदलाव भी किए हैं। वैष्णवी शर्मा, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था, उन्हें पहली बार वनडे टीम में जगह मिली है। साथ ही, युवा विकेटकीपर जी कमलिनी को भी वनडे टीम में मौका दिया गया है।

काश्वी गौतम भी वनडे टीम का हिस्सा बनी हैं। हालांकि, इस चयन में कुछ बड़े नामों को बाहर रखा गया है। हरलीन देओल को टी20 टीम से हटा दिया गया है, जबकि अनुभवी स्पिनर राधा यादव दोनों फॉर्मेट से बाहर हैं।

भारत की टी20 टीम में स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, दीप्ति शर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं, वनडे टीम भी लगभग मजबूत है और नए खिलाड़ियों के साथ संतुलित नजर आ रही है। यह दौरा भारत के लिए अहम होगा, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की धरती पर जीत हासिल करना हमेशा बड़ी चुनौती होती है। (अनंत ज्ञान)

**टी20 टीम**

**हरमनप्रीत** कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, श्रेयंका पाटिल।

**वनडे टीम**

**हरमनप्रीत** कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), काशवी गौतम, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल